2 **फरीदाबाद**
क्राइम ब्रांच टीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर शव का कराया संस्कार

6 **अभिमत**
खुदरा क्षेत्र में शत प्रतिशत एफडीआई

9 **देश-विदेश**
महिला आरक्षण विधेयक के लिए कांग्रेस की सरकारों ने कई प्रयास किए: चौधरी

11 **फीचर**
कैसे बढ़ेगी दुनिया? आज भी स्कूली शिक्षा से वंचित हैं

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 222
फरीदाबाद, बुधवार, 20 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारतीय हॉकी टीम का मुख्य लक्ष्य है पदक हासिल करना
पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 33.00°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### ऑपरेशन स्माइल के तहत 568 लापता लोगों को बरामद किया



**देहरादून।** गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए इस माह शुरू किए गए ऑपरेशन स्माइल के तहत उत्तराखंड पुलिस ने पहले पखवाड़े में अब तक 568 लापता लोगों को बरामद किया है। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एक सितंबर से 15 सितंबर के बीच 568 गुमशुदाओं को बरामद किया गया है। विज्ञप्ति के मुताबिक, इनमें से उत्तराखंड में सात बालकों तथा 27 बालिकाओं समेत 530 लोगों के बारे में सूचनाएं पंजीकृत थीं जबकि बरामद किए गए अन्य 38 लोगों के बारे में जानकारी अपंजीकृत थी। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के निर्देश पर प्रदेश में गुमशुदा लोगों की तलाश के वास्ते दो माह के लिए आपरेशन स्माइल चलाया जा रहा है।

### अश्लील वीडियो को रेसलर ने बताया साजिश



**पानीपत।** हरियाणा की इंटरनेशनल रेसलर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुए अश्लील वीडियो का खंडन किया है। उन्होंने कहा- मेरा इस वीडियो से कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद मुझ पर गंदे कमेंट्स किए जा रहे हैं। मैं किसी बड़ी साजिश का शिकार हुई हूं। मैं और मेरा परिवार मेंटल ट्रॉमा से गुजर रहे हैं। वीडियो में दिख रहा लड़का रोहतक और लड़की हिमाचल प्रदेश की है। वे दोनों रिलेशनशिप में हैं। रेसलर ने लोगों से बिना सच्चाई जाने किसी भी नतीजे पर न पहुंचने की विनती की है। साथ ही लिखा है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। आखिर में सत्य की जीत और झूठ की हार हुई।

### कुरुक्षेत्र: मर्डर केस में बाप-बेटे को उम्रकैद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में कोर्ट ने हत्या के एक मामले में बाप-बेटे को उम्र कैद की कठोर सजा सुनाई है। महिला से गाली गलौज करने पर हुए विवाद में दोनों ने गोलियां चलाई और तलवार से हमला किया था। एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई थी।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

## नई संसद भवन में महिला आरक्षण विधेयक पर हुआ हंगामा

# दलित-पिछड़ी महिलाओं को हक नहीं मिलता : खड़गे

### सीतारमण ने राष्ट्रपति मुर्मू का दिया उदाहरण


**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे बोलने आए। उन्होंने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा करते हुए कहा- दलित और पिछड़ी जाति की महिलाओं को वो मौका नहीं मिलता, जो बाकी सब को मिलता है।

उनकी इस बात पर सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- देश की राष्ट्रपति कौन हैं? वे ट्राइबल समाज से आने वाली महिला हैं। जिस पार्टी के आप अध्यक्ष हैं, उसमें कई सालों तक एक महिला ही अध्यक्ष रही हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच काफी देर तक चले हंगामे के बाद भी खड़गे ने अपना भाषण जारी रखा। उन्होंने कहा- मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। यह बिल राज्यसभा में 2010 में पास हो चुका है। मैं कोशिश कर रहा था कि जो कानून बने, उसका लाभ गरीबों को, महिलाओं को मिले। मैं उनको प्रोत्साहित करने के लिए बोल रहा था, लेकिन वो बीच में बोलने लगे। आपके राज में फेडरल स्ट्रक्टर कमजोर हो रहा है। दोनों पक्षों को शांत करने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- आज ऐतिहासिक दिन है। इसको हंगामे की भेंट न चढ़ाएं। यह मुद्दा बहुत जरूरी है, कई प्रयास हुआ, लेकिन यह बिल पास नहीं हो सका।



### संसद के पुराने भवन में पीएम सहित कई सांसदों ने फोटो खिंचवाए



**संसद** की 96 साल पुरानी इमारत में कार्यवाही का मंगलवार आखिरी दिन था। आजादी और संविधान को अपनाने की गवाह इस इमारत को विदाई देने पक्ष-विपक्ष के तमाम सांसद पहुंचे। प्रधानमंत्री ने सबके साथ फोटो खिंचवाई। इसके बाद तमाम सांसद सेंट्रल हॉल पहुंचे। सेंट्रल हॉल में अपने अनुभव साझा करते समय कुछ सांसद भावुक हुए, तो किसी ने इसे गौरव का पल कहा।

### बिल के पास होने के बाद लोकसभा में 181 महिला सांसद होंगी



**कानून** मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।

इससे पहले पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि हम सब के लिए आज का दिन यादगार है। हमें तय समय सीमा में लक्ष्यों को हासिल करना है क्योंकि देश जैसा मैंने पहले भी कहा था, ज्यादा प्रतीक्षा नहीं कर सकता। राज्यसभा में हमारे पास संख्या कम थी, लेकिन विश्वास था कि राज्यसभा दलगत सोच से ऊपर उठकर देश हित में अपने फैसले जरूर लेगी। उदार सोच की वजह से आज आपके सहयोग से हम कई ऐसे कठिन फैसले कर पाए और राज्यसभा की गरिमा को ऊपर उठाने का काम आगे बढ़ा। नया भवन अहम फैसले का साक्षी बन रहा है। लोकसभा में बिल पेश किया गया, वहां चर्चा के बाद यह बिल यहां भी आएगा। नारी सशक्तिकरण से जुड़ा यह बिल है। हमारा प्रयास रहा है कि राष्ट्र निर्माण में, अनेक सेक्टर हैं जिनमें महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। हमने सैनिक स्कूलों के दरवाजे बेटियों के लिए खोल दिए हैं। हम जितनी सुविधाएं देंगे, उतना ही हमारी बेटियां आगे बढ़ेंगीं। अटल जी ने कई प्रयास किया, लेकिन नंबर कम पड़ते थे। कुछ राजनीतिक विरोध भी था।



### संसद की पुरानी इमारत अब संविधान सदन

**पीएम** ने कहा, आज हम यहां से विदाई लेकर संसद के नए भवन में बैठने वाले हैं और ये बहुत शुभ है कि गणेश चतुर्थी के दिन वहां बैठ रहे हैं। आज नए संसद भवन में हम सब मिलकर, नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन को संविधान सदन के नाम से बुलाने का प्रस्ताव रखा। सेंट्रल हॉल में मौजूद सांसदों ने मेज थपथपाकर इसकी सहमति दी। मोदी ने कहा- पुराने सदन की गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। संविधान सदन से हमारी प्रेरणा बनी रहेगी।

### यह महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला विधेयक है : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला विधेयक है। सरकार ने संसद के निचले सदन, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करने से संबंधित ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पेश किया है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को महिलाओं की भलाई और कल्याण में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा, विधेयक के प्रावधानों को गौर से पढ़ने पर पता चलता है कि यह महिला बेवकूफ बनाओ विधेयक है।

## पंजाब के मुक्तसर में बस नहर में गिरी, आठ लोगों की मौत





### बस में करीब 35 सवारियां थीं, 11 लोग हुए घायल

**एजेंसी।** मुक्तसर

**पंजाब** के मुक्तसर जिले में मंगलवार दोपहर मुक्तसर-कोटकपूरा रोड पर सवारियों से भरी एक बस नहर में गिर गई। यह बस मुक्तसर से कोटकपूरा जा रही थी। बस के नहर के पुल पर लगे लोहे के एंगल से टकराने के बाद यह हादसा हुआ।

जिससे बस का आधा हिस्सा नहर में जबकि आधा ऊपर हवा में लटक गया। इस हादसे में अब तक आठ सवारियों की मौत हो चुकी है जबकि कई लोग लापता हैं। मृतकों में से पांच की पहचान हो चुकी है। ये मुक्तसर, फाजिल्का, फरीदकोट और बठिंडा के रहने वाले हैं। तीन लोगों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस को अभी तक 11 घायल मिले हैं। प्रशासन के मुताबिक बस में करीब 35 सवारियां थीं। अभी भी कई लोगों के नहर में बहने की आशंका जताई जा रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यहां बारिश हो रही थी। इस दौरान बस ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाया। जिससे बस बेकाबू हो गई और एंगल से टकराकर रेलिंग तोड़कर नहर में गिर गई। मुक्तसर की डीसी रूही दुग ने कहा कि आठ लोगों की मौत हुई है। जो 11 लोग घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की वजह बस की ओवरस्पीड है या फिर बारिश की वजह से वह फिसली, इसकी जांच की जा रही है।

### शिनाख्त के लिए बनाया कंट्रोल रूप

एनडीआरएफ की टीमें मोटरबोट के जरिए नहर में लोगों की तलाश कर रही हैं। बस में सवार सवारियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। लोगों को सूचना देने के लिए प्रशासन ने कंट्रोल रूम बनाया है। इसका नंबर 01633-262175 है।

## लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी उजैर खान मारा गया

**एजेंसी।** श्रीनगर



### दो आतंकियों के शव मिले, सात दिन से एनकाउंटर जारी

**कश्मीर** के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है।

एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए। कोकेरबाग के घने पहाड़ी जंगलों के बीच आतंकी 12 से 20 फीट गहरी गुफाओं में छिपे हुए थे, जिसके कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किल हो रही थी। हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से आतंकियों का ठिकाना खत्म किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है। एडीजीपी के मुताबिक, उजैर खान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था। अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए पैरा कमांडो और सुरक्षाबलों की 10 और कंपनियां मंगलवार को तैनात की गईं।

## कोर्ट ने मामन खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

### एसआईटी का आरोप जांच में कांग्रेस विधायक नहीं कर रहे सहयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**नूंह** हिंसा के मामले में गिरफ्तार हुए फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को सीजेएम जोगेंद्र सिंह की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। विधायक मामन अब नूंह जेल में बंद रहेंगे।

कोर्ट में दोनों पक्षों के बीच तकरीबन 20 मिनट बहस हुई, इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। नूंह हिंसा में दर्ज केसों की जांच कर रही पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का आरोप है कि कांग्रेस विधायक सहयोग नहीं कर रहे हैं। स्ढ्ढञ्ज के अधिकारियों का कहना है कि मामन खान ने अपने दर्ज बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है।

इससे जांच पूरी होने में दिक्कतें आ रही हैं। कोर्ट में शिकायत के बाद एसआईटी ने विधायक पर आईपीसी की धारा 180 (कानूनी रूप से आवश्यक होने पर एक लोक सेवक को दिए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

## सात हजार पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती पर एचएसएससी को कोर्ट से राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



### कोर्ट ने पर्सेन्टाइल फॉर्मूले को सही और त्रुटि रहित बताया


**हरियाणा** सात हजार पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती मामले में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के जस्टिस मौदगिल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आयोग के पर्सेन्टाइल फार्मूले को एकदम सही बताया है। साथ ही फार्मूले को त्रुटि रहित कहा है।

हाईकोर्ट ने कहा है कि पर्सेन्टाइल में कुछ भी नहीं जोड़ा गया है। सम-पर्सेंटाइल फॉर्मूला एक ही समय में समान अंकों की पूरी तरह से गणना करता है। हाईकोर्ट ने इससे जुड़ी याचिकाएं खारिज कर भर्ती का रास्ता साफ कर दिया है। हालांकि इस मामले में अभी हाईकोर्ट का विस्तृत फैसला आना बाकी है। इससे पहले इसी साल 14 मार्च को हाईकोर्ट ने कॉन्स्टेबलों को नियुक्ति-पत्र जारी करने पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने आयोग के तथ्य से भी सहमति जताई है, जिसमें बताए गए चयन के मानदंड में ज्ञान परीक्षण, लिखित परीक्षा को 80 प्रतिशत वेटेज दिया गया था। जबकि प्रत्येक को 10 प्रतिशत वेटेज सामाजिक के लिए निर्धारित किया गया था। आर्थिक स्थिति और अतिरिक्त योग्यता के लिए. इसी आधार पर उम्मीदवारों को शारीरिक स्क्रीनिंग टेस्ट के साथ-साथ शारीरिक माप परीक्षण में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था।

**विस्तृत खबर पेज-8 पर**

## सरकारी कर्मचारियों को चार बड़ी हेल्थ सर्विसेज में कैशलैस सुविधा मिलेगी

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। कर्मचारियों को पीपीपी मोड में चलने वाले जिला अस्पतालों में अब चार बड़ी हेल्थ सर्विसेज बिना कैश के ही मिल पाएंगी। इसके लिए हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से ऑर्डर जारी कर दिया गया है। विभाग द्वारा सभी सिविल सर्जनों को जारी ऑर्डर में लिखा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सेवा प्रदाताओं को जिला अस्पतालों में पीपीपी मोड (सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस और कैथ लैब) के तहत प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं के लिए हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए नगदी रहित सेवाएं प्रदान की जाएं।



## फतेहाबाद में कबड्डी खिलाड़ी ने की सुसाइड



**चंडीगढ़।** प्रदेश के फतेहाबाद स्थित रतिया क्षेत्र के एक कबड्डी प्लेयर ने अपने खेत में पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस मामले में खिलाड़ी के भाई की शिकायत पर पाबड़ा हिसार निवासी एक युवक व पंजाब के तलवंडी साबो निवासी एक युवती के खिलाफ आत्महत्या को मजबूर करने के आरोप में धारा 306, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिल्ली: वायु गुणवत्ता की निगरानी को स्कूलों में वैन तैनात होंगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** सरकार प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने और विभिन्न वायु गुणवत्ता मानकों की निगरानी के लिए अपने स्कूलों में वायु गुणवत्ता निगरानी वैन तैनात करने के लिए तैयार है।

दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय (डीओई) के एक परिपत्र के मुताबिक सभी सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को सचल वायु गुणवत्ता निगरानी वैन की पार्किंग के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। सरकार की इस पहल पर पर्यावरणविद भावरीन कंधारी ने कहा कि न केवल स्कूलों, बल्कि अस्पतालों, बस स्टॉप और सरकारी भवनों में भी वायु गुणवत्ता निगरानी वैन होनी चाहिए। कंधारी ने कहा, वॉरियर मॉम्स समूह ने 12 राज्यों और उनके संबंधित प्रदूषण बोर्ड को पत्र लिखकर सभी राज्य सरकारों द्वारा संचालित स्कूलों में एक्यूआई डिस्प्ले मॉनिटर स्थापित करने का आग्रह किया था।

## सरकार सोशल मीडिया इस्तेमाल की उम्र तय करे: कर्नाटक हाईकोर्ट

### जज ने कहा स्कूली बच्चों को लग रही लत

**एजेंसी।** बेंगलुरु



**कर्नाटक** हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सरकार सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र तय करे। ठीक वैसे ही जैसे शराब पीने के लिए उम्र तय है। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना अच्छी बात है, लेकिन आजकल स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की उम्र तय होना एक वरदान साबित होगी।

कोर्ट ने कहा कि 17 या 18 साल की उम्र के युवा सोशल मीडिया का खूब इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या उनमें फैसला लेने मैच्योरिटी है कि देश के हित में क्या है और क्या नहीं। न केवल सोशल मीडिया से बल्कि इंटरनेट से ऐसी चीजें हटाई जानी चाहिए, जो दिमाग को भ्रष्ट करती हैं। सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए। जस्टिस जी नरेंद्र और जस्टिस विजय कुमार ए पाटिल की बेंच ने ये बातें एक्स (जो पहले ट्विटर था) की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कही। जस्टिस जी नरेंद्र ने मौखिक रूप से कहा कि सरकार को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र सीमा तय करने पर विचार करना चाहिए। जब कोई यूजर रजिस्ट्रेशन करेगा तो उसे जरूरी जानकारियां देनी होंगी, जैसे ऑनलाइन गेमिंग के रजिस्ट्रेशन में देनी पड़ती हैं।

### संबंध बनाने के लिए पत्नी मना करे तो क्रूरता : कोर्ट



**दिल्ली** हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि शादी के बाद अपने पार्टनर को सेक्स के लिए इनकार करना क्रूरता है। सेक्स के बिना शादी अभिशाप है। शादी के बाद यौन संबंधों में लगातार निराशा से ज्यादा घातक और कुछ नहीं हो सकता। इस मामले में पत्नी के विरोध के चलते शादी का मकसद ही पूरा नहीं हुआ है। दरअसल, कपल की शादी साल 2004 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। इसके बाद महिला मुश्किल से 35 दिन अपने पति के साथ रही। महिला शादी के बाद भी पिछले 18 सालों से अपने मायके में रह रही है। पत्नी के ससुराल न लौटने पर पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दी, जिसके बाद कोर्ट ने तलाक का फैसला सुनाया था।

### चंद्रबाबू नायडू की जमानत पर 21 सितंबर को सुनवाई

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की जमानत याचिका पर मंगलवार को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद 21 सितंबर तक सुनवाई स्थगित कर दी। नायडू को 371 करोड़ रुपए के स्किल डेवलपमेंट स्कैम में 9 सितंबर को सीआईडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले 13 सितंबर को नायडू के वकीलों ने आंध्र हाई कोर्ट से सीआईडी की एफआईआर रद्द करने और अंतरिम जमानत की मांग की थी। इसे कोर्ट ने 19 सितंबर तक टाल दिया था।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं को लेकर मिले ग्रामीण



**फरीदाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेड़ीकलां की समस्याओं को लेकर खेड़ीकलां ग्रामवासियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी सामान्य अस्पताल फरीदाबाद डॉक्टर विनय गुप्ता से मिला।

प्रतिनिधि मंडल में सत्यपाल नरवत, धर्मवीर सिंह, चंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, कृष्ण पहलवान, बच्चू फौजी, रॉबिन नरवत शामिल थे। समस्याओं को लेकर प्रतिनिधी मंडल ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेड़ी कलां डॉक्टर हरजिंदर से भी मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अल्ट्रासाउंड मशीन, एक्सरा मशीन, वेंटीलेटर आदि का उद्घाटन किया था, लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी उनका उपयोग नहीं किया गया। जिस कमरे में रखा गया था, उसमें बारिश का पानी आ गया।

अस्पताल की मरम्मत के लिए उच्च अधिकारियों को कई बार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी खेड़ीकलां ने पत्र भी लिखा है। एक्सरा मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन व वेंटिलेटर को चलाने के लिए स्टाफ की मांग कर रखी है, लेकिन खेड़ीकलां में मरीजों को दवाई देने के लिए फार्मासिस्ट पिछले 10-12 साल से नहीं है।

## छात्रों के कौशल विकास के लिए वाईएमसीए व रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के बीच समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विद्यार्थियों** के व्यावहारिक कौशल और उद्योग-तत्परता को बढ़ावा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आईआईओटी एवं क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्र में समाधान एवं सेवा प्रदाता कंपनी रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। इस सहयोग का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक परियोजनाओं पर व्यवहारिक अनुभव प्रदान करवाना है, ताकि उनकी तकनीकी कौशल क्षमता को बढ़ाया जा सके।

समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा और रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमन कुमार सूद ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर निदेशक (आरएंडडी) डॉ. मनीषा गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू गुप्ता, सहभागिता एवं उद्योग संपर्क मामलों की प्रभारी डॉ. रश्मि पोपली, रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के निदेशक संदीप सिंह तथा रॉकवेल ऑटोमेशन के प्रबंधक अभिजात द्विवेदी उपस्थित थे।



प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप अकादमिक शिक्षा को जोड़ने के महत्व पर बल देते हुए समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में यह जरूरी है कि छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने समझौते के क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि आईआईओटी तथा क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों में छात्रों को सशक्त बनाने के लिए ऐसी औद्योगिक सहभागिता जरूरी है। इसलिए समझौते के अंतर्गत इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ छात्रों को हो।

इस अवसर पर बोलते हुए रमन कुमार सूद ने कहा कि रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स आईआईओटी, डिजिटलीकरण सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग समाधान की अग्रणी प्रदाता कंपनी है, जिसने विभिन्न उद्योगों में तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार के लिए प्रतिष्ठा हासिल की है। उन्होंने कंपनी की विशेषज्ञता के क्षेत्रों और शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में इसकी भूमिका पर बल दिया। उन्होंने युवा प्रतिभाओं के कौशल विकास को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस समझौते के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक कार्य प्रणाली एवं परियोजनाओं पर काम करने का वास्तविक अनुभव एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है।

# क्राइम ब्रांच टीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर शव का कराया संस्कार

### मुठभेड़ मामले में गोली लगने से हुई थी आरोपी की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पावटा** गांव में शनिवार देर रात कथित तौर पर पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से बल्लू की मौत के मामले में क्राइम ब्रांच टीम के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को परिजनों ने बीके अस्पताल की मोर्चरी से शव लेकर दाह संस्कार किया। सेक्टर-48 की टीम पर धौज थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें क्राइम ब्रांच के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राकेश को मुख्य आरोपी बताया गया है।

सब इंस्पेक्टर द्वारा चलाई गई गोली के लगने से ही बल्लू की मौत हुई थी। बल्लू के परिजन और ग्रामीण पुलिस मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए रविवार से ही प्रदर्शन कर रहे थे। परिजन आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होने तक शव लेने से मना करते रहे। सोमवार को पावटा गांव में महापंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान गठित 35 सदस्यीय कमेटी ने दिल्ली जाकर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मुलाकात की। मंगलवार को हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजन बल्लू का शव लेने अस्पताल पहुंचे।

**ये था पूरा मामला :** धौज थानाक्षेत्र स्थित गांव पावटा में शनिवार देर रात क्राइम ब्रांच के साथ हुई मुठभेड़ में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई थी। मृतक की पहचान गांव पावटा मोहब्बताबाद निवासी 27 वर्षीय बलविंदर उर्फ बल्लू के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक पर लूट, स्नेचिंग व अवैध हथियार रखने के चार मामले दर्ज हैं। इधर मृतक के परिजनों ने पूरे मामले को फर्जी बताते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 टीम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराने की मांग रखी।

शनिवार रात मृतक बल्लू अपने दो दोस्तों के साथ राजस्थान स्थित बाबा मोहन राम के मंदिर में दर्शन करने गया था। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम सूचना के आधार पर इनके पीछे लग गई। देर रात करीब डेढ़ बजे पुलिस टीम आरोपियों की गाड़ी का पीछा करती हुई गांव पावटा में आ गई। पुलिस का दावा है इस बीच आरोपियों ने पुलिस पर गोली भी चलाई। बचाव में जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम ने आरोपियों के पैर में गोली मारने का प्रयास किया, लेकिन युवक के नीचे बैठ जाने के कारण गोली पैर की बजाय पेट में जा लगी। घायल को तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। मृतक बल्लू के परिजन और ग्रामीण सोमवार को पंचायत के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराने पर अड़े रहे। रविवार को ग्रामीणों ने बीके अस्पताल के शवगृह के बाहर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।

**दो साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज :** उधर क्राइम ब्रांच की टीम ने मृतक के साथी अनूप उर्फ छलिया तथा अरविंद को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी अनूप डबुआ कॉलोनी और अरविंद राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। अनूप पर गांव भाखरी निवासी नरेश की हत्या का आरोप है। फिलहाल वह जमानत पर बाहर था। आरोपियों पर हत्या का प्रयास का केस कराया है।

## नगर निगम ने अभियान चलाकर अवैध कब्जों तो हटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मंगलवार** को एमसीएफ फरीदाबाद ने एक व दो नंबर मार्केट में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाकर दर्जनों अवैध कब्जों को हटाया। यह अभियान एक व दो नंबर के शराब के ठेके के आसपास चलाया। इसके अलावा लखानी धर्मशाला के आसपास सडकों पर बनी झुग्गी झोंपड़ियों व खोखों को भी हटाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व एमसीएफ के कनिष्ठ अभियंता प्रवीन बैंसला व अमरपाल ने किया। सुबह से ही एमसीएफ की टीम ने अवैध कब्जों को हटाने के लिए एक नंबर व दो नंबर की मार्केट में अपना डेरा जमा लिया था। इस अवसर पर एमसीएफ के अधिकारियों ने दुकानदारों को भी सख्त चेतावनी दी कि वे थोड़े से पैसे के लालच में अपनी दुकानों के सामने रेहड़ी व खोखे न लगवाएं। ऐसा करने से मार्केट में आने-जाने वाले लोगों को दिक्कत होती है। इसकी वजह से कई बार मार्केट में जाम भी लग जाता है। जिससे लोगों का काभी समय



बर्बाद हो जाता है।

**पोलीथिन रखने पर तीन दुकानदारों का चालान किया :** आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश पर अवैध रूप से पोलीथिन विक्रेताओं के खिलाफ सेक्टर-16 की सब्जी मंडी अभियान चलाकर एक टन पोलीथिन जब्त की गई। इस अवसर पर पोलीथिन में सामान की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया गया। पोलीथिन रखने पर तीन दुकानदारों का चालान किया गया। पोलीथिन रखने पर हर दुकानदार पर 25000 रुपये का जुर्माना लगाया। कुल 75 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। पोलीथिन के खिलाफ अभियान का नेतृत्व टीम इंचार्ज एएसआई ओमप्रकाश शर्मा कर रहे थे। इस अवसर पर एएसआई हुकमसिंह, एएसआई नरेंद्र, एएसआई अनिल कुमार, जगबीर चौहान जॉन इंचार्ज ओल्ड फरीदाबाद भी मौजूद थे। शर्मा ने दुकानदारों से कहा कि पोलीथिन का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। इसलिए कोई भी दुकानदार पोलीथिन में सामान की बिक्री न करें। यदि कोई ऐसा करता हुआ पाया जाएगा तो प्रशासन उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि पोलीथिन की जगह दुकानदार जूट व कपड़े के थैले और थैलियों का ही प्रयोग करें। ग्राहकों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने चेतावनी दी आगे से ऐसा करने पर अधिक जुर्माना होगा।

## जिला में गुटखा पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में एक वर्ष के लिए गुटखा, पान मसाला पर बैन लगाया गया है। यह बैन सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम- 2006 के अंतर्गत निर्मित खाद्य सुरक्षा एवं मानक विक्रय प्रतिरोध और निर्बधन नियम 2011 के विनियम 2.3.4 के अनुसार किसी खाद्य उत्पाद के संघटकों के रूप में तंबाकू व निकोटिन, गुटखा पान, मसाला के उपयोग पर एक वर्ष के लिए प्रतिबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि गुटखा, पान, मसाला की बिक्री निर्माण व भंडारण से संबंधित बैन के आदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गत सितंबर माह से जारी कर दिए गए हैं। अब जिला में यदि कोई व्यक्ति गुटखा, पान, मसाला व तंबाकू तथा निकोटीन का पाया जाना कानूनी अपराध है। कोई भी खाद्य कारोबार कर्ता खाद्य पदार्थ का निर्माण, भंडारण व बिक्री करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम-2006 के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा खाद्य सुरक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन प्रशासक अशोक मीणा ने जारी किया।

## ट्रक की चपेट से दोपहिया चालक घायल



**फरीदाबाद।** नीलम फ्लाईओवर के पास गोल चक्कर पर एक ट्रक की चपेट में दोपहिया वाहन चालक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कर दिया। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने बताया कि जैसे ही एक्सीडेंट का पता चला तुरंत मौके पर पहुंचकर देखा कि वह स्कूटी सहित ट्रक के नीचे फंसा हुए था। व्यक्ति को बाहर निकालकर तुरंत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया। व्यक्ति की उम्र करीब 50 साल है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा जाएगा कि आखिर इसमें गलती किसकी है। फिलहाल घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

# श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर में धूमधाम से आयोजित हुआ गणेश उत्सव

### प्रधान जगदीश भाटिया ने दी सभी को शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद







**महारानी** वैष्णो देवी मंदिर तिकोना पार्क में श्री गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। मंदिर प्रधान जगदीश भाटिया ने श्रद्धालुओं को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं और बधाई दी।

इस अवसर पर मंदिर में बैंड बाजे और धूमधाम के साथ श्री गणेश जी का स्वागत किया गया। मंदिर में सुबह नौ बजे हवन यज्ञ और आरती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन के अवसर पर मंदिर संस्थान के चेयरमैन प्रताप भाटिया, फकीरचंद कथूरिया, नेतराम, विनोद पांडे, विमल पुरी, आदित्य, बलजीत, राहुल तथा चिराग मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि गणेश जी की स्थापना के साथ अब प्रतिदिन मंदिर में कीर्तन तथा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 24 सितंबर को भजन संध्या और 25 को गणेश जी का विसर्जन किया जाएगा। मंदिर में भजन संध्या और लंगर का आयोजन भी किया जाएगा। भजन संध्या के लिए दिल्ली के सुप्रसिद्ध गायक राजू अनेजा व रवि मनोचा आएंगे और भगवान श्री गणेश का पूजन करने के साथ-साथ माता रानी की भेंट भी गाएंगे। भजन संध्या के पश्चात मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रधान श्री भाटिया ने सभी लोगों को इस धार्मिक आयोजन में आमंत्रित किया है।

**शोभायात्रा के साथ धूमधाम से शुरू हुआ गणेश उत्सव :** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा गणेश प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा 5बी-81 से उत्सव स्थल गांधी कॉलोनी तक निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जयघोष से हुई। इस वर्ष मंडल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 350वीं राज्य अभिषेक की वर्षगांठ मंडल द्वारा मनाई जा रही है। जिसके तेहत इस बार का पंडाल भी छत्रपति शिवाजी महाराज के किले रायगढ़ के तहत ही सजाया गया।

यात्रा में सभी वर्ग के व्यक्ति, महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे। सभी ने खूब नाचगान किया, रास्ते में जहां जहां गणेश प्रतिमा की यात्रा रुकी, वहां लोग बप्पा का आशीर्वाद लेने से खुद को रोक नहीं पाए। सुधाकर पांचाल ने बताया कि बाल गंगाधर तिलक ने सभी जाती धर्म के लोगों को इकट्ठा करने के लिए सार्वजानिक गणेश उत्सव का आयोजन किया। मंडल द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ढोल एवं डीजे की धुन पर यात्रा शुरू एवं उत्सव स्थल तक पहुंची।

मंडल द्वारा गणेश प्रतिमा की स्थापना सुबह 10 बजे पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। स्थापना पूजा में मंडल संरक्षक सुधाकर पांचाल एवं पूजा पांचाल द्वारा संपन्न हुई। पूजा के बाद गणेश प्रतिमा की आरती भी की गई। मुख्य अतिथि राजीव जेटली जोकि बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं और हरियाणा मुख्यमंत्री के मीडिया सलहाकार हैं, उन्होंने ने बप्पा की आरती की और आशीर्वाद लिया।

उन्होंने उपस्थित भक्तजनों से कहा कि गणेश उत्सव का त्योहार पहले महाराष्ट्र में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता था, परंतु अब यहां फरीदाबाद में भी लोग उसी उत्साह एवं भक्तिभाव से गणेश पूजा करते हैं एवं बड़े बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी करवाते है। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी का त्योहार आने के कई दिन पहले से ही बाजारों में इसकी रौनक दिखने लगती है। यह पर्व हिंदू धर्म का अत्यधिक मुख्य तथा बहुत प्रसिद्ध पर्व है। इसे हर साल अगस्त या सितंबर के महीने में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह भगवान गणेश के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। मंडल के संरक्षक सुधाकर पांचाल एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र पांचाल द्वारा राजीव जेटली को श्रीफल, शॉल एवं फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।

### श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में सविधि हुई श्री गणेश चतुर्थी की पूजा

**फरीदाबाद।** श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में सविधि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अभिषेक उपरांत जगद्गुरु स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने कहा कि सभी विघ्नों का नाश करने वाले श्री गणेश प्रथम पूज्य हैं।

उन्होंने कहा कि गणेश जी भगवान महादेव के अंश हैं और सृष्टि के प्रथम संपादक हैं। उन्होंने बड़े बड़े ग्रंथों की रचना में वेदव्यास जी की मदद की।

इस अवसर पर गणेशजी के दिव्य विग्रह का सविधि अभिषेक हुआ। जिसके बाद भक्तों को प्रसाद भी प्रदान किया गया। जगद्गुरु स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने कहा कि गणों के देव गणेश जी के शरीर से भी हमें शिक्षाएं लेनी चाहिए। गणेश जी की लंबी सूंड बताती है कि कहां क्या हो रहा है, बड़े बड़े कान कहते हैं कि छोटी से छोटी बात भी छूट न जाए, उनका पेट इतना बड़ा है जो कहता है कि बातों को पचाना आना चाहिए। वहीं शरीर विशाल और आंखें छोटी हैं कि अपनी शक्ति पर घमंड नहीं करना चाहिए। विनम्र रहना चाहिए। इस अवसर पर स्वामीजी ने सभी को प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

जिसे घुटनों के बल नांपा उसी आँगन में फिर खेलूँ
किसी दिन तितलियों के पीछे उन खेतों में फिर दौड़ूं
करम कर दे अगर ईश्वर यही चाहत है बस अम्मा
किसी दिन फिर से बच्चा बन तेरी गोदी में जा लेटूँ

# नगर पालिका कर्मियों ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

### कर्मचारी 15 अक्टूबर को रोहतक में करेंगे विशाल जन आक्रोश रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ कई दौर के समझौतों में मानी गई मांगो को सरकार पूरा करने में अब तक विफल रही है। सरकार के इस रवैये से पालिका कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। यह बात नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने बीके चौक स्थित नगर निगम मुख्यालय पर संघ के जिला प्रधान दिलीप बोहत की अध्यक्षता में काले बिल्ले लगाकर की गई विरोध सभा को संबोधित करते हुए कही। कर्मचारियों ने विरोध सभा के बाद बीके चौक से नीलम चौक तक काले



झंडे एवं उल्टी झाड़ू कर जोरदार प्रदर्शन भी किया।

सरकार द्वारा कर्मचारियों के किया जा रहे शोषण और वायदा खिलाफ से कर्मचारी नाराज हैं, इसलिए संघ ने कर्मचारियों की नाराजगी को देखते हुए 15 अक्टूबर को रोहतक में राज्य स्तरीय विशाल आक्रोश रैली करने का निर्णय लिया। संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार ठेका प्रथा समाप्त करने, अनुबंध सीवर एवं सफाई कर्मचारियों को नियमित भर्ती के माध्यम से नई नियमित नियुक्ति देने, डोमिनेशन कॉडर में शामिल पदों को बहाल करने, पालिका कर्मचारियों को ठेकेदारी से मुक्त करने एवं अग्निशमन विभाग को स्थानीय निकाय में शामिल करने तथा अनुबंधित अग्निशामकों व ड्राइवर को सृजित पदों पर समायोजित करने, समान काम समान वेतन देने, हरियाणा कौशल रोजगार भंग करने आदि अन्य मांगों पर हुए फैसलों को लागू करने में सरकार विफल रही है। श्री शास्त्री ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के 4298 व 68 सीवरमैन की भर्ती का पत्र सरकार ने आठ जनवरी को जारी किया था। आज तक 60 नगरपालिका 22 नगर परिषदों व 11 नगर निगमों में इस पत्र पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा लापरवाही की गई।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा निशा पत्नी सतीश निवासी मकान नम्बर-1170, गली नम्बर-01, राम नगर कॉलोनी, फरीदाबाद दिनांक 12.09.2023 राम नगर कॉलोनी, सेक्टर-20बी, फरीदाबाद से लापता है, जिसका हुलिया रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, कद 4 फुट 11 इंच बा उम्र 36 साल है, जिसने हरे रंग का सूट व सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 731 दिनांक 16.09.2023 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर-08 : 9582200134**
**इन्चार्ज पुलिस चौकी सेक्टर-11 : 9582200166**
**आई.ओ / एच.सी. : 7015187271**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा जितेन्द्र पुत्र राम नरेश निवासी मकान नम्बर-सी-51, गली नम्बर-02, नियर गैस गोदाम, बसंतपुर कॉलोनी, गांव बसंतपुर, फरीदाबाद दिनांक 16.09.2023 को बिना बताये घर से कहीं चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, मुकदमा नम्बर 630 दिनांक 16.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो **पुलिस चौकी नवीन नगर व थाना पल्ला फरीदाबाद** पर सम्पर्क करें।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर में बनेंगे स्मार्ट शौचालय

### वाईफाई, सीसीटीवी और मोबाइल चार्जर की होगी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वच्छ** भारत अभियान के तहत शहर में जल्द ही स्मार्ट शौचालय बनेंगे। शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से गठित टीम ने स्मार्ट सिटी अहमदाबाद का दौरा कर स्मार्ट शौचालयों पर रिपोर्ट तैयार कर ली है। जल्द ही रिपोर्ट प्रदेश सरकार को दी जाएगी। अहमदाबाद में लगे स्मार्ट शौचालयों में वाईफाई, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल चार्जर और सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें मिली हैं। ऐसे ही स्मार्ट शौचालय शहर में लगाए जाने हैं।

प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट टॉयलेट लगाने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत स्मार्ट सिटी अहमदाबाद में लगे स्मार्ट शौचालयों की तर्ज पर प्रदेश के कुछ जिलों में शौचालय लगाने की योजना है। इसे लेकर करनाल नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा और नगर निगम फरीदाबाद के कार्यकारी अभियंता मुख्यालय नितिन कादियान बीते सप्ताह अहमदाबाद गए थे। दोनों अधिकारियों ने अहमदाबाद में लगे छह स्मार्ट शौचालयों को देखा। इसमें साइबर कैंटोनमेंट रोड, हवाई अड्डा के पास, नमस्ते सर्कल



स्वामीनार मंदिर, मानेक चौक न्यू रानीपुर, वी सिंधु बावन रोड और गोटीला गार्डन शामिल हैं। इसमें तीन शौचालय दो साल पहले लगे थे और शौचालयों का रखरखाव बेहतर मिला। हालांकि ऐसे शौचालय अहमदाबाद शहर में 31 स्थानों पर एक निजी कंपनी की मदद से स्थापित किए गए हैं। इनके निर्माण में बीस फीसदी स्मार्ट सिटी और 80 फीसदी निजी एजेंसी द्वारा भुगतान किया गया है। अहमदाबाद के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में एक शौचालय बनाने की कीमत करीब 20-25 लाख रुपये आ रही है। स्टेनलेस स्टील शौचालयों में महिला स्वच्छता के लिए सेनिटरी पैड वेंडिंग मशीन है और पैड प्रयोग करने के लिए पांच रुपये का सिक्का देना होगा। इसके अलावा ऑडियो युक्त सीटीवी कैमरे, वाईफाई समेत अन्य सेवाएं उपलब्ध हैं। टीम ने पाया कि शौचालय प्रयोग के लिए एक रुपये, दो रुपये, पांच रुपये लिए जा रहे हैं।

स्मार्ट शौचालय नीला रंग पुरुषों और पिंक कलर का महिलाओं के लिए है। एक यूनिट में दो टॉयलेट का इंतजाम किया गया है। सभी शौचालय अच्छे और साफ-सुथरा पाए गए। टीम ने इसकी रिपोर्ट तैयार कर ली है और जल्द ही सरकार को सौंप दी है। टीम का मानना हैं कि स्मार्ट शौचालय समय की मांग हैं और ऐसे शौचालय कम जगहों पर भी लगाए जा सकते हैं।

# फरीदाबाद से गोवा ले जाई जा रही 20 लाख की शराब पकड़ी

### 102 पेटी अंग्रेजी शराब सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार व उनकी टीम ने अवैध शराब तस्करी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अनुमानित करीब 20 लाख से अधिक कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रोहन, पंकज तथा बिन्नू का नाम शामिल है। आरोपी रोहन फरीदाबाद के सेक्टर 21बी में रहता था, वहीं पंकज तथा बिन्नू उत्तर प्रदेश के आगरा के रहने वाले हैं, जो आगरा की पंडित ट्रांसपोर्टर कंपनी में ड्राइवरी का काम करते हैं। क्राइम ब्रांच की टीम रात को बजे गश्त कर रही थी



कि सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अवैध अंग्रेजी शराब को गाड़ी में भरकर गोवा सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच टीम डबुआ मंडी पहुंची, जहां पर आरोपियों को केंटर में अवैध शराब सहित काबू कर लिया। केंटर में से 102 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जिसमें 77 पेटी रेड लेबल, 21 पेटी ब्लैक लेबल तथा चार पेटी द ग्लेनलिवेट की शामिल थी। पुलिस ने केंटर में भरी अवैध शराब को पुलिस कब्जे में ले लिया और आरोपियों को डबुआ थाने लाकर उनके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह शराब फरीदाबाद के रहने वाले करण नाम के ठेकेदार की है, जो इसे गोवा सप्लाई करना चाहता था। गोवा में यह शराब महंगी मिलती है, इसलिए इसे यहां से तस्करी करके गोवा ले जाने का प्लान था, ताकि अवैध शराब गोवा में बेचकर मोटा पैसा कमाया जा सके। इसके लिए करण ने अपने साथी रविंदर को गाड़ी बुक करने के लिए कहा। रविंद्र ने आगरा के पंडित ट्रांसपोर्ट कंपनी से एक केंटर बुक किया।

केंटर चालक पंकज तथा बिन्नू डबुआ मंडी में अपना केंटर लेकर पहुंचे, जहां पर रोहन ने केंटर में शराब लोड करवाई। पूछताछ में सामने आया कि इसमें करण का एक अन्य साथी कमलजीत भी शामिल है। आरोपी करण, रविंद्र तथा कमलजीत अभी फरार चल रहे हैं, जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी रोहन को पुलिस रिमांड पर लिया जा रहा है और वहीं आरोपी ड्राइवर पंकज तथा बिन्नू को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में जांच जारी है और पूछताछ के बाद कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को मिली 20 साल की कैद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सामूहिक** दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को अदालत ने मंगलवार को 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही एक आरोपी पर 60 हजार व दो आरोपियों पर 40-40 हजार का जुर्माना भी लगाया है। तीन लोगों ने वाईएमसीए चौक से महिला को अपहरण कर सारन गांव में दुष्कर्म किया था।

जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय महिला पलवल के स्पा सेंटर में काम करती थी। 22 दिसंबर 2021 को वह ऑटो से पलवल से फरीदाबाद जा रही थी। वाईएमसीए चौक के पास से पीड़ित महिला को मथुरा निवासी आरोपी राजू, नीरज व भरतपुर निवासी रिंकू जोकि सारण गांव में किराए पर रह रहे थे, उसे अपहरण कर गांव के मकान में ले गए। वहीं दोषियों ने पीड़िता से सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने आरोपियों से छूटने के बाद फरीदाबाद पुलिस को मामले की जानकारी दी। पीड़ित महिला की शिकायत पर 24 दिसंबर 2021 को मामला दर्ज किया। एक साल आठ महीने चली अदालती कार्रवाई के बाद फरीदाबाद की अतिरिक्त सत्र न्यायधीश ज्योति लांबा की अदालत ने तीनों आरोपियों को अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म का दोषी पाया व 20 साल की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी राजू पर 60 हजार रुपये का जुर्माना तथा नीरज व रिंकू पर 40-40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने पर अदालत ने सुनाई 10 साल की सजा

**फरीदाबाद।** मंगलवार को 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने पर दोषी को फरीदाबाद की अदालत ने 10 साल की सजा व 55 हजार का जुर्माना लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची सात मई 2018 को जब सामान खरीदने के लिए बाजार गई थी तो राजकुमार उर्फ राजा उसे अपने घर काम करवाने के बहाने ले गया।

# एमवीएन विश्वविद्यालय में फार्माकोविजिलेंस पर व्याख्यान हुआ



**पलवल।** एमवीएन विश्वद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस वीक के दूसरे दिन एक्सपर्ट लेक्चरर का आयोजन किया। जिसमें डॉक्टर विवेकानंदन कलाईसेलवन, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिफिक ऑफिसर भारतीय भेषज संहिता आयोग ने फार्माकोविजिलेंस में करियर बनाने के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फार्माकोविजिलेंस पूरी तरह से दवाइयों से होने वाले दुष्प्रभावों को नियंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि फार्माकोविजिलेंस में बहुत सारी नौकरियां उपलब्ध हैं, सिर्फ हमें इस क्षेत्र को समझने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि फार्माकोविजिलेंस हमें कर्मचारी बनने के साथ साथ उद्यमकर्ता बनने का भी अवसर प्रदान करती है। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा, कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, प्रोफेसर विवेक आहूजा, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन ने इसकी सराहना की और कहा कि इस प्रकार के एक्सपर्ट लेक्चरर विद्यार्थियों को समझाते हैं कि इंडस्ट्रीज विद्यार्थियों से नौकरी के दौरान क्या चाहती हैं। जिससे विद्यार्थियों को अच्छी इंडस्ट्रीज में नौकरी मिलना आसान हो जाता है।

### मेगा सफाई अभियान के दौरान 450 टन कूड़ा भेजा बंधवाड़ी

**फरीदाबाद।** नगर निगम ने मेगा सफाई अभियान के तहत 450 टन कूड़ा बंधवाड़ी भेजा है। नगर निगम की ओर से 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने इसे सफल बनाने के लिए नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अलका चैधरी को प्रभारी नामित किया गया है। इस मुहिम के तहत एक व दो अक्टूबर को स्वच्छता समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सफाई कर्मचारियों और स्वयंसेवकों, आरडब्ल्यूए व एनजीओ आदि में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार दिए जाएंगे। निगमायुक्त ने बताया कि वार्ड 35, एमवीएन स्कूल, सीही रोड़, पंजाबी धर्मशाला, झारसेतली फ्लाईओवर, कार बाजार, वार्ड 12, वैष्णो देवी मंदिर के आसपास, कोतवाली, राजकीय विद्यालय मुजेसर वार्ड-2, मुजेसर मंदिर वार्ड-2, मुजेसर सब्जी मंडी, मुजेसर नाला की सफाई कराई।

# सोशल मीडिया कार्यशाला में प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट जीतने पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीजेपी** के सोशल मीडिया कार्यशाला में प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीट जीतने और तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने पर रणनीति बनी। इसमें सोशल मीडिया टीम को प्रचार-प्रचार करने के टिप्स भी दिए गए। कार्यशाला में 200 लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि आज के डिजिटल युग को देखते हुए साल 2024 की जीत में सोशल मीडिया भाजपा का मुख्य हथियार बनेगा।




बीजेपी सोशल मीडिया नेटवर्क को धार देने के लिए शंखनाद अभियान के तहत जिला स्तर पर सोशल मीडिया कार्यशालाओं का आयोजन किया रही है। पार्टी कार्यालय में हुए कार्यक्रम में जिला महामंत्री और सोशल मीडिया प्रभारी मूलचंद मित्तल ने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया के कार्यकर्ता संगठन के महत्वपूर्ण कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी के लिए दिन रात समर्पित होकर दिन सक्रिय रहते हैं और विरोधियों के दुष्प्रचार और गलत नेरेटिव का मुकाबला करते हैं। कार्यशाला में सोशल मीडिया के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग को देखते हुए साल 2024 की जीत में सोशल मीडिया भाजपा का मुख्य हथियार बनेगा। जिला मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता ने बताया कि साल 2024 चुनाव को लेकर भाजपा सोशल शाखा को ज्यादा मजबूत करने के लिए देश और प्रदेश भर में शंखनाद अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत भी जिलों में लगातार जिला कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में राष्ट्रीय और प्रदेश टीम से आए सोशल मीडिया के लोग कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। संयोजक अमित मिश्रा ने कहा कि आज की राजनीति में सोशल मीडिया की अहम भूमिका है। प्रशिक्षण एक निरंतर प्रक्रिया है और संगठन लगातार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से अपडेट करते रहते हैं। कार्यशाला में जिले के डिजिटल योद्धाओं को सोशल मीडिया के अलग अलग विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव जीतें।

# मानव रचना में चिकित्सा क्षेत्र में नवीत प्रगतियों पर चर्चा हुई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव** रचना सेंटर फॉर हेल्थ इनोवेशंस ने द इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से डॉक्टर कांक्लेव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन नवाचारों के साथ बदलाव लाने के लिए चिकित्सा, इंजीनियरिंग और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों से विशेषज्ञ एक मंच पर एकजुट हुए। कांक्लेव में चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी प्रगति और सहयोगों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में सीएचआई की निदेशक प्रोफेसर डॉ. मनीषा सिंह ने स्वास्थ्य सेवा नवाचार पर विचार सांझा किए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नई तकनीकों की जरूरत पर बात करते हुए कहा कि सीएचआई एक सहयोगी मंच है, जोकि बेहतर स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए तमाम विधाओं से जुड़े उद्यमियों को साथ लाने का काम करता है। सीएचआई के अध्यक्ष और उद्योगपति प्रोफेसर



डॉ. प्रशांत झा ने सीएचआई के उद्देश्यों और दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह सेंटर चिकित्सा पेशेवरों, इंजीनियरों और प्रबंधन से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाकर स्वास्थ्य क्षेत्र में जरूरी बदलावों के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लिए रचनात्मक और नवीन समाधानों को बढ़ावा देना है। डॉ. वीणा सिंह ने वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य पर आधारित तकनीकी प्रगति पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी। उन्होंने रोगियों को बेहतर देखभाल और उपचार प्रदान करने के लिए इन प्रगति से हुए प्रभावों के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम के दौरान आईएमए फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. दिनेश गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की बात कही। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. हर्ष ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल समुदाय के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में उठाए जाने बेहद जरूरी है। सेंटर फॉर हेल्थ इनोवेशंस (सीएचआई) एक सहयोगी मंच है जो बेहतर स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े समाधान प्रदान करने के लिए इंजीनियरों, डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों को एक मंच पर लेकर आता है।

सीएचआई मुख्य रूप से पांच नवाचारों के लिए कार्यरत है- जिनमें मातृ एवं शिशु देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य, सस्ते चिकित्सा उपकरण, स्वास्थ्य डेटा इंटेलिजेंस और खेल व कल्याण शामिल हैं। डॉक्टर्स कांक्लेव ने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की प्रतिबद्धता को पेश किया। इसमें भरोसा जताया गया।

# युवा समारोह की तैयारियों के लिए 29 कॉलेज के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महर्षि** दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की ओर से खेड़ी गुजरान राजकीय महाविद्यालय में 26 अक्तूबर से तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को फरीदाबाद, झज्जर और पलवल के 29 कॉलेज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान रंग मंच संगीत नृत्य साहित्य तथा ललित कलाओं सहित 43 कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय परिसर में छह स्टेज तैयार किए गए है। इस दौरान हरियाणवी कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान रहेगा।

क्षेत्रीय युवा समारोह की तैयारी को लेकर हुई बैठक में फरीदाबाद, झज्जर तथा पलवल के 29 कॉलेज के प्राचार्य एवं संस्कृति गतिविधियों के प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इसकी अध्यक्षता खेड़ी गुजरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता मलिक ने किया। उन्होंने बताया कि छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर महिला कॉलेज में अलग से विंग बनाया जाएगा। वहां, सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जाएगा। उत्सव के दौरान केवल उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश होगा जो महाविद्यालय का पहचान पत्र लेकर आएंगे।

युवा समारोह का आयोजन 26, 27 और 28 अक्तूबर को किया जाएगा। बैठक में रंगमंच संगीत नृत्य साहित्य तथा ललित कलाओं को लेकर 43 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बार वेस्टर्न सोलो इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक को जोड़ा गया है। इस मौके पर विश्वविद्यालय की ओर से सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी एवं डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, रणवीर सिंह, डॉ. रितिका गुप्ता तथा अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संजीव मंगल की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर




**पलवल।** संजीव मंगल फाउंडेशन तथा भारत सेल्स के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भारत सेल्स सैमसंग कैफे पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पलवल इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष संजीव मंगल एडवोकेट की पुण्यतिथि में आयोजित शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर अपना ब्लड बैंक के अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत गुप्ता ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है। संजीव मंगल ने जीते जी पलवल शहर में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक कर एक ऐसी मुहिम चलाई, आज इस इलाके में रक्तदान के प्रति लोगों में काफी जागरुकता है। उनके प्रयासों से ही जिले में सरकारी रक्त बैंक की स्थापना हुई। उनकी दूरगामी सोच तथा प्रयासों का नतीजा है कि आज पलवल में रक्त बैंक खुले हुए हैं तथा लोग लगातार रक्तदान कर रहे हैं। हमें उनके प्रयासों को उनकी सोच को आगे बढ़ना चाहिए तथा हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। भारत सेल्स के संचालक दिनेश आर्य ने कहा कि वह तथा उनकी पूरी टीम रक्तदान के प्रति लोगों को जागरुक कर रही है तथा लगातार रक्तदान शिविर कर लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। संजीव मंगल फाउंडेशन के अध्यक्ष अनुभव मंगल ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि पलवल में ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाए जाएं। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार तेवतिया, पूर्व अध्यक्ष सुनील डगर, आर्य समाज के पूर्व अध्यक्ष यशपाल मंगल, पूर्व पार्षद अनीता मंगल, रितु मंगल, मनजीत डागर, जितेंद्र गुप्ता सहित काफी लोग मौजूद थे। इससे पूर्व यज्ञ का आयोजन किया गया तथा जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को भोजन कराया गया।

### फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा



**पलवल।** मंगलवार को एनआईटी-86 विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता यशवीर डागर के कॉलेज रत्न इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट पलवल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ उपमहापौर फरीदाबाद देवेंद्र चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप रत्न ग्रुप के डायरेक्टर अरूण डालमिया, भाजपा जिला आईटी सेल के प्रमुख अमित मिश्रा, एनआईट-86 विधानसभा से संतोष धनखड़, तिलक कथूरिया, महेंद्र रावत, वीरेंद्र सरपंच, लुकेंद्र सिंह, मेजर सतबीर सिंह, सतीश दलाल, सुंदर लाल चुग, विजेंद्र यादव, अशोक पंडित, हर्ष कथूरिया मौजूद रहे। यह कार्यक्रम रत्न इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें डिपार्टमेंट के टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ रहा। कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जेसीबी से दीवार तोड़कर लाखों की नकदी व सामान ले गए चोर

**फरीदाबाद।** शहर में चोरों को हौंसले इतने बुलंद हो गए है कि जेसीबी से दीवार तोड़कर एक भवन निर्माण सामग्री के कार्यालय से तीन लाख से अधिक रुपये व लैपटॉप चुरा कर ले गए। मामला पर्वतिया कॉलोनी का है। सारन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 56ए निवासी देवेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया पर्वतिया कॉलोनी स्थित तेवतिया पेट्रोल पंप के पास भवन निर्माण सामग्री का कार्यालय है। 16 सितंबर की शाम कार्यालय बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह आकर देखा उनके कार्यालय की दीवार टूटी हुई थी। अंदर से एक लैपटॉप और तीन लाख से अधिक नकदी गायब थी। अपने स्तर पर जांच करने पर पाया आरोपियों ने उनके यार्ड में खड़ी जेसीबी से ही कार्यालय की दीवार तोड़ी थी। आरोपियों ने यार्ड में खड़े ट्रैक्टर को भी नुकसान पहुंचाया। आरोप हैं ट्रैक्टर और जेसीबी से काफी मात्रा में डीजल भी चोरी किया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### नियमित योग व पौष्टिक आहार स्वस्थ जीवन की कुंजी

**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से एनआईटी-2 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग से योग शिक्षक विकास यादव द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को योग की बारीकियां सिखाएं गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी सुरेखा देवी ने 0-6 माह के बच्चों के लिए मां के दूध के महत्व के विषय में महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग व पौष्टिक आहार स्वस्थ जीवन की कुंजी है। अधिकारी सुरेखा ने कहा कि पोषण माह के तहत विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कुपोषण से पीड़ित बच्चों और महिलाओं को जागृति मिलेगी और वे अपनी खुराक की ओर पूरा ध्यान देंगे, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा पोषण लेने के लिए प्रतिबद्ध होगा तो निश्चित रूप से वे इसकी जानकारी अपने परिवार में साझा करेंगे, जिससे परिवार के अन्य सदस्यों को भी प्रेरणा मिलेगी। यदि कोई समस्या महसूस हो रही हो तो स्थायी निवासियों से संपर्क करना चाहिए। हर महिला स्वस्थ बच्चे को जन्म देना चाहती है। इसके लिए गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन पर्याप्त मात्रा में करना अत्यंत आवश्यक है। गर्भवती महिला को ऐसा आहार ग्रहण करना चाहिए जो उसके गर्भस्थ शिशु का पोषण करे। इस अवसर पर सुपरवाईजर कमला दलाल, स्मिता धीमान, रेनू चौधरी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीमा त्रिखा ने एनआईटी में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया



**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विधायक सीमा त्रिखा ने एक और बेहतरीन सौगात भेंट की। एनआईटी दशहरा ग्राउंड के पीछे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया। जिसकी क्षमता दो एमएलडी पानी की है। इसमें एनएच-3 रिहायशी क्षेत्र के सीवर का पानी आएगा। इस पानी का प्रयोग बिल्डिंगों के निर्माण, पार्कों आदि में किया जाएगा। पांच साल की मेंटिनेंस के साथ इस प्लांट की पर दो करोड़ 94 लाख रुपए खर्च होंगे। विधायक ने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या से दो-चार नहीं होना पड़ेगा। चाहे सीवर की समस्या हो, पीने के पानी की समस्या हो, जल भराव, बिजली, सड़क या पार्कों की। आने वाले समय में बड़खल विधानसभा का एक अलग स्वरूप उभरकर लोगों के सामने आएगा। निश्चित रूप से जब कार्य चलते हैं तो लोगों को परेशानियां उठानी पड़ती हैं। मगर जब यह काम पूर्ण हो जाएंगे, तो बड़खल विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में अव्वल होगा। दशहरा ग्राउंड के पीछे बनाया गया एसटीपी प्लांट बहुत हद तक क्षेत्र के लोगों के सीवरेज पानी की समस्या को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त इसके पानी का इस्तेमाल मकानों के निर्माण, पार्कों में लगे पौधों में पानी छिड़कने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र में कई जगह अधूरे पड़े कार्यों के चलते लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 20 सितंबर, 2023



# गुरुग्राम में महाराष्ट्र से लाते हैं पर्यावरण के अनुकूल गणेश जी की मिट्टी की मूर्ति

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-27 स्थित डीएलएफफेज-4 के सामुदायिक केंद्र में गणेश उत्सव के दौरान पूजन करते महाराष्ट्र के लोग।

**श्रद्धा** के नाम पर ना तो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना चाहिए और ना ही प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग होना चाहिए। इसी सोच के साथ मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में गणेश उत्सव मनाते हैं महाराष्ट्र के लोग। पर्यावरण के अनुकूल काम करते हुए वे महाराष्ट्र से मिट्टी की गणेश जी की प्रतिमा लाते हैं। यहां कृत्रिम तालाब में मूर्ति का विसर्जन करके उस पानी को पौधे, पार्कों में उपयोग करते हैं।

यह सही है कि समय के साथ हमें अपने तीज-त्योहारों को मनाने में भले ही कुछ बदलाव की जरूरत ना हो, लेकिन अपने पर्यावरण का ख्याल रखना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। इस पर विशेष ध्यान सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति रख रही है। पहले जहां प्लास्टर ऑफ पैरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियां स्थापित की जाती थी। पूजन के बाद उनका नहरों में, झील में विसर्जन होता था। अपनी आस्था को पूर्ण करने के लिए भक्त मूर्तियों का विसर्जन तो कर देते थे, लेकिन नहरों, झीलों में वे मूर्तियां ज्यों की त्यों पड़ी रहती थी। मूर्तियों से सिर्फ रंग ही उतरता था। पीपीओ के कारण पानी भी प्रदूषित होता था और नहरों में तो पानी का बहाव भी रुक जाता था, धीमा हो जाता था। पर्यावरण, प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति ने 10 साल पहले महाराष्ट्र से मिट्टी की मूर्तियां लानी शुरू कर दी। गणेश उत्सव पूरा होने के बाद इस मूर्तियों को समिति अभी तक नहरों या झीलों में विसर्जित करने के लिए नहीं ले जाया जाता। समिति अपने स्तर पर कृत्रिम तालाब तैयार करके उसमें मूर्ति विसर्जित करती है। जब पानी में मूर्ति पूरी तरह से घुल जाती है तो उस पानी को पौधों, पार्क में सिंचाई के लिए डाल दिया जाता है। इस तरह से महाराष्ट्र के लोग पयाज़्वरण बिना कोई नुकसान पहुंचाए ही गणेश उत्सव को पूरी आस्था, श्रद्धा के साथ मना लेते हैं। समिति के लोगों का कहना है कि प्रशासन को उन्होंने इस बाबत सूचना भी दी है कि वे मिट्टी की मूर्ति को विसर्जित करते हैं। इसलिए उन्हें नहर, झील में मूर्ति विसर्जन करने की अनुमति दी जाए। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई अनुमति नहीं दी गई है।

**अब सामुदायिक केंद्र में बड़े स्तर पर होता है उत्सव :** हर साल की तरह इस साल भी गुरुग्राम में गणेश उत्सव की धूम शुरू हो गई है। यहां डीएलएफ फेज-4 के सामुदायिक केंद्र में गणपति बप्पा को विराजमान कराया गया है। 19 से 24 सितम्बर तक चलने वाले गणेश उत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विधि-विधान से गणेश पूजन किया जाएगा। गुरुग्राम में रह रहे साढ़े 3 हजार से अधिक महाराष्ट्रीयन गणेश पूजा में लग गए हैं। सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के उपाध्यक्ष शांता राम कहते हैं कि 30 साल से गुरुग्राम में गणेश जी की धूमधाम से पूजा होता है। गणेश उत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने का मकसद भी यही है कि सभी समुदाय एक साथ आए अपने त्योहार मनाएं। सभी के यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाते हैं। हरियाणा, महाराष्ट्र की संस्कृतियों को यहां मिलकर प्रदर्शित किया जाता है। शुभांगी माड़ेकर कहती हैं कि गुरुग्राम में 30 साल पहले गणेशोत्सव की शुरूआत करने वाली टीम में वे शामिल रही हैं। पहले सेक्टर-14 में यह उत्सव छोटे पैमाने पर मनाया जाता है। जैसे-जैसे महाराष्ट्र के लोग बढ़ते गए तो इसे बड़े स्तर पर मनाया जाने लगा। हिंदी, मराठी मिलकर इस त्योहार को मनाते हैं। गणेश उत्सव के दौरान 158 कुंडीय हवन-यज्ञ भी किया जाता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों का पूरा सहयोग मिलता है।

# समाजसेवा के कार्यों पर तीन संस्थाओं ने सीकरी का किया सम्मान

### गणेश चतुर्थी पर गणेश जी की प्रतिमा भी की गई स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



समाजसेवा के कार्यों के लिए बोधराज सीकरी का स्वागत करते लोग।

**आर्य** केंद्रीय सभा, पालम विहार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन प्रताप नगर ने समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी बोधराज सीकरी का अभिनंदन किया। समाज में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

पालम विहार जे एवं के ब्लॉक के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव चुटानी एवं शेखर तनेजा ने सेक्टर-23ए में पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी को कार्यकारिणी समेत आमंत्रित किया। पुष्प गुच्छ एवं दोशाला भेंट कर उनका स्वागत किया। एसोसिशन के पदाधिकारियों ने कहा कि बोधराज सीकरी जो सभी बिरादरियों को लेकर समाज के हित के लिए पिछले करीब दो वर्ष से कार्य कर रहे हैं, वह अति सराहनीय है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से व पालम विहार सेक्टर-23 की ओर से भी विश्वास दिलाते हैं कि हम हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

पंजाबी बिरादरी की ओर से धर्मिंदर बजाज, रमेश कामरा, यदवंश चुग, एमके कुमार, गजेंद्र गोसाईं, किशोरी लाल डुडेजा अनिल कुमार उपस्थित रहे। ठाकुर विक्रम सिंह अभिनंदन तथा वेद निधि समारोह में भाग लेने के लिए दो बसों में 110 लोग शामिल हुए।

आर्य केन्द्रीय सभा गुरुग्राम एवं गुरुग्राम के सभी आर्य समाज के अधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बसें दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के लिए रवाना हुई।

बसों को ओम ध्वजा दिखाकर हरियाणा प्रांत सीएसआर हरियाणा के उपाध्यक्ष बोध राज सीकरी ने रवाना किया। प्रताप नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रमेश चुटानी की अगुवाई में गणेश जी की स्थापना की गई। इस कार्य का श्रीगणेश पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी के कर कमलों द्वारा हुआ।

# सिन्दरपुर बढ़ा में स्कूली बच्चों को दिलवाई स्वच्छता की शपथ



सिकंदरपुर बढ़ा गांव के स्कूल में बच्चों को स्वच्छता की जानकारी देते सरपंच सुंदर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्वच्छता** पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को मानेसर नगर निगम क्षेत्र के गांव सिन्दरपुर बढ़ा के सरकारी स्कूल में निगम की सेनिटेशन विंग की ओर से स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान निगम के क्षेत्रिय कराधान अधिकारी देवेंद्र कुमार ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। निगम की सेनिटेशन टीम बुधवार को गांव रामपुरा और नखड़ोला में स्वच्छता अभियान चलाएगी। इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को निगम क्षेत्र के दो गांव सिन्दरपुर बढ़ा और नवादा फतेहपुर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बतौर नोडल अधिकारी ने गांव सिन्दरपुर बढ़ा के गर्वनमेंट हाई स्कूल में स्वच्छता कार्यक्रम किया। स्कूल प्रांगण में निगम के अधिकारियों ने गांव के अन्य गणमान्य लोगों के साथ मिलकर झाड़ू भी लगाई। मानेसर नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन की कंसल्टेंट जेनिथ चौधरी ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि बच्चे आज ही से यह प्रण लें कि अपने घरों में गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग डालेंगे।

# फ्रेस्का जूस ने फ्रेस्का गोल्ड आम का रस लॉन्च किया, कीमत सबसे कम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**फ्रूट** जूस मार्केट में नया धमाका करते हुए इस मार्केट के बड़े प्लेयर फ्रेस्का जूस ने अपना गेम-चेंजर उत्पाद फ्रेस्का गोल्ड आम का रस' बाजार में पेश किया। इसमें अल्फांसो आम का स्वाद है और 200 मिलीलीटर एसेप्टिक पैक वाले इस ड्रिंक की कीमत मात्र 20 रुपये है। इस उत्पाद की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह कीटाणुनाशक लेमिनेटेड कार्टन कलर पैक में है जो बाजार में पहली बार आया है। इसकी पैकिंग पर होलोग्राफिक स्टैम्पिंग वाला मैजिक है, जो ग्राहकों के लिए प्रामाणिकता और सुरक्षा की गारंटी है और उन्हें आम का रस खरीदने के लिए बाध्य करेगा।

इस बारे में फ्रेस्का जूसेज के एमडी अखिल गुप्ता ने कहा, फ्रेस्का जूसेज के रूप में हमारी प्रतिबद्धता, गुणवत्ता और प्रामाणिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए अपने ग्राहकों को असाधारण मूल्य प्रदान करना है। फ्रेस्का गोल्ड आम का रस इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो अभूतपूर्व कीमत पर एक अद्वितीय आम का स्वाद देता है। यह नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है।'

उन्होंने आगे कहा, उत्तर भारत के राज्यों और 5 लाख से अधिक खुदरा दुकानों तक फैले वितरण नेटवर्क के साथ फ्रेस्का गोल्ड आम का रस जल्द ही कश्मीर से लेकर वाराणसी तक हर घर का पसंदीदा बन जाएगा।

दरअसल, भारत का फ्रूट ड्रिंक एवं फ्रूट जूस मार्केट बहुत बड़ा है, जिसका मूल्य 15,000 करोड़ रुपये है। कंपनी का दावा है कि वह बाजार में सबसे अलग हटकर है। और क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी दूसरा ब्रांड इस अविश्वसनीय कीमत पर इतनी उच्च गुणवत्ता वाला आम रस मुहैया नहीं करा पा रहा है।

# सीएम विंडो के स्कोर के मामले में प्रदेश में पहले स्थान पर गुरुग्राम

### गुरुग्राम जिला में 8615 शिकायतों में से हुआ 8285 का निपटारा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम के लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में सीएम विंडो की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य के सलाहकार ( सिंचाई एवं सीएम विंडो ) देवेंद्र सिंह।

**मुख्यमंत्री** के सलाहकार (सिंचाई एवं सीएम विंडो) देवेंद्र सिंह सेवानिवृत आईएएस ने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को उसकी समस्या का त्वरित समाधान मिले। वे यहां सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक के एजेंडे में शामिल लंबित शिकायतों की सुनवाई कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए देवेंद्र सिंह ने कहा कि सीएम विंडो की शिकायतों को यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी बिना किसी कारण के पेंडिंग रखता है तो उसको नोटिस जारी कर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। यदि कोई शिकायत ज्यादा पेचीदा है तो एक्सटेंशन ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी शिकायत पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही हो चुकी है तो उसकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए।

देवेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सख्त निर्देश है कि सीएम विंडो पर जो भी शिकायतें पेंडिंग है उनका प्राथमिकता के साथ निपटान किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर दर्ज किसी भी शिकायत पर जांच होने के बाद फील्ड से रिपोर्ट आने पर मुख्यालय स्तर पर उस पर तुरंत फैसला लिया जाए। उन्होंने इस दौरान नगर निगम गुरुग्राम व जीएमडीए से जुड़े अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करने की रिपोर्ट भी भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के समाधान होने पर शिकायतकर्ता अथवा संबंधित क्षेत्र के एमिनेंट व्यक्ति के हस्ताक्षर अवश्य लें। शिकायतकर्ता का संतुष्ट होना जरूरी है।

# सड़क हादसे में घायल वृद्ध 72 घंटे से बेहोश

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सिलानी के पास टैंऊक्टर-ट्राली की टक्कर से ऑटो सवार वृद्व गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल वृद्व को पहले नूंह के नल्लहड़ तथा बाद में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दाखिल कराया है।

जहां पर घायल वृद्व को घटना के 72 घंटा बीत जाने के बाद भी होश नहीं आया है। जिला पलवल का गांव मिण्डकौला निवासी संजू ने सोहना सदर थाना पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपने पिता सतपाल के साथ सोहना से अपने गांव मिण्डकौला जा रहे थे। सिलानी से वे ऑटो में बैठ गए थे तथा उसका पिता सतपाल ऑटो चालक के साथ दाहिने तरफ बैठ गया था। उसी समय मिण्डकौला की तरफ से तेज और उछलता हुआ सीधा आता हुआ ऑटो का टक्कर मार दी। उसका पिता सतपाल ऑटो से नीचे सडक पर गिर गया। जिससे उसके मुंह, हाथ, पैर व सिर में गंभीर चोटें लगी। सतपाल को गंभीर हालत में नूंह के नल्लहड़ अस्पताल में दाखिल कराया। जहा से डॉक्टरों ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# डेंगू बुखार से दिल्ली में एक बड़ा खतरा

### रोसवॉक हॉस्पिटल की डॉ. निकिता सभरवाल ने मानसून की बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा उपाय साझा किये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


**डेंगू** बुखार, मच्छरों से फैलने वाली एक वायरल बीमारी, दिल्ली शहर में एक बड़ा खतरा बनी हुई है। मध्यम वर्षा के बावजूद, स्थानीय अस्पतालों में पिछले दो से तीन सप्ताह में डेंगू के रिपोर्ट किए गए मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस उछाल ने सभी आयु समूहों और जनसांख्यिकी के लोगों को प्रभावित किया है।

डॉ. निकिता सभरवाल, यूनिट हेड, रोसवॉक हॉस्पिटल द्वारा बताए गए प्रमुख लक्षणों में मुख्य रूप से शरीर में दर्द और बुखार शामिल है। डेंगू के मामलों के लिए ज़िम्मेदार सर्कुलेटिंग स्ट्रेन गंभीर टाइप 2 स्ट्रेन है, जिसे टेस्ट के अधीन अधिकांश नमूनों में पहचाना गया है। बारिश ने बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रदूषण में योगदान दिया, जिससे न केवल सांस लेने वाली हवा, बल्कि पीने वाले पानी और हमारे द्वारा ग्रहण किए जाने वाले खाने पर भी असर पड़ा है। यह प्रचलित संदूषण बाद में शरीर की प्रतिरक्षा सुरक्षा को कमजोर कर देता है, जिससे शरीर वायरस के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है। इससे बच्चो को खासकर मच्छर जनित बीमारियों के होने का खतरा अधिक होता है क्यूंकि उनका इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विक्सित नहीं हो पाता । रोसवॉक हॉस्पिटल की डॉ निकिता सभरवाल ने मानसून की बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपाय साझा किये। (1) मच्छर निरोधकों का उपयोग करके और सुरक्षात्मक कपड़े पहनकर मच्छर जनित बीमारियों की संभावना को कम करें। (2) बार-बार हाथ धोने और व्यक्तिगत स्वच्छता मानकों को बनाए रखकर संक्रमण की रोकथाम को बढ़ावा देना। (3) मानसून के मौसम के दौरान, फंगल संक्रमण की संवेदनशीलता को कम करने के लिए नंगे पैर चलने से बचें। उपयुक्त जूते पहने। (4) पानी जमा होने वाली जगह या कंटेनर को खाली कर दें, क्योंकि रुका हुआ पानी मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल के रूप में काम करता है। (5) संभावित संदूषण और संबंधित स्वास्थ्य खतरों के कारण बाढ़ के पानी में खेलने से बचें।

(6) उबला हुआ पानी पीना और घर में होना वाटर फिल्ट्रेशन सिस्टम होना जरूरी है। (7) मच्छर जनित बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए कीट निरोधकों और मच्छरदानियों का उपयोग करें। (8) देर तक काम करने से बचें और उचित नींद की आदतें बनाए रखें, क्योंकि खराब नींद के पैटर्न से मानसून अवधि के दौरान फ्लू और सर्दी जैसे लक्षणों की संभावना बढ़ जाती है।

# ड्रूम स्टडी : एमजी हेक्टर डीजल प्रदान करती है सर्वोत्तम रीसेल वैल्यू, हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, टाटा हैरियर, महिंद्रा एक्सयूवी 700 और महिंद्रा एक्सयूवी 300 को छोड़ा पीछे

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून



**भारत** के प्रमुख ऑटोमोबाइल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ड्रूम ने एक अध्ययन किया, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि कौन सी एसयूवी बेस्ट रीसेल वैल्यू (सर्वोत्तम पुनर्विक्रय मूल्य) प्रदान करती है। इस तुलनात्मक विश्लेषण में, एमजी हेक्टर डीजल विजेता रही, जिसने हुंडई क्रेटा, टाटा हैरियर, महिंद्रा एक्सयूवी 700, महिंद्रा एक्सयूवी 300, किआ सेल्टोस और हुंडई अल्कज़ार जैसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सफलता हासिल की।

इसने सामान प्राइस रेंज के अन्य कारों की तुलना में असाधारण 85 फीसदी रीसेल वैल्यू हासिल किया है। साथ ही, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एसयूवी सेगमेंट में एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। यह अंतर व्हीकल की सर्वश्रेष्ठ विरासत के बारे में बहुत कुछ बताता है। अपनी विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध, एमजी हेक्टर डीजल को समय की कसौटी पर खरा उतरने के लिए तैयार किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आने वाले वर्षों तक इसका मूल्य बरकरार रहेगा।

**कारण: हेक्टर बेस्ट रीसेल वैल्यू में क्यों अगणी रहा**

1. हुड के नीचे एक पावरहाउस है। एक 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन, जो प्रभावशाली 170 हॉर्स पावर और 350 एनएम का टॉर्क देता है। आपके पास निर्बाध 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन या सहज 6-स्पीड ऑटोमैटिक के बीच विकल्प है, जो आपके ड्राइविंग अनुभव को परफेक्ट बनाता है। साथ ही, हेक्टर डीजल एक विशाल, आरामदायक और सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया इंटीरियर प्रदान करता है।

2. कार्यक्षमता /कुशलता... एमजी हेक्टर डीजल की एक और उपलब्धि है। 21 किमी प्रति लीटर' तक के उल्लेखनीय हाईवे माइलेज के साथ, यह आसानी से अपने प्रतिस्पर्धियों से आगे निकल जाती है। इसकी तुलना में क्रेटा और हैरियर जैसी गाड़ियां लगभग 18 किमी प्रति लीटर हासिल करते हैं। यह ईंधन-कुशल प्रदर्शन न केवल आपके कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है, बल्कि एक रोमांचक ड्राइविंग अनुभव भी सुनिश्चित करता है। 3. एमजी हेक्टर डीज़ल एक व्हीकल से कहीं अधिक है। यह शक्ति/पॉवर और कॉन्सियस लग्जरी के मिश्रण का प्रतीक है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुल्तानपुर पक्षी विहार में जुटेंगे देश के प्रसिद्ध शिल्पकार




**गुरुग्राम।** अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में सुलतानपुर स्थित पक्षी विहार में हरियाणा प्रांत और दूसरे राज्यों के सुप्रसिद्ध शिल्पकार जुटेंगे। वे यहां पक्षियों के सुंदरतम शिल्प कलात्मक ढंग से उकेरेंगे। गुरुग्राम जिला के लिए यह मूर्ति कला शिविर पर्यटन की नई संभावनाएं लेकर आएगा। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में खग, संग तराश प्रसंग-2023 नाम से अंतरराष्ट्रीय आधुनिक मूर्तिकला शिविर सुल्तानपुर पक्षी विहार में आयोजित किया जा रहा है। अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह में इसका आयोजन हो सकता है, जो कि 30 दिन का होगा। भाग लेने वाले सभी मूर्तिकार यहीं रहकर अच्छी गुणवत्ता के पत्थरों पर साइबेरियन सा, सारस, रोजी फेलिकन, गोरैया, बाज, बुलबुल, कोयल, गुरशल, मैना आदि पक्षियों की नयनाभिराम आकृतियां तैयार करेंगे। इस मूर्तिकला शिविर में हरियाणा समेत देश के अन्य राज्यों तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिल्पकारों के भाग लेने की संभावना है। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के मूर्ति कला अधिकारी हृदय कौशल इस शिविर का संयोजन करने में लगे हुए हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि पक्षियों की थीम पर ही इस मूर्तिकला कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सुल्तानपुर का पक्षी विहार हरियाणा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां रह साल सर्दियों के मौसम में विदेशों से तरह-तरह के पक्षी आते हैं। शिविर समापन के बाद स्थाई रूप से ये मूर्तियां पक्षी विहार की शोभा बनकर यहीं रखी जाएंगी। कला एवं सांस्कृतिक विभाग इस विरासत को हरियाणा राज्य के पर्यटन विभाग को सौंप देगा।


### अलमारी में रखे जेवरात और साढ़े 73 हजार की नकदी चोरी

**सोहना।** खंड के गांव खेड़ला में लोहे की अलमारी में से़ जेवरात व नकदी चोरी हो गई। सोहना सदर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है। गांव खेड़ला निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उसके 12 सितम्बर को मकान में रखी लोहे की अलमारी की जांच की थी। जांच के दौरान अलमारी में रखे जेवरात व नकदी सही रखें हुए थे। लेकिन चार दिन बाद उसने अलमारी को किसी काम के लिए खोला था। खेलने के दौरान उसे अलमारी का सामान बिखरा हुआ नजर आया। जांच करने पर अलमारी में रखें सोने के जेवरात व 73500 रुपये की नकदी गायब मिली। वह अलमारी के ताले की चाबी को घर के अंदर ही रखता था। अलमारी की चाबी भी उसे उसी स्थान पर रखी मिली। जहां पर वह रोजाना रखता था।

### पुलिस ने चैनस्नेचिंग मामले में दो बदमाशों को दबोचा

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने भोंडसी में महिला के गले से सोने की चैन झपटकर भागने के वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोहना की चुंगी नंबर एक पास से गिरफ्तार किया है। सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस टीम ने सोमवार की रात को गश्त के दौरान दो बदमाशों को उस समय गिरफ्तार किया। जब वे दोनों बदमाश अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में खडें हुए थे। जिनकी पहचान पहचान जितेंद्र उर्फ जीतू व दीपक के रूप में हुई। बदमाश दीपक ने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में लूट व चोरी की तीन वारदातें स्वीकार की है। यें तीनों ही वारदातें अलग-अगल थाना क्षेत्र की है। ज्ञात रहे कि जितेन्द्र उर्फ जीतू व दीपक ने 9 सितम्बर को भोंडसी की रेयान इंक्लेब कॉलोनी निवासी रीता सिंह के गले से सोने की चैन उस समय झपटी थी। जब रीता सिंह सुबह साढ़े 7 बजे वह अपने बेटा को स्कूल बस में बैठाने के लिए आई थी। जैसे ही रीता सिंह ने बेटा को बस बैठाने के बाद घर के लिए चलने लगी। तभी बाइक पर सवार होकर आए जितेंद्र उर्फ जीतू व दीपक ने योजना बनाकर रीता सिंह के गले से सोने की चैन को झपटने के बाद बाइक को तेजी से दौड़ते हुए सोहना की तरफ भाग गए थे।

### फेक आईडी से महिलाओं की अश्लील फोटो बनाने वाले दो दबोचे



**गुरुग्राम।** इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर लड़कियों, महिलाओं की फोटो को अश्लील बनाने, मार्फिंग कर फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। उनके पास से वारदात में प्रयोग किए गए 1 टैब व 4 सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके पूछताछ की जा रही है। पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम की पुलिस टीम को 2 शिकायतें मिली थी। जिसमें कहा गया कि सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उनकी फोटो को अश्लील बनाने/मॉर्फिंग कर फोटो को वायरल किया गया है। इन शिकायतों की पुष्टि करने उपरान्त पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम में केस दर्ज किए गए। इसके बाद थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर सवित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से आरोपियों तक पहुंचने का काम शुरू किया। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस टीम ने पालम विहार से दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की। इन दोनों की पहचान अभिषेक निवासी गांव औरों जिला नवादा बिहार व राहुल खान निवासी भागू की ढाणी तहसील किशनगढ़ जिला खैरथल राजस्थान के रूप में हुई है। ये ही लड़कियों और महिलाओं के अश्लील फोटो तैयार करके वायरल करते थे। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर फेक आई बनाकर फोटो को अश्लील बनाने/मॉर्फिंग कर वायरल किया था। आरोपी राहुल खान ने इंस्टाग्राम अकाउंट को हैक करके फोटो अश्लील बनाकर वायरल किए थे। आरोपियों ने पीड़िताओं, शिकायतकर्ताओं को परेशान करने के लिए उनके फोटो को मॉर्फ/एडिट करके अश्लील बनाया। फिर उन अश्लील फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस मामले में पुलिस आगे भी जांच कर रही है।

### वजीराबाद गांव में सफाई का बुरा हाल



**गुरुग्राम।** स्वच्छता में टॉप10 में आने के लिए नगर निगम आम जनता से स्वच्छता की उम्मीद रखता है, खुद काम करने की नीयत नहीं है। स्वच्छता के नाम पर मिलेनियम सिटी में खानापूर्ति हो रही है। गांव के धर्म सिंह यादव, जगत यादव, धर्मवीर, पवन, जगदीश, मामचंद, रामानंद ने कहा कि गांव में चारों तरफ गंदगी फैली पड़ी है। गाय गंदगी खा रही है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति ही हो रही है। यहां जगह-जगह पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी फैलती ही जा रही है। उसे उठाने के लिए कुछ नहीं हो रहा। स्वच्छता के दावे तो नगर निगम करता है, लेकिन हकीकत कहीं नजर नहीं आती। सूरजभान, बलराम, विजय आदि ने बताया कि सफाई के लिए नगर निगम बहुत लापरवाह है। कूड़ा उठाने के लिए कहीं सक्रियता नजर नहीं आती। गांव की गलियों में गंदा पानी बहता रहता है। पैदल निकलना दुभर है। गदंगी से उठने वाली बदबू से लोग परेशान हैं। लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। गदंगी से बीमारियां पैदा होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जिस हम गौ माता कहते हैं, वह गाय गंदगी में मुंह मारती रहती है। गायों को गौशालाओं में ले जाने के लिए कोई नहीं आता। मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन ने कहा कि नगर निगम यह जवाब दे कि करोड़ों रुपये खर्च नगर निगम कर रहा है, फिर भी सफाई का बुरा हाल है। अधिकारी कुछ सुन नहीं रहे। कुछ नहीं कर रहे। अधिकारी कभी फील्ड में जाकर भी नहीं देखते। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। अभय जैन ने कहा कि जिस मिलेनियम सिटी को दिखाकर सरकार विदेशों से पूंजी निवेश कराती है, उस शहर की खुद हकीकत जाने।

# गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य पर बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई शोभायात्रा



फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान गणेश जी महाराज।



शोभा यात्रा में मौजूद महिला कलश यात्री।

### गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरिया के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हुआ शहर

### रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों से सुसज्जित पालकी में सजे-धजे नजर आए गणपती महाराज

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

भैरो मंदिर समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी पर्व के उपलक्ष्य पर बड़े धूमधाम के साथ गणपति महाराज की शोभा यात्रा एवं श्रीमद् भागवत कलश यात्रा निकाली गई (कलश यात्रा में भगवान श्री गणेश जी को रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान कर मंगलवार सुबह नौ बजे गढ़ अंदर सीताराम मंदिर से ढोल नगाड़े एवं बैंड बाजे के साथ शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए निकाली गई। जिसमें लगभग तीन सौ महिला कलश यात्री शामिल रही। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर शहर के मौजीज लोगों ने शोभा यात्रा में उपस्थित श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा की गई।

इसी क्रम में कथावाचक गौरव कृष्ण शास्त्री के उपलक्ष्य पर शोभा यात्रा में महिला कलश यात्रियों के साथ नजर आए। वहीं शहर के मौजीज लोगों ने जगह-जगह पानी की छबील लगाकर शोभा यात्रा में उपस्थित श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल जल, शिकंजी, शरबत, कोल्ड ड्रिंक, फ्रूटी एवं फल फ्रूट वितरित किए। इस धार्मिक आयोजन के उपलक्ष्य पर शोभा यात्रा में उपस्थित सभी श्रद्धालु बैंड बाजे द्वारा बजाए गए सुर मधुर भजनों पर नाचते गाते नजर आए। इसके उपरांत यह शोभा यात्रा अपने गंतव्य स्थान भैरो मंदिर पहुंची और दोपहर दो बजे कथावाचक गौरव कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद द्वारा श्रीमद् भागवत महात्मय की कथा सुनाई गई, भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में ओत प्रोत श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और भैरो मंदिर कार्यकारिणी द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर धर्म लाभ उठाया। इस मौके पर अधिवक्ता सर्वेश सिंघला, विकास कुमार गुप्ता, सुदर्शन शर्मा, राधेश्याम खंडेलवाल, रङलाल गोयल, मनोहर, टिक्कम चंद सैनी सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।



भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करते भक्तजन।

वहीं पुन्हाना में श्री गणेश चतुर्थी पर्व को धूमधाम मनाने के लिए श्री गणेश युवा सखा मंडल द्वारा पुन्हाना शहर के मुख्य मार्गो से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शहर के लोगों द्वारा पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। यात्रा में युवाओं के साथ साथ महिलाओं व बुजुर्गो में खासा उत्साह देखा गया। भगवान गणेश की प्रतिमा के स्थापना के बाद पूजा अर्चना की गई व जगह जगह गणपति महाराज की आरती की गई। शहर में यात्रा के दौरान गणपति बप्पा मौरिया, जय जय गणेशा इत्यादि के जयकारे गूंज रहे थे। युवाओं सहित बाजार के दुकानदारों में गणपति महोत्सव को लेकर अलग ही उत्साह बना हुआ था।

श्री गणेश सखा मंडल ने सर्राफा बाजार से शोभा यात्रा शुभारंभ करने उपरांत मुख्य बाजारों से निकलते हुए गर्ल्स स्कूल के समीप पुराने स्थान पर गणपति जी की स्थापना की। महोत्सव कमेटी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि भगवान गणेश के जन्मदिन के उत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता के रूप में पूजा जाता है। 11 दिनों तक गणपति जी का दिन रात पूजन कार्यक्रम चलेगा, भजन कीर्तन, सन्ध्या के अलावा पूजा पाठ कार्यक्रम किये जायेंगे। विशेष तौर पर कार्यक्रम के दौरान झांकिया आकर्षण का केंद्र होगी। मान्यता है कि भादपद माह में शुक्ल पक्ष के दौरान भगवान गणेश का जन्म हुआ था। पुन्हाना शहर में पिछले कई वर्षो से गणेश चतुर्थी को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इस दौरान गणपत पंवार, विकास पंवार, सचिन सोनी, कैलाश सोनी, सुनील एसटीडी, प्रिंस सोनी, दीपक सोनी, विक्की सोनी, कोकी सोनी, नरेश शर्मा, संजय शर्मा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटा खण्डेवला में दम्पत्ति के साथ की मारपीट

तावडू। उपमंडल के गांव कोटा खंडेवला में दबंगों द्वारा दम्पत्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई शिकायत पर पुलिस ने डेढ़ महीना बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है। कोटा खंडेला निवासी पूर्व सैनिक प्रताप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते 8 अगस्त को पत्नी प्रकाशी देवी घर पर काम कर रही थी जबकि वह खेत में काम कर रहे थे। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले लोगों से पत्नी की कहासुनी हुई थी। जिन्होंने अपने हाथों में लाठी डंडे आदि से पत्नी प्रकाशी देवी से मारपीट की शोर सराभा होने पर पड़ोसी और वह मौके पर पहुंचे तो सभी हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उन्होंने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। घायल पत्नी को तावडू सामुदायिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। पीड़ित प्रताप ने बताया कि मामले को लेकर आठ आरोपियों के खिलाफ मोहम्मदपुर पुलिस चौकी में दो अलग-अलग शिकायतें दी गई। लेकिन करीब डेढ़ महीना गुजरने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई,उनकी शिकायत को पुलिस ने सिर्फ रोजनामचा में दर्ज कर खाना पूर्ति कर दी।वही दंपति के सैनिक बेटे का आरोप है कि वह ड्यूटी होने के कारण घर से दूर है उनके मां-बाप की जान का खतरा है। जल्दी में इस मामले में पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। इस मामले में मोहम्मदपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुमित से संपर्क किया गया तो बताया कि उन्होंने हाल ही में मोहम्मदपुर पुलिस चौकी का प्रभार ग्रहण किया है। मामला उनके संज्ञान में नहीं था,अब जांच करेंगे।

### आकांक्षी खंड स्तरीय द्वितीय चिंतन शिविर का आयोजन

मेवात। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में आज मंगलवार को एमडीए कॉफ्रेंस हाल, नूंह में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के क्रियान्वयन के क्रम में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मेवात विकास अभिकरण प्रदीप अहलावत की अध्यक्षता में दूसरी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नूंह एवं पुन्हाना खंड के बलॉक के अधिकारियों के अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य मंडल, नूंह, खण्ड स्तरीय महिला एवं बाल विकास अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग / कृषि विभाग के एसडीओ, जिला बैंक अधिकारी एवं एसआरएलएम के डीपीएम आदि ने भाग लिया। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने नूंह एवं पुन्हाना ब्लाक को आवंटित लक्ष्यों की विभागवाइज व योजनावार प्रगति का अवलोकन किया और जिन संकेतकों में सुधार नहीं हुआ है, उनके बारे संबंधित को निर्देश दिये तथा कहा कि अपने ब्लाक से संबंधित डाटा तैयार करें, जिसमें ब्लाक सुदृढ़ीकरण, ब्लॉक की कमी, ब्लाक में अवसर आदि का विशलेषण हो ताकि उन्हें क्षेत्रों पर ज्यादा फोक्स देकर बेहतर ढंग से लागू किया जा सके। इसके अतिरिक्त उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि चयनित बीएलओ 21 व 22 सितंबर, 2023 को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, मोहाली पंचकूला में वर्कशाप में भाग लेने जा रहे हैं, जहां पर संस्थान द्वारा उन्हें योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन बारे विस्तार से बताया जायेगा तथा खंड के विकास में आ रही बाधाओं व विकासात्मक पहलुओं बारे जानकारी व क्रियान्वयन के तौर तरीके बताये जाएंगे। इसे ध्यानपूर्वक ग्रहण करें व अपने कार्यक्षेत्र में आवश्यक सुधार लाने का प्रयास करें ताकि निर्धारित लक्ष्यों की लक्ष्यों की प्राप्ति कर संकेतकों को ऊंचा उठाया जा सके।

### 2 यतीम बहनों को तालीम और तरबीयत के लिए गोद लिया

नूंह। नगीना हल्के में आने वाला गांव अटेरना में मुनफैद नाम का एक लड़का लंबे वक्त से बीमार चल रहा था लंबे इलाज के चलते मुनफैद के काफी रुपया लग चुका था और वह अपनी जमा रकम और जमीन वगैरा बेचकर अपनी बीमारी में सारे पैसे लगा दिए थे मगर मुनफैद ठीक नहीं हो सका 2 साल पहले जमीयत उलेमा मेवात के साथियों को मुनफैद के बारे में पता चला तो उस समय से उनके नॉर्मल इलाज और घरेलू खर्च की जिम्मेदारी जमीयत उलामा भादस के साथियों ने ले रखी थी, दो दिन पहले ही मुनफैद भाई इस दुनिया को अलविदा कह गए और वह अपनी बीवी और दो बेटियां हैं। मौलाना याहया करीमी महासचिव जमियत उलमा हरियाणा, पंजाब के मशवरे से जमीयत उलमा भादस के एक वफद ने आज उनके परिवार से मुलाकात की और उन बच्चों को तालीम और तबीयत के लिए गोद ले लिया और फौरी तौर पर उनको 4 महीने का राशन और घर का खर्च जमीयत उलमा भादस की तरफ से दे दिया गया है और उनके आगे भी पूरा ख्याल रखा जाएगा, वफद में शामिल मौलाना साबिर मजाहिरी,मौलाना खालिद रहीमी रानीका,मौलाना जकरिया भादस, मौलाना शेर मोहम्मद भादस, मुबारिक भाई वगैरा मौजूद रहे।

## तावडू पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष

तावडू। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज मंगलवार को तावडू नगर में पहुंचे।जहां पर विभिन्न गांव के जिम्मेदार लोगों ने कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष को शाल भेंट कर व पगड़ी बांध स्वागत किया। इस अवसर पर नगरवासी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की सांप्रदायिक नीति को समझ चुकी है।नूंह हिंसा के सवाल पर उन्होंने कहा कि दंगों व झगड़ों से किसी का भला होने वाला नहीं है। मौजूदा समय में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की जरूरत है। प्रदेश सरकार तीनों ही मुख्य बिंदुओं पर गूंगी बहरी बन बैठी है। प्रधानमंत्री ने पहले चुनावों के दौरान जनता से वादा किया था कि वह हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। सरकार को दस साल पूरे होने जा रहे हैं दो लाख युवाओं को भी अभी तक रोजगार नहीं दे पाए।उन्होंने कहा कि नूंह जिले में हुई हिंसा सरकार की सोची समझी साजिश थी। जिसके बल पर दो समुदायों के बीच खाई पैदा कर वोट हथियाई जा सकें। प्रदेश सरकार की दंगा नीति के चलते जिला नूंह (मेवात) दो दशक पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि तावडू चौरासी की सरदारी ने जो उनको सम्मान दिया है समय आने पर मूल सहित लौटा देंगे।


**विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड**

सीआईएन : [illegible]
पंजी. कार्यालय : रेलवे रोड, सिवानी, हरियाणा-127046, भारत
कार्पोरेट कार्यालय : बी-86/87, उद्योग विहार, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, राजस्थान-335002
वेबसाइट : www.vikaswspltd.in ई-मेल आईडी : [illegible]@gmail.com
फोन : 91 (154) 2494512/2494552 ; फैक्स : 91 (154) 2494361/2475376
30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित "पृथक्कृत" वित्तीय परिणामों का विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-06-2021 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 0.01 | 0.43 | 47.41 | 2,309.67 |
| 2. | प्रचालनों से लाभ/(हानि) कर तथा अपवादात्मक मदों से पहले | (901.68) | (3,960.94) | (1,282.55) | (8,647.65) |
| 3. | प्रचालनों से लाभ/(हानि) कर से पहले तथा अपवादात्मक मदों के बाद | (901.68) | (14,217.29) | (1,282.55) | (18,904.00) |
| 4. | अवधि/वर्ष हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | (901.68) | (11,666.39) | (1,282.55) | (16,353.10) |
| 5. | अवधि/वर्ष हेतु कुल समावेशी आय | (901.68) | (11,630.63) | (1,282.55) | (16,317.34) |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेयर का अंकित मूल्य रू. 1/- प्रत्येक) | 2044.40 | 2044.40 | 2044.40 | 2044.40 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन/(हानि) (वार्षिकीकृत नहीं) मूल (रू.) | (0.44) | (5.69) | (0.63) | (7.98) |
| | तनुकृत (रू.) | (0.44) | (5.69) | (0.63) | (7.98) |

नोट
[illegible] ... IBBI/IPA-002/IP-N00326/2017-18/10931 ... [illegible]
... संख्या IA No-764/2022 है।
[illegible]

| विवरण | 31-03-2022 को वित्तीय विवरण के अनुसार | 08-08-2023 को सीओसी के अनुमोदन से स्वीकृत राशि | अन्तर |
|---|---|---|---|
| देय वेतन एवं बोनस | 19,51,90,451/- | 40,85,85,898/- | 21,33,95,447/- |
| देय ग्रेच्युटी | 3,82,85,920/- | 8,76,90,302/- | 4,94,04,382/- |
| योग | 23,34,76,371/- | 49,62,76,200/- | 26,27,99,829/- |

12. तिमाही वित्तीय परिणामों का प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट तथा कम्पनी की वेबसाइट ("www.vikaswspltd.in") पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड
(सीआईआरपी के अधीन कम्पनी)
हस्ता./-
दर्शन सिंह आनंद
समाधान प्रोफेशनल
स्थान : श्री गंगानगर
तिथि : 19-09-2023
IBBI/IPA-002/IP-N00326/2017-18/10931


## आम आदमी पार्टी परिवार जोड़ो अभियान की नूंह से करेगी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

दिल्ली एवं पंजाब फतह करने के बाद अब आम आदमी पार्टी की नजर हरियाणा पर है। हरियाणा में संगठन को मजबूत बनाने के लिए आम आदमी पार्टी के नेता फील्ड में उतरने जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता प्रदेश भर में तकरीबन 49 लाख परिवारों को जोड़ने जा रहे हैं। प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों में आम आदमी के पार्टी के नेता अब गांव - गांव, घर - घर घूमते हुए नजर आएंगे।

इसके अलावा आम आदमी पार्टी हर बूथ स्तर पर 10 लोगों की एक कमेटी बनाएगी। इसके अलावा 21 लोगों की कमेटी गांव के स्तर पर बनाई जाएगी और एक सचिव हर गांव स्तर पर नियुक्त किया जाएगा। उसके अलावा पांच गांव एवम ब्लॉक स्तर पर भी कमेटियां बनाई जाएंगी। कुल मिलाकर आम आदमी पार्टी



लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी योजना बना चुकी है।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाजी साहब खान पटवारी एवं आम आदमी पार्टी के नेता फखरुदीन एडवोकेट चंदेनी ने संयुक्त पत्रकार वार्ता कर इस परिवार जोड़ो अभियान का खुलासा करते हुए कहा कि तकरीबन 20 - 30 दिन तक यह अभियान पूरे प्रदेश भर में चलेगा। नूंह जिले की नूंह, फिरोजपुर झिरका तथा पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के नेता ज्यादा से ज्यादा परिवारों को जोड़ने की कोशिश करेंगे। कुल मिलाकर अभी यह साफ है कि भले ही इंडिया गठबंधन में आम आदमी पार्टी शामिल होने जा रही है, लेकिन अपने संगठन को धार देने में आम आदमी पार्टी कोई कोर कसर हरियाणा में नहीं रखना चाहती। इसलिए पूरी योजना के साथ मैदान में उतर रही है।

आम आदमी पार्टी नेता पूर्व सांसद अशोक तंवर, चित्रा सरवरा, बलबीर सैनी पूर्व मंत्री ने संयुक्त प्रेसवार्ता में इस परिवार जोड़ो अभियान की शुरुआत की। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि नूंह हिंसा में सरकार में प्रशासन पूरी तरह से फैलियर रहा है। कांग्रेस के नेता के खिलाफ अभी तक पुलिस गिरफ्त में आने के बाद कोई खुलासा नहीं हो पाया है। इसलिए ऐसी लग रहा है कि उनको गलत फसाया जा रहा है। फिर भी पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। इसमें जो भी दोषी हो, उसे किसी सूरत में भी बक्शा नहीं जाना चाहिए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय बाई में पूर्व छात्रों ने पौधरोपण कर साझा कीं अपनी यादें

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने हरियाणा के सभी नवोदय विद्यालय में पौधरोपण अभियान को आगे बढ़ाते हुए जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय बाई में पौधारोपण किया गया। यह अभियान 2 जुलाई 2023 से हरियाणा के सभी नवोदय विद्यालयों में शुरू किया गया जिसकी शुरुआत जवाहर नवोदय विद्यालय पंचकूला से हुई एवं इसका समापन कार्यक्रम जिले के दक्षिणी हिस्से छोर पर जिला नूह के बाई के जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ।

इस राज्य स्तरीय पौधा रोपण अभियान का संचालन डॉ राजेश कुमार धूल जिला प्रबंधक कृषि विभाग पंचकूला जो नवोदय विद्यालय जींद के पूर्ववर्ती छात्र के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय रेवाड़ी के पूर्व छात्र हरिराम हरियाणा सिविल सर्विस अंडर ट्रैनिंग, सुशील कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय जींद, सहित हरियाणा के विभिन्न नवोदय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जिले के जवाहर



नवोदय विद्यालय नूंह के पूर्व छात्र डॉक्टर इरफान, जिला शिक्षा विभाग में डीएसएस पद पर कार्यरत रामकिशन आर्य, एहसान, अकरम मालब आदि की सक्रिय भागीदारी रही इस दौरान कार्यक्रम में शामिल हुए पुराने छात्रों ने अपनी यादें ताजा की। वहीं नवोदय विद्यालय के प्राचार्य टीपी सिंह ने पूर्व विद्यार्थियों द्वारा चलाए गए इस अभियान की प्रशंसा की एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अभियान में जवाहर नवोदय विद्यालय जींद, गुड़गांव, रेवाड़ी, नूंह के पूर्ववर्ती एवं वर्तमान विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## 27 सितंबर को निकाली जाएगी बड़े धूमधाम के साथ बाबा श्याम की डाक ध्वजा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

श्री श्याम सखा मंडल के तत्वाधान में आगामी 27 सितंबर को बड़े धूमधाम के साथ बाबा खाटू श्याम की डाक ध्वजा यात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाल जाएगी।

उक्त सभी जानकारी श्री श्याम सखा मंडल के प्रधान दीपक गोयल उर्फ मोनू ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह पंचम बाबा श्याम की डाक ध्वजा यात्रा कार्यक्रम श्री श्याम परिवार महासंघ के संस्थापक ललित मोहनाचार्य के सानिध्य में किया जाएगा। कार्यक्रम से पूर्व सभी श्याम प्रेमी बुधवार सुबह पांच बजे गढ़ अंदर प्राचीन दुर्गा देवी मंदिर में एकत्रित होंगे और श्याम नाम ध्वजा का दिव्य मंत्रो उच्चारणों द्वारा पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत यह ध्वजा यात्रा डीजे एवं ढोल नगाड़ों द्वारा प्राचीन दुर्गा देवी मंदिर से होते हुए, शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए सिविल लाइंस रोड पर स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर पहुंचकर सभी श्याम प्रेमी निर्धारित समय अनुसार साढ़े 6 बजे बाबा श्याम की डाक ध्वजा यात्रा की शुरुआत करेंगे और 12 घंटे के दरमियान में बाबा खाटू धाम के मंदिर में पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम की इस धार्मिक यात्रा में नोगांवा, तिराया, अलवर, शाहपुरा, विराटनगर के श्याम प्रेमी समस्त ध्वज यात्रियों को स्वागत देंगे।28 सितंबर को डाक ध्वज यात्रा का मंगलमय पूर्ण करके अपने गंतव्य स्थान फिरोजपुर झिरका पहुंचेगी।


**पायनियर क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

मैं चिराग अरोरा पुत्र श्री परवीन अरोरा निवासी हाउस नम्बर-65, राधे पुरी एक्सटेंशन-II,कृष्णा नगर पूर्वी दिल्ली 110051 बयान करता हूं कि मेरे बर्थ सर्टिफिकेट 10वीं व 12वीं की मार्कशीट में मेरा नाम चिराग लिखा गया जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम चिराग अरोरा पुत्र श्री परवीन अरोरा व माता का नाम दिव्या अरोरा लिखा हुआ है, जो सही व दुरुस्त है।

I, Vishal Kumar S/o Manmohan Sharma R/o H. No. E/39, Nehru Ground, NIT-1 Faridabad, have changed my name to Vishal Sharma

**खोया-पाया**

मैं, बलबीर सिंह निवासी मकान नम्बर-395, सेक्टर-14, जिला सोनीपत, हरियाणा ब्यान करता हूं, कि मेरा फ्लैट नम्बर-B902, हेक्स टैक्स कम्यून अपार्टमेंट, सेक्टर-43, गुरुग्राम, हरियाणा मेरी प्रॉपर्टी आई.डी. 1CGRCQ80 जो कि दिनांक 27.07.2023 समय 10.00 बजे सेक्टर-14, सोनीपत में इस प्रॉपर्टी का अलॉटमेंट लेटर गुम हो गई है, अगर किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया **पुलिस थाना सेक्टर-14, सोनीपत** पर संपर्क करें।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सार्वजनिक सूचना के लिए है कि सर्वोदय हॉस्पिटल, सेक्टर 8, फरीदाबाद, अस्पताल मानदंडों के अनुसार 1 जनवरी 2020 से 31 अगस्त 2020 तक रोगी चिकित्सा रिकॉर्ड (एमएलसी और मृत्यु रोगी, चल रहे केस और KTU मरीजो को छोड़कर) को नष्ट कर रहा है। दस्तावेजो को नष्ट करने की प्रक्रिया 1 अक्टूबर 2023 से शुरू की जाएगी।

कोई भी रोगी / रोगी का रिश्तेदार या रोगी से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति यदि भविष्य के संदर्भ के लिए आंतरिक रोगी मेडिकल रिकॉर्ड को संरक्षित करवाना चाहता है तो इसके लिए अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग से 30 सितम्बर 2023 से पहले 8586969716, 1800 313 1414 पर कॉल करें या मेल mrd@sarvodayahospital.com पर संपर्क कर सकते है।

आदेशानुसार: मेडिकल डायरेक्टर
सर्वोदय हॉस्पिटल
सेक्टर 8, फरीदाबाद


## रैपिड एक्शन फोर्स ने प्रदर्शनी के माध्यम से दंगा नियंत्रण ड्रिल दिखाकर पुलिस जवानों को प्रशिक्षण दिया

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना/नूंह

रैपिड एक्शन फोर्स 194 बटालियन की प्लाटून ने परिचित अभ्यास के अंतिम दिन रैपिड एक्शन फोर्स के उप-कमांडेंट सुनील कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस लाइन नूंह में कम घातक हथियारों व मुनेशन की प्रदर्शनी लगाई। इसके साथ ही दंगा नियंत्रण ड्रिल दिखाकर जिला पुलिस के जवानों को प्रशिक्षण दिया। आर ए एफ की माला टीम ने जिले के डीएवी स्कूल के बच्चों को आत्मरक्षा करने के गुर सिखाए। इस दौरान रैपिड एक्शन टीम ने आज भी



पौधारोपण करके क्षेत्र के लोगो को पर्यावरण प्रदूषण रोकने व पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी जागरूक किया।

आपको बता दे कि रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून बीती 13 सितंबर से जिला नूंह के विभिन्न पुलिस थानों व चौकियों के अंतर्गत जाकर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व क्षेत्र में पूर्व हुए घटित हुए दंगो एवं अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की, ताकि भविष्य में होने

### महिला टीम ने स्कूली छात्रों को आत्मरक्षा के गुर बताए

वाली कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी की आशंकाओं में आसानी से तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण कर सके। इसी क्रम में अंतिम दिन रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा कम घातक हथियार व मुनेशन से मजमे को तित्तर-बित्तर करने की विस्तृत जानकारी जिला पुलिस के जवानों को दी। टीम ने आधुनिक हथियार, उपकरण और उपयोग में आने वाले आधुनिक तकनीक से युक्त वाहनों की जानकारी भी दी। इस दौरान महिला टीम सदस्यों ने डीएवी स्कूल में उपस्थित छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा करने के गुर भी सिखाए। साथ ही स्कूल प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण प्रदूषण रोकने एवं सरंक्षण करने का संदेश भी दिया। स्कूल प्रधानाचार्य टीम का आभार व्यक्त किया। रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट सुनील कुमार ने बताया कि आज लगाई गई प्रदर्शनी का उद्देश्य भविष्य में होने वाले दंगो या दंगा जैसी स्थिति से निपटने के प्रति जागरूक करना था तथा रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस के बीच अच्छा सामजस्य बना रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं।


## नया संसद भवन
### विशेष सत्र

**नये** संसद भवन में संसद का विशेष सत्र शुरू हो गया। संसद का विशेष सत्र एक प्रकार से वर्तमान समय के अनुकूल है, पर विपक्ष को कुछ दिनों पहले तक सत्र के एजेंडे पर संदेह बना रहा। मानसून सत्र समाप्त होने के कुछ ही दिन बाद इस विशेष सत्र की घोषणा की गई थी। भाजपा सरकार ने विशेष सत्र की घोषणा 18 सितंबर को की थी, जब सबका ध्यान जी20 सम्मेलन को पूर्ण सफल बनाने पर केन्द्रित था। इस अप्रत्याशित घोषणा पर सभी राजनेताओं ने ध्यान दिया, पर उनको सत्र के एजेंडे तथा सरकार के इरादों के प्रति संदेह था। चूंकि विशेष सत्र केवल तात्कालिक व महत्वपूर्ण मुद्दा आने पर आहूत किया जाता है, इसलिए इस सत्र में शामिल मुद्दों के बारे में काफी अनुमान लगाया जा रहा था व इस पर अफवाहों का बाजार गरम था। हालांकि, सत्र शुरू होने के कुछ दिन पहले सरकार ने एजेंडा जारी किया कि इसमें संसद की 75 साल की यात्रा पर विशेष चर्चा होगी। सरकार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में विधेयक सूचीबद्ध किया है जिसे विचार कर पास किया जाएगा। लोकसभा के समक्ष उपस्थिति अन्य मुद्दों में एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल, 2023 तथा 'प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन आफ पीरियाडिकल्स बिल, 2023' है जिसे राज्यसभा ने 3 अगस्त, 2023 को पास कर दिया था। इसके साथ ही लोकसभा में 'पोस्ट आफिस बिल, 2023' को सूचीबद्ध किया गया है। इस सत्र में संसद की कार्यवाही पुराने संसद भवन से अगले दिन नए संसद भवन में स्थानान्तरित हो जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि विशेष सत्र में होने वाला कामकाज संसद के शीतसत्र तक प्रतीक्षा कर सकता था। संभवत: विपक्ष संसद के विशेष सत्र पर सवाल उठा कर नये संसद भवन के निर्माण, उसकी भव्यता तथा भविष्य में उसकी उपयोगिता को पृष्ठभूमि में धकेलने का प्रयास कर रहा है। विपक्ष ने पहले भी कोरोनाकाल में संसद का नया भवन बनवाने पर आपत्ति की थी, इसे पैसे का भयानक दुरुपयोग बताया तथा अनेक लोगों ने न्यायालय के माध्यम से भी निर्माण रुकवाने या उसमें बाधा डालने के प्रयास किए थे। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जाना चाहिए कि कांग्रेस नीत संप्रग शासनकाल में पुराने भवन में संसद के कामकाज में आने वाली बाधाओं को देखते हुए नये भवन की आवश्यकता पर विचार हुआ था, पर इसे बाद में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने समय की आवश्यकता को देखते हुए नये संसद भवन के निर्माण की पहल की तथा कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण पैदा समस्याओं के बावजूद निश्चित समय में इसे पूरा कराया। देश की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आने वाले समय में सांसदों की संख्या भी बढ़ जाएगी। ऐसी स्थिति में पुराने संसद भवन में कामकाज असंभव हो जाता। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके भारत का नया संसद भवन, न केवल दुनिया के सर्वोत्तम संसद भवनों का मुकाबला कर सकता है, बल्कि यह सभी प्रकार से भारत की समृद्ध व विविधतापूर्ण सांस्कृतिक संपदा का प्रतिनिधित्व भी करता है। परंपरागत 'सेंगोल' की स्थापना तथा गणेश चतुर्थी के पवित्र दिन नये संसद का उद्घाटन निश्चित रूप से भारत के इतिहास में मील का एक पत्थर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार कहा है कि देश 'अमृत काल' में औपनिवेशिक दासता के प्रतीकों से मुक्ति पाना चाहता है। नये संसद भवन में संसद के विशेष सत्र की शुरुआत इस दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।



# खुदरा क्षेत्र में शत-प्रतिशत एफडीआई

**सभी प्रकार के खुदरा व्यापार क्षेत्र की वृद्धि के लिए शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को अनुमति मिलनी चाहिए, फिर चाहे वह ऑफलाइन हो या आनलाइन, छोटा या बड़ा।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



2 अगस्त, 2023 को वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग व आंतरिक व्यापार विभाग-डीपीआईआईटी से हुई आनलाइन चर्चा में ई-कामर्स फर्मों के प्रतिनिधियों तथा घरेलू व्यापार संस्थाओं, जैसे कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स-सीएआईटी ने प्रस्तावित ई-कामर्स नीति के 'मूल पक्षों' पर एक प्रस्तुतीकरण दिया था। इस नीति पर 2018 से चर्चा हो रही है। डीपीआईआईटी ने प्रस्तावित नीति के सात महत्वपूर्ण तत्वों को रेखांकित किया था। इसमें मार्केटप्लेस की स्पष्ट पहचान शामिल है जहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई की अनुमति है तथा इन्वेंटरी माडल प्रतिबंधित है।

इसके साथ ही नीतियों को उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के अनुकूल बनाने तथा लघु, छोटे एवं मझोले उद्यमों-एमएसएमई की समावेशी प्रगति के उपयुक्त नियम बनाने के साथ ही उपभोक्ताओं को स्वतंत्र व सूचना आधारित विकल्प देने, निर्यात प्रोत्साहन, ई-कामर्स उद्यमों की जिम्मेदारियां परिभाषित करने व नियामक उपायों के कठोर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया था। सरकार का मुख्य उद्देश्य तीन प्रमुख पक्षों, यानी विदेशी निवेशकों, एमएसएमई व उपभोक्ताओं के हितों में सामंजस्य स्थापित करना था। लेकिन डीपीआईआईटी द्वारा विभिन्न नीतियों के आधार पर 2016 में ई-कामर्स में एफडीआई पर पहले कदम उठाए गए, उनको देखते हुए इस क्षेत्र में एफडीआई आने की संभावना बहुत कम लगती है।

ई-कामर्स वस्तुओं व सेवाओं की इंटरनेट के माध्यम से बिक्री की व्यवस्था है। 2016 के प्रारम्भ में सरकार ने तथाकथित मार्केटप्लेस माडल के अंतर्गत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी थी। मार्केटप्लेस एक प्लेटफार्म है जहां विभिन्न विक्रेता अपने उत्पाद उपभोक्ताओं को बेचते हैं, जहां स्वामी केवल फैसिलिटेटर की भूमिका निभाते हुए विभिन्न सेवायें देता है। इनमें आर्डर बुक करना, इन्वायस बनाना, डिलीवरी की व्यवस्था करना, आदि शामिल हैं। वह सीधे इन्वेंटरी बनाने या प्रत्यक्ष बिक्री जैसे काम नहीं कर सकता है। इस नीति का इरादा पूर्णत: स्पष्ट था। मार्केटप्लेस में विदेशी निवेशक से इन्वेंटरी माडल में निवेश की उम्मीद नहीं थी। डीपीआईआईटी द्वारा 2016 में प्रेस नोट के माध्यम से इन दोनों माडलों के बीच 'अंतर' स्पष्ट किया गया था। लेकिन एक चालाक नौकरशाह ने विस्तृत ड्राफ्ट तैयार करने में इस अंतर को धुंधला कर दिया। 2016 के प्रेस नोट में दो शर्तें स्पष्ट थीं। पहला, मार्केटप्लेस पर स्वामित्व वाला विदेशी उद्यम मार्केटप्लेस पर कुल बिक्री के 25 प्रतिशत से अधिक एक विक्रेता या कंपनियों के समूह को अनुमति नहीं दे सकता था। दूसरा, वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिक्री मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता है। यह स्पष्ट न होने पर कि वह विक्रेता कौन हो सकता है, इससे मार्केटप्लेस का स्वामित्व रखने वाली कंपनी को मौका मिल गया। वह चार कपंनियां स्थापित कर सकता है जिनको सहायक या जेवी कहा जाता है। इस प्रकार वह प्लेटफार्म पर कुल बिक्री के 25 प्रतिशत से अधिक पर नियंत्रण कर सकता है।

विदेशी निवेशक के ई-कामर्स में प्रतिबंध के नीतिगत इरादे के उलट, यह विस्तृत विवरण ठीक उल्टा काम करता था। मार्केटप्लेस पर होने वाली लगभग कुल बिक्री पर नियंत्रण के बाद दूसरी शर्तका कोई मतलब नहीं रह जाता है कि वह बिक्री मूल्य को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित नहीं करेगा।

अमेजन, वालमार्ट, फ्लिपकार्ट, आदि की प्रत्यक्ष बिक्री में परोक्ष प्रवेश से प्रभावित एमएसएमई ने सरकार से शिकायत की। इसकी प्रतिक्रिया में डीपीआईआईटी ने 26 दिसंबर, 2018 को स्पष्टीकरण दिया, 'मार्केटप्लेस का स्वामी या उसका सहायक या भारतीय कंपनी के साथ उसका ज्वाइंट वेंचर-जेई विक्रेता का स्वामी नहीं हो सकता है।' इसके साथ ही कहा गया कि 'प्लेटफार्म पर कोई विक्रेता अपनी इन्वेंटरी का 25 प्रतिशत से अधिक उससे जुड़ी फर्म से नहीं प्राप्त कर सकता है'। लेकिन पहले आदेश का उल्लंघन करने के लिए विदेशी निवेशक विक्रेता फर्म में 50 प्रतिशत से कम शेयर रख कर यह तर्क दे सकता है कि उसका इस विक्रेता के बहुसंख्य शेयरों पर कोई नियंत्रण नहीं है। मार्केटप्लेस स्वामी 'अपने' उत्पादों को प्लेटफार्म पर अपनी थोक शाखा के माध्यम से भी बेच सकता है। इसके लिए थोक शाखा को केवल विक्रेताओं से सप्लाई को 25 प्रतिशत सीमा के नीचे रखना होता है। इस प्रकार यह केवल सीमायें धुंधली करने का मामला नहीं है। आधिकारिक नोट ने मार्केटप्लेस स्वामी और विक्रेता के बीच संबंधों को न केवल स्वीकार किया, बल्कि उनको वैधता भी प्रदान की है। इससे विदेशी फर्मों द्वारा इन्वेंटरी बनाने तथा उपभोक्ताओं को सीधे बिक्री पर कोई लगाम नहीं लगती है। उदाहरण के लिए, अमेजन प्लेटफार्म पर विक्रेताओं की 400,000 फर्में पंजीकृत हैं, पर इनकी बिक्री का 67 प्रतिशत केवल तीन दर्जन फर्मों के माध्यम से होता है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर आश्चर्य होता है कि नई नीति कैसे एमएसएमई की समग्र वृद्धि सुनिश्चित कर सकती है।

सरकार नीति को उपभोक्ता संरक्षण कानून के अनुसार सुसंगत बनाना चाहती है। 2020 में उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत उपभोक्ता मामलों के विभाग-डीसीए ने उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 की धारा 101 के अंतर्गत उपभोक्ता संरक्षण ई-कामर्स नियम जारी किए थे। इन नियमों में ई-कामर्स प्लेटफार्मों पर 'फ्लैश सेल्स' को सीमित करते हुए वस्तुओं के प्रोत्साहन के लिए मार्केटप्लेस ई-कामर्स के नाम या ब्रांड का प्रयोग करने पर प्रतिबंध लगाया गया था। 2021 में डीसीए ने संशोधन कर ई-कामर्स में बिजनेस टु बिजनेस या बी2बी बिक्री को सीमित किया था तथा ई-कामर्स फर्म द्वारा 'प्रभुत्वकारी स्थिति के दुरुपयोग' को रोकने का एक प्राविधान बनाया था। लेकिन नई नीति को इन नियमों की संगति में लाने के लिए प्लेटफार्म के स्वामी तथा विक्रेताओं के बीच संबंध पूरी तरह तोड़ने होंगे। दूसरे शब्दों में, सरकार वह सभी काम समाप्त करना चाहती है जो पहले वाणिज्य मंत्रालय ने किए थे। लेकिन इसका अर्थ नीतियों में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन होगा जो विदेशी निवेशकों को गलत संकेत दे सकता है। कोई आश्चर्य नहीं कि बड़ी ई-कामर्स कंपनियां ऐसे प्रस्तावित परिवर्तनों का विरोध कर रही हैं। प्रस्तावित नीति का चौथा आयाम उपभोक्ताओं को 'स्वतंत्र' और 'सूचना आधारित' विकल्प उपलब्ध कराना है। यह तभी संभव होगा जब बड़ी संख्या में उद्यम प्लेटफार्म पर अपने उत्पाद 'न्यायोचित' व 'बिना भेदभाव' के बेचने में सक्षम हों।

लेकिन यह नहीं हो रहा है क्योंकि बड़ी विदेशी कंपनियों का सभी प्रकार से नियंत्रण है। इसके साथ ही उनकी सहायक व संयुक्त उद्यम कंपनियों का प्लेटफार्म पर वर्चस्व है। दूसरे मामलों में विदेशी कंपनियां तय करती हैं कि 'किसे कितना स्पेस व दृश्यता मिलेगी।' जहां तक निर्यात प्रोत्साहन का सवाल है, एमएनसी भारतीय बाजार में लगातार विस्तार के अवसरों का लाभ उठा रही हैं और हमारे नीति निर्माताओं ने अब तक उनकी सहायता की है। ऐसे में ई-कामर्स के माध्यम से निर्यात को प्रोत्साहन की बात गले से नहीं उतरती है।

उपभोक्ताओं को धोखा देने के अनेक मामलों को देखते हुए ई-कामर्स उद्यमों की जिम्मेदारी तय करना महत्वपूर्ण है। बड़ी विदेशी कंपनियों उपभोक्ताओं से यह कह कर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्ति पा लेती हैं कि वे तो केवल मध्यस्थ हैं। इस मामले में नियमों की अस्पष्टता का लाभ भी उनको मिलता है। नियामकों को निश्चित करना चाहिए कि नियम पूर्णत: स्पष्ट हों क्योंकि इनके अस्पष्ट होने पर अलग-अलग व्याख्यायें संभव हैं। वैसे भी जब सरकार विदेशी कंपनियों से खुदरा व्यापारियों के सभी काम करना चाहती है तो उनको बिक्री से क्यों रोका जा रहा है? इसे देखते हुए खुदरा व्यापार में शत-प्रतिशत एफडीआई की अनुमति होनी चाहिए।

# जी-2० की अध्यक्षता से मिला आगे का रास्ता

> **दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन ने निश्चित रूप से आज मानवता के सामने आने वाली लगभग सभी वैश्विक चुनौतियों के समाधान की दिशा में प्रेरणा दी है**

**उमंग कोहली**
(लेखक, भू-राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



भारत की जी20 अध्यक्षता ने आगे का रास्ता दिखाया है नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन वास्तव में कई मायनों में ऐतिहासिक रहा है, क्योंकि इसने अफ्रीका संघ के लिए स्थायी सीट धारक बनने का मार्ग प्रशस्त किया है। इसलिए, जी20 अब जी20 नहीं है, बल्कि अब जी21 है। यह पहली बार है कि 1990 के बाद से इस प्रकृति का विस्तार हुआ है जब अंतर सरकारी मंच की स्थापना हुई थी। भारत मौजूदा विश्व व्यवस्था में वास्तविक परिवर्तन की सुविधा के लिए देशों को एक साथ लाने की क्षमता रखने वाले राष्ट्र के रूप में उभरा है। संयुक्त विज्ञप्ति, जिसमें 83 पैराग्राफ शामिल थे और असहमति का एक भी नोट नहीं था, यह बताता है कि भारत का राष्ट्रपति पद कितना उल्लेखनीय रहा है। कुछ ऐसा जिस पर वैश्विक नेता पहले से ही विचार कर रहे हैं। जी20 के हिस्से के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने से ग्लोबल साउथ के विकास की संभावनाएं इतनी खुल गई हैं जितनी पहले कभी नहीं थीं। मंच अधिक समावेशी हो गया है और स्थिरता पर बहुपक्षीय जोर संतुलित विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। महिलाओं को सशक्त बनाने, डिजिटल परिदृश्य, उभरते बाजारों को मजबूत करने, हरित विकास में वैश्विक पहल भी की गई हैं और ये मानवता की प्रगति और सभी के कल्याण में काफी मदद करेंगी।

ऐसे शब्दों में कहें तो इस समय अत्यधिक ध्रुवीकरण हो रहा है, इस शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन में जलवायु परिवर्तन और युद्ध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आम सहमति बनाने में मदद की है। भारत ने आम सहमति बनाने में उल्लेखनीय चतुराई दिखाई है, कुछ ऐसा जिसकी कई लोगों को शिखर सम्मेलन के दौरान उम्मीद नहीं थी। शिखर सम्मेलन के बारे में उल्लेखनीय पहलू यह था कि यह विश्व समुदाय और सामान्य रूप से मानवता के सामने कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाने में कामयाब रहा। उनमें से कुछ थे : क्या हम सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर बात करने को तैयार हैं?

क्या पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए मिलकर काम कर सकती है, जो निश्चित रूप से लंबे समय में मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है? क्या दुनिया अपनी नीति निर्माण प्रक्रिया में ग्लोबल साउथ को शामिल करने के लिए तैयार है? क्या पूरी दुनिया अपने नागरिकों के लिए समृद्धि लाने के लिए अलग-अलग काम करने के बजाय एक साथ प्रगति कर सकती है और एक-दूसरे के साथ काम कर सकती है? क्या नया व्यापार मार्ग देशों को चीन के ऋण जाल से बचने में सक्षम बनाएगा? क्या प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण से ग्लोबल साउथ को लाभ होगा? क्या दुनिया भर में लोकतंत्र मजबूत हुआ है? और क्या युद्ध का प्रचार करने वाले राष्ट्र कमज़ोर हो गये हैं? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिन्हें जी20 शिखर सम्मेलन ने न केवल उठाया है, बल्कि कुछ हद तक संबोधित करने की भी कोशिश की है। जी20 शिखर सम्मेलन में, भरत ने नेताओं से अपने-अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कॉप28 शिखर सम्मेलन से पहले मिलकर काम करने और जलवायु परिवर्तन के परिणामों से निपटने के लिए वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करने का आह्वान किया। वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के गठन और शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिज्ञा से जलवायु परिवर्तन से निपटने में काफी मदद मिलेगी। शिखर सम्मेलन ने निश्चित रूप से कॉप28 के लिए एजेंडा निर्धारित किया है। अमेरिका और यूरोपीय संघ ने एक आर्थिक गलियारा बनाने की महत्वाकांक्षी योजना का समर्थन किया है, जो यूरोप को मध्य पूर्व और भारत से रेल और समुद्र के माध्यम से जोड़ेगा। सऊदी अरब, यूएई, अमेरिका और भारत से जुड़े गलियारे का शुभारंभ एक लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापार मार्ग है जो वन अर्थ की दिशा में काम करता है।

यह चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का मुकाबला करने में मदद करेगा और ऋण-जाल कूटनीति का अभ्यास करने के देश के प्रयास को भी मदद करेगा। यह गलियारा निश्चित रूप से ग्लोबल साउथ को पश्चिमी दुनिया से जोड़ने में मदद करेगा और यह दुनिया के लिए समृद्धि को भी बढ़ावा देगा। अफ्रीकी संघ को स्थायी जी20 सदस्य के रूप में शामिल करने के बड़े रणनीतिक और भूराजनीतिक प्रभाव होंगे। अफ्रीका संभावित रूप से अगला वैश्विक विकास केंद्र है, हालांकि, वैश्विक उच्च तालिका में इसकी बहुत कम भूमिका थी। यह वह असंतुलन है जिसे अब संबोधित किया गया है। यह भारत के लिए भी एक बड़ी जीत है, क्योंकि वह अफ्रीका में चीनी पहुंच और प्रभाव को संतुलित करना चाहता है। भारत का इरादा डिजिटल भुगतान की तकनीक को अफ्रीकी उपमहाद्वीप में स्थानांतरित करने का भी है। यह अफ्रीका को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम और विभिन्न हितधारकों के बीच संसाधनों के समान वितरण की दिशा में पहला कदम जैसा दिखता है। यह कथन भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण है, एक बेहतर दुनिया के लिए एक दृष्टिकोण है।

स्वास्थ्य और लैंगिक समानता जैसे अन्य एसडीजी पर भी विचार किया गया और उन्हें प्राप्त करने की दिशा पर विचार-विमर्श किया गया। भारत की त20 प्रेसीडेंसी ने मौजूदा डिजिटल स्वास्थ्य पहल को मजबूत करने और टेलीमेडिसिन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उपकरणों को शामिल करके स्वास्थ्य सेवा में समानता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। जी20 अध्यक्षता के एजेंडे के अनुसार, महिलाओं को विकास की कहानियों के केंद्र में होना चाहिए, क्योंकि महिलाएं केवल निष्क्रिय विषय नहीं हैं, बल्कि परिवर्तनकारी सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में एजेंट, सहयोगी और निर्णय निर्माता हैं। यह अतीत से एक बदलाव है. दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन ने निश्चित रूप से मानवता के सामने मौजूद वैश्विक चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक प्रोत्साहन दिया है, भले ही उनके पूर्ण समाधान के बारे में कई प्रश्न अनुत्तरित हैं। एक रोडमैप बन गया है।

## आप की बात

### पाकिस्तान की हरकत

**पाकिस्तान** कश्मीर को अशांत करने के लिए एक बार फ्रि से इसलिए सक्रिय हो गया है क्योंकि आजकल वह फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स-एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आ गया है । अत: भारत को विश्व समुदाय को एक बार फ्रि सहमत करना होगा कि पाकिस्तान को नए सिरे से इस अंतरराष्ट्रीय निगरानी संस्था की निगहबानी में लाया जाए और उस पर कडी नजर रखी जाए। सावधानी की आवश्यकता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि आतंकी अपने तौर तरीके बदल रहे हैं और छिपने के नए-नए ठिकाने भी बना रहे हैं। सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ-साथ इस पर भी ध्यान देना होगा कि कश्मीर घाटी में आतंकियों के समर्थकों पर कड़ा शिकंजा कसा जाए। विडंबना है कि ऐसी स्थिति में भी जम्मू कश्मीर के कुछ नेता पाकिस्तान से बातचीत की बेशर्म पैरवी करते हैं। ऐसे वंशवादी, विघटनवादी व मौकापरस्त राजनेताओं को अनुच्छेद 370 समाप्त होने से तगड़ा झटका लगा है, पर वे अब भी अपनी जमीन मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे पाकिस्तान-परस्त राजनीतिक तत्वों को देश-प्रदेश के राजनीतिक जीवन से बिल्कुल बाहर निकालने के प्रयास करने होंगे। इसके लिए जनता व आम कश्मीरियों का पूरा सहयोग प्राप्त करना होगा।

-**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### अपराधी की पहचान

**आजकल** कुछ मीडिया संस्थान और सोशल मीडिया के पुरोधा अपराधियों के नाम या उनकी पहचान छुपाने में माहिर हो गए हैं। दो आवारा युवकों द्वारा एक मासूम बच्ची की जान ले ली गयी और कुछ सोशल मीडिया एक्टिविस्ट इसे मामूली घटना बताने में लग गए, जबकि अन्य घटनाओं में यही लोग अपराधियों की जाति व धर्म का खासतौर से उल्लेख करते हैं। मोनू मानेसर, बिट्टू बजरंगी, कन्हैया लाल प्रकरण पर चुप्पी साधे लोग मामन खान प्रकरण पर बिलख पड़े। ये कैसा दौर शुरू हुआ है कि यदि कोई मीडिया एजेंसी स्पष्ट तौर पर किसी के नाम का खुलासा कर दे तो उसे बहिष्कार का सामना करना पड़ेगा। जहां कानून द्वारा अपराधी के नाम या उसकी पहचान का खुलासा करने पर स्पष्ट प्रतिबंध हो, उसके अलावा अन्य सभी मामलों में अपराधी का नाम व उसकी पहचान स्पष्ट रूप से बताई जानी चाहिए ताकि जनता उससे सतर्क रह सके। किसी खास नजरिये से अपराधियों का नाम या पहचान छिपाने या उल्टे उनको ही उत्पीड़ित बता देने की प्रवृत्ति घातक है। किसी धर्म के नाम पर सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कर वहां कब्रिस्तान बना देना भी एक जघन्यतम अपराध है।

-**मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

### अवैध आप्रवासी

**यूरोप** के अनेक देशों में कट्टर राष्ट्रवाद के पुन: उदय के पीछे अवैध आप्रवासी मुख्य कारण हैं। इस मुद्दे पर कई देशों में राष्ट्रवादियों ने चुनाव जीते मगर यह समस्या जस की तस बनी हुई है। इटली की वर्तमान प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने अवैध आप्रवासियों के नाम पर चुनाव जीता था मगर उनके देश में अवैध आप्रवासियों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इटली की पीएम के साथ लैम्पेडुसा द्वीप का दौरा किया जहाँ पिछले एक सप्ताह के भीतर अफ्रीका से 7 हज़ार से अधिक आप्रवासियों ने आकर डेरा जमा लिया है, जबकि द्वीप पर रहने वालों की संख्या 6 हजार है। अवैध आप्रवास में मानच तस्करों का बड़ा हाथ है जो पैसों के लालच में लोगों को अफ्रीका और एशिया से यूरोपीय देशों की सीमाओं पर छोड़ जाते हैं। लेकिन इसके पीछे मूल मुद्दे गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी व गृहयुद्ध हैं। इनके कारण लाखों लोग अपनी जान जोखिम में डालकर सम्पन्न देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। समस्या का समाधान वैश्विक स्तर पर होना चाहिए जिसमें अमीर व विकसित देशों की बड़ी भूमिका है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### डीजल प्रदूषण

**डीजल प्रदूषण** भारत के वायुमंडल और जलवायु के स्तर पर एक गंभीर समस्या बन चुका है जिसका प्रभाव सभी देशवासियों के जीवन पर पड़ रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा बनाई गई ऊर्जा परिवर्तन सलाहकार समिति ने डीजल प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए भारत के नए ऊर्जा वैकल्पिक स्रोतों के विषय में सुझाव दिए हैं। समिति ने नई ऊर्जा स्रोतों के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग की सलाह दी है, जैसे इलेक्ट्रिक व इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल का उपयोग। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उपयुक्त परिवेश व ढांचागत संरचना को तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है। डीजल प्रदूषण को कम करने में हम सब का सहयोग आवश्यक है। हमें अपने डीजल वाहनों का उपयोग कम करने का प्रयास करना चाहिए और इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड वाहनों की ओर बढ़ना चाहिए। हमें डीजल प्रदूषण को लेकर जागरूकता फैलानी चाहिए। सरकार को भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर निजी क्षेत्र के व्यापक सहयोग से डीजल का उपभोग लगातार घटाने व अंतत: समाप्त करने की समयसीमा तय करनी चाहिए।

-**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# हरियाणा कांग्रेस जिलाध्यक्षों की सूची 25 के बाद जारी किए जाने की संभावना

## पर्यवेक्षकों ने अपनी सूची पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया को सौंपी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़,

**हरियाणा** में कांग्रेस जिलाध्यक्षों की सूची 25 सितंबर के बाद जारी किए जाने के आसार है। कांग्रेस संगठन को लेकर हैदराबाद में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में इस बारे में चर्चा नहीं हुई। जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर दिल्ली में हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने मंथन शुरू कर दिया है। संभावना है कि 3 दिन में बाबरिया अंतिम सूची हाईकमान को सौंप देंगे। इसके बाद 25 सितंबर को हाईकमान की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद हरियाणा कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा।

हरियाणा में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर केंद्रीय और राज्य के पर्यवेक्षकों ने अपनी सूची पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया को सौंप दी है। कुछ जिलों की सूची में 1 से 8 तक नाम दिए गए हैं। प्रदेश प्रभारी ने दिल्ली में सूची के नामों पर मंथन शुरू कर दिया है। इसके लिए लगातार तीन दिन मीटिंग होगी। प्रभारी नामों को लेकर हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं से भी चर्चा करेंगे, इसके बाद वह अपनी रिपोर्ट कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को सौंपेंगे।





### कॉमन नामों पर सर्वसम्मति बनाएंगे बाबरिया

पर्यवेक्षकों की सूची में जिलाध्यक्ष के लिए जो नाम कॉमन होंगे, उन पर सर्वसम्मति बनाकर जिलाध्यक्ष घोषित करने की सिफारिश दीपक बाबरिया की ओर से किए जाने की संभावना है। प्रभारी की रिपोर्ट मिलने के बाद केसी वेणुगोपाल हरियाणा कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, कुमारी सैलजा, किरण चौधरी और कैप्टन अजय यादव के साथ चर्चा करेंगे।

पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि इस बात की बहुत कम उम्मीद है कि जिलाध्यक्षों के चयन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद और नापसंद को अनदेखा किया जाए। कांग्रेस हाईकमान इस बात का आकलन करने में लगा है कि हरियाणा में कौन-कौन से नेता पिछले लंबे समय से सक्रिय हैं और कौन से नेता अवसर निकालकर हरियाणा में अपनी सक्रियता दिखाने के लिए कार्यक्रम करते हैं।

## साथी फाउंडेशन ने शुरू की अनूठी एवं अनुकरणीय मुहिम

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं साथी फाउंडेशन के चेयरमैन राजीव जैन ने अपने संगठन के बैनर तले पहली रोटी गाय के नाम रूपी अनूठी एवं अनुकरणीय मुहिम की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह विशेष अभियान शुरु किया गया है, जिसके माध्यम से नई पीढ़ी को गौमाता की सेवा के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा।

पहली रोटी गाय के नाम अभियान की शुरुआत शहर के एक प्राइवेट स्कूल में रोटी बॉक्स स्थापित करने के साथ की गई। इस प्रकार के बॉक्स अन्य स्कूलों में भी स्थापित किये जायेंगे। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के अनुसार स्कूलों में बॉक्स स्थापित करने के पीछे पुनीत उद्देश्य है कि स्कूली विद्यार्थियों को गौमाता की सेवा के लिए प्रेरित किया जाए। बच्चों को अभी से इस प्रकार के संस्कार दिये जाएं कि वे गौमाता का आदर-सत्कार व सेवा करें। यह भारतीय संस्कृति का अटूट अंग है। इससे बच्चों में संस्कारों का समावेश भी होगा।

# उपायुक्त ने साइक्लोथॉन यात्रा के रूट का किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

### पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जारी सेवा पखवाड़ा के तहत की शुरुआत



**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**उपायुक्त** कैप्टन मनोज कुमार ने पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम जगाधरी अमित गुलिया व अन्य अधिकारियों के साथ साइक्लोथॉन यात्रा के रूट को लेकर व मुख्यमंत्री के प्रोग्राम स्थल की तैयारियों को लेकर मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पांजुपुर मे बनने वाले मेडिकल कॉलेज तथा यात्रा रुट अग्रसेन चौंक जगाधरी, शिव चौंक बिलासपुर, साढौरा व पहाड़ीपुर नाके का मौके पर जा कर निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार प्यारा चौक, फवारा चौक, आईटीआई चौक, विश्वकर्मा चौक, शादीपुर, जठलाना व गुमथला से गुजरने वाले रूट का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा करनाल से मेगा साइक्लोथॉन यात्रा शुरू की गई है। साइक्लोथॉन अभियान एक से 25 सितंबर तक चलेगा। इस अभियान में साइकिल यात्रा निकालकर युवाओं को नशा नही करने के बारे में जागरूक किया जाएगा। यह साइक्लोथॉन यात्रा प्रदेश के सभी जिलों से होकर गुजरेगी। यह साइकिल यात्रा जिला यमुनानगर में 24 सितंबर को पहुंचेगी और यहीं पर रात्रि विश्राम के बाद अग्रसेन चौंक यमुनानगर से 25 सितंबर को सुबह करनाल के लिए रवाना होगी।

उन्होंने बताया कि 24 सितंबर को साइक्लोथॉन यात्रा पहाड़ीपुर नाके पर पहुचेंगी। उन्होंने जिला के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे साइक्लोथॉन में अपनी बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार साइक्लोथॉन यात्रा जगाधरी पहुचने के उपरांत महाराजा अग्रसेन कॉलेज के सभागार मे 24 सितंबर की शाम को यमुनानगर में प्रवास के दौरान सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता तीन अक्तूबर को होगी आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर

**राष्ट्रीय** पेंटिंग प्रतियोगिता-2023 अधीन जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा 3 अक्तूबर को स्थानीय रैड क्रास भवन में जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और स्कूली विद्यार्थियों को जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लेने का न्योता देते हुए डिप्टी कमिश्नर श्री विशेष सारंगल ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में स्कूली विद्यार्थी और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, जिनकी उम्र 5 से 18 वर्ष है, भाग ले सकते है।

बताया कि स्कूली विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता दो अलग-अलग आयु समूहों 5-9 वर्ष और 10-16 वर्ष में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी दो अलग-अलग आयु समूहों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें 5-10 वर्ष और 11-18 वर्ष की आयु के छात्र भाग लेने के लिए योग्य है।

### डिप्टी कमिश्नर ने बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने का न्योता दिया

उन्होंने बताया कि मौके पर अलग-अलग विषयों पर पेंटिंग बनाई जाएगी और पेंटिंग बनाने के लिए दो घंटे का समय दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक विद्यालय से प्रति समूह केवल दो बच्चे ही भाग ले सकते है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए न्योता देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पेंटिंग में भाग लेने के लिए जिला बाल कृयाण परिषद के दफ्तर, रैड क्रास भवन, लाजपत नगर, जालंधर में 29 सितंबर 2023 से पहले प्रतियोगिता के लिए एंट्री करवाई जा सकती है ।

## कुरुक्षेत्र में सांप के काटने से दो सगे भाइयों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में मंगलवार को बड़ी दर्दनाक घटना सामने आयी। यहां बाबैन के गांव बेरथला में 2 सगे भाइयों को सांप ने डस लिया। दोनों बच्चे एक की बेड पर सोए हुए थे। इससे साढ़े 3 साल के कयान व 6 साल के एविन की मौत हो गई। कयान की मौत रात को ही हो गई थी, जबकि एविन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों बच्चों की मौत से परिवार के साथ पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। बाद में स्नेक मैन ने घर में घुसे सांप को पकड़ा।

गांव बेरथला निवासी किरण ने बताया कि उसके दोनों पोते रात का खाना खाकर अपनी मम्मी के पास सोए थे। रात करीब 12 बजे छोटे बच्चे ने अपनी मम्मी को उसके कान के पास तेज दर्द होने की शिकायत की। देखा तो उसका कान नीला पड़ गया था। इसी दौरान एविन भी दर्द की शिकायत करने लगा।

# तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाएं, लोगों को न आए परेशानी: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**लघु** सचिवालय स्थित सभागार में राजस्व विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन भी तहसीलों में सामान्य गिरदावरी का काम बचा हुआ है उसे तत्काल पूरा किया जाए। इसके साथ-साथ तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाए।

तहसीलों में रजिस्ट्री, जमाबंदी व जाति प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। अधिकारी विशेषतौर पर यह ख्याल रखें कि आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी अनीश यादव ने ततीमा के रिकॉर्ड को अपडेट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने डीआरओ श्याम लाल को ततीमा रिकॉर्ड अपडेट करने के संबंध में सभी पटवारियों की बैठक लेने के लिए कहा। उन्होंने म्यूटेशन के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। जिले की सभी तहसीलों व उपतहसीलों में लंबित पड़े इंतकाल के कार्य को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि जिले के सरल केंद्र का स्कोर नीचे नहीं आना चाहिए। सरल केंद्र में लंबित पड़े मामलों की संख्या शून्य की जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में जाति और आय प्रमाण पत्र के लिए जितने भी आवेदन आते हैं, उन्हें बिना विलम्ब के जारी करने की कोशिश करें। सभी एसडीएम, डीआरओ, डीडीपीओ, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को रिवेन्यू कोर्ट से जुड़े मामलों को निपटाने के निर्देश दिए।

बैठक में करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार, असंध के एसडीएम वीरेंद्र सिंह ढुल, घरौंडा की एसडीएम अदिति, सीटीएम अमन कुमार, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, तहसीलदार ललिता, सभी नायब तहसीलदार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में अक्षिता ने जमाया कब्जा



अक्षिता को सम्मानित करते हुए आरबी खुरानिया।

**कैथल।** इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज की छात्रा अक्षिता ने राज्य स्तरीय पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कब्जा कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने बताया कि संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बरारा में 5 सितंबर को गणित विभाग ने 'इम्पोर्टेंस ऑफ मैथमेटिक्स इन आवर डेली लाइफ' विषय पर राज्य स्तरीय ऑन लाइन पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रेजेंटेशन में राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों के अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आईजीएमएमवी कैथल की बीएससी द्वितीय की छात्रा अक्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 500 रुपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति अपना सर्वेश्रेष्ठ प्रयास करके उसमे विजय प्राप्त कर सकता है। प्रतिस्पर्धा आप सभी की खूबियों को निखारने में मदद करती हैं जो आपकी प्रगति में मददगार साबित होगी। साथ ही उन्होंने सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर कॉलेज के सायंकालीन सत्र की प्रिंसिपल इंचार्ज सुरभि शर्मा, प्राध्यापकवर्ग से श्वेता तंवर व अंकिता गोयल उपस्थित रहे।

## भाषा विभाग द्वारा कवि दरबार 22 सितंबर को

**जालंधर।** जिला भाषा अधिकारी जसप्रीत कौर ने आज बताया कि भाषा विभाग 22 सितंबर को स्थानीय हंस राज महिला महाविद्यालय में कवि दरबार का आयोजन कर रहा है, जिसमें प्रख्यात कवि भाग लेंगे।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पंजाबी कवि दर्शन बुट्टर और प्रसिद्ध आप्रवासी कवि और लेखक सुरिंदर सिंह सुन्नड होंगे, प्रिंसिपल डा. अजय सरीन और कवि मंजीत इंदिरा मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भाषा विभाग पुस्तकों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित करेगा।

## जीएनए विवि में अंतर्राष्ट्रीय हाउसकीपिंग सप्ताह का उत्सव

**जालंधर।** जीएनए यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी ने इंटरनेशनल हाउसकीपिंग वीक समारोह 2023 के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस इंटरनेशनल हाउसकीपिंग वीक को मनाने के पीछे का उद्देश्य छात्रों को हमारे परिवेश की स्वच्छता, रखरखाव और सौंदर्य रखरखाव में अच्छी हाउसकीपिंग की भूमिका के बारे में जागरूक करना था और इस प्रकार अच्छा स्वास्थ्य। अंतर्राष्ट्रीय हाउसकीपिंग सप्ताह हर साल सितंबर के दूसरे सप्ताह में मनाया जाता है। इस विशेष सप्ताह के दौरान, रंगोली प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, रूम डिवीजन क्विज़, तौलिया कला प्रतियोगिता, फूलों की सजावट पर कार्यशाला, रेलवे स्टेशन फगवाड़ा में सफाई जागरूकता अभियान और विश्वविद्यालय हाउसकीपिंग स्टाफ की सराहना और सुविधा जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।स्टाफ की सुविधा जीएनए यूनिवर्सिटी के चांसलर एस. गुरदीप सिंह सिहरा द्वारा की गई और उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने यहां तक कहा,मैं इस सप्ताह बहुत धूमधाम से जश्न मनाने के एसओएच विभाग के प्रयासों की सराहना करता हूं।उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में कुलपति डॉ. वीके रतन, प्रो-कुलपति डॉ. हेमंत शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. मोनिका हंसपाल और डीन एसओएच डॉ. दीपक कुमार शामिल थे।

# ड्रग फ्री हरियाणा के संदेश को लेकर 24 को यमुनानगर पहुंचेगी साइक्लोथॉन यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**उपायुक्त** कैप्टन मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में साइक्लोथॉन यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला के अधिकारियों की बैठक ली उन्होंने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी व लगन के साथ कार्य करें। उपायुक्त ने साइक्लोथॉन कार्यक्रम की रूपरेखा और भव्य बनाने के लिए समीक्षा बैठक मे विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श कर संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। जिस रूट से यात्रा निकलेगी वहा पर संबंधित एसडीएम ओवरआल ईचांर्ज रहेंगे।

उन्होंने बताया कि 24 सिंतबर को साइक्लोथॉन यात्रा पहाड़ीपुर नाके पर पहुंचेगी जिसका जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद साइक्लोथॉन यात्रा रेस्ट हाऊस साढौरा, दोसड़का चौंक साढौरा, शिव चौक बिलासपुर, जेल जगाधरी व अग्रसेन चौक जगाधरी पहुंचेगी।




उन्होंने साइक्लोथॉन यात्रा में यमुनानगर के युवाओं की बढ़-चढकर भागीदारी को लेकर जोर दिया, उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यात्रा को सफल बनाने के लिए युवाओं को जागरूक करें। साइक्लोथॉन यात्रा 25 सितंबर को सुबह यमुनानगर से करनाल के लिए रवाना होगी। उन्होने बताया कि इस यात्रा को भव्य तरीके से और महोत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, एडीसी आयुष सिन्हा, एसपी हिमाद्री कौशिक, सीईओ जिला परिषद नवीन अहुजा, एसडीएम जगाधरी अमित गुलिया, एसडीएम बिलासपुर जसपाल गिल, डीएसपी राजेश कुमार, डीएमसी अशोक कुमार, सिविल सर्जन मंजीत सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दस लक्षण: प्रथम दिवस को उत्तम क्षमा के रूप में मनाया गया



**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**श्री** दिगम्बर जैन मंदिर जी करनाल में पर्यूषण पर्व जिसे दस लक्षण महापर्व भी कहते हैं के प्रथम दिवस को उत्तम क्षमा के रूप में अति भव्यता के साथ मनाया गया। कहा भी गया है 'क्रोध प्रीति को नष्ट करता है और मान विनय को, माया मैत्री को नष्ट करती है और लोभ सर्व-विनाशक है।' प.पू. क्षुल्लक श्री प्रज्ञांश सागर जी महाराज के सानिध्य में पूजा भक्ति में सभी भक्तजनों की भावना रही। 'मैं सब जीवों को क्षमा करता हूँ, सर्व जीव भी मुझे क्षमा करें। मेरा उनके प्रति मैत्री का भाव है और किसी के साथ भी मुझे वैर नहीं है। क्षुल्लक ने बताया कि यदि कोई आपको क्षति पहुंचाये तो उससे बदला लेने का विचार न करके अपने उत्तम व्यवहार से उसे बदलने की प्रेरणा दें। इन्हीं भावनाओं के साथ प्रात: भगवान का अभिषेक व शान्तिधारा करने के उपरान्त भगवान को श्री विरेश जैन अध्यक्ष, श्री दिगम्बर जैन सोसाईटी के द्वारा समोशरण में विराजमान किया गया। इस समोशरण की रचना देवजन करते हैं जिसमें सभी जीव पशु-पक्षी, सिंह-हाथी, मेढक़ व अन्य सभी जीव मनुष्यों के साथ बैठकर भगवान की दिव्यवाणी का श्रवण करते हैं।

## आशा वर्कर्स अपने हकों के लिए कर रहीं जोरदार संघर्ष: सिरोही

**कैथल।** आशा वर्कर्स की हड़ताल में आज रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राज्य नेता धूप सिंह सिरोही के नेतृत्व मे शामिल हुए। सिरोही ने कहा कि आशाओं के काम को देखते हुए उन्हें मामूली पगार देना उनके साथ भारी अन्याय है और वे जायज रूप मे अपने हकों के लिए संघर्ष कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार उनके मांग मुद्दों पर बातचीत करने की बजाय पुलिस बल के साथ उनकी आवाज को दबाना चाहती है। जहां भी वे विधायक, मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने जाती हैं वहीं पुलिस के साये में उन्हें बात भी नहीं करने दी जाती व गिरफ्तार तक कर लिया जाता है। सरकार के मंत्री व नेता जन संवाद के नाम पर ढोंग करते हैं। वहां वे केवल सरकार की खोखली घोषणाओं का बखान करते हैं व जनता की सुनने की बजाय उन्हें चुप कर देते है और आम जनता से माइक तक छीन लिया जाता है। इस प्रकार से जनसंवाद एक ढकोसला है व सरकारी कोष की फिजूलखर्ची की जा रही है।

# विश्व मैत्री मिशन महिला मण्डल ने मनाया गणेश उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**रोहतक** द्वारा आयोजित विशाल गणेश उत्सव जनता कॉलोनी में स्थित संत लाल सेवा सदन नजदीक भजनपुरा में महिलाओं ने गाजे बाजे व साधु संतों के सानिध्य में रोहतक की सबसे बड़ी भव्य कलश यात्रा निकाल कर मनाया।

कलश यात्रा में 285 महिलाओं ने भाग लिया। गणेश उत्सव 19 सितम्बर से 28 सितम्बर तक बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कलश यात्रा के सानिध्य महामण्डलेश्वर बाबा कर्णपुरी जी महाराज, मुख्य अतिथि समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, वशिष्ठ अतिथि सुभाष चन्द गुप्ता, प्रधान मंजू गर्ग ने पहले गणेश जी की पंडित जी के द्वारा पूजा अर्चना करवाई और मूर्ति का श्रृंगार कर फूलों का हार पहनाया और मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कलश यात्रा को झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया।

कलश यात्रा में महिलाएं लाल रंग का दुपट्टा और सजे हुए विभिन्न तरह के कलश शहर वासियों के लिए एक मुख्य आर्कषण का केन्द्र बना हुआ था। कलश यात्रा को देखने के लिए शहरवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

दिल्ली दीप चन्द की मशहूर शहनाई, ढोल ताशे , रोहतक के बैंड ने अपनी मधुर ध्वनि गणेश पर आधारित भजन सुनाकर झूमने पर मजबूर कर दिया और सभी जमकर झूमे। इस अवसर पर हरियाणा व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल संतोश शर्मा, मीनाक्षी, मीनाक्षी मित्तल, गीता गोयल, स्वीता गुप्ता, निधि गर्ग, समिति की सभी महिलाएं आदि उपस्थित थे।

# स्पिनी ने लकी अली के साथ दिल्ली को किया मंत्रमुग्ध

### म्यूजिक नाईट में खूब झूमे युवा

### गायक ने कार्यक्रम को बनाया आर्कषित

**पायनियर समाचार सेवा।** नयी दिल्ली

**कला** और संगीत का जश्न मनाते हुए सेकेंड हैण्ड कारों के लिए भरोसेमंद फुल-स्टैक रीटेलर स्पिनी ने हाल ही में दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित स्पिनी द्वारा स्पॉन्सर्ड इस शानदार म्यूजिक नाईट में जाने-माने गायक लकी अली ने समां बांध दिया। बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी और लकी अली के प्रशंसक उनके संगीत के जादू का अनुभव पाने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे। इस साझेदारी ने युवा पीढ़ी को खूब लुभाया और प्रीमियम सैकण्ड हैण्ड कारों के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाई। स्पिनी की मार्केटिंग टीम के अनुसार लकी अली का संगीत जीवन के सभी वर्गों के लोगों को लुभाता है, ठीक उसी तरह जैसे हम हर किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण सेकेंड हैण्ड कारों को सुलभ बनाना चाहते हैं। इस कार्यक्रम को समर्थन देना आसान फैसला था। हमारा मानना है कि इस आयोजन ने हमें हमारे उपभोक्ताओं के साथ गहराई से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।




Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात )** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात )** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **तपन बरमन,** श्रीमती प्रभाती बरमन<br>खाता सं. LNYMN04320-210144786<br>जमानतदार : रमन<br>खाता सं. LNYMN00619-200106417 | 11 जुलाई 2023<br>₹ 532007/- व<br>₹ 1053947/- बकाया<br>दिनांक 6 जुलाई 2023 | समपत्ति बियरिंग खेवत नं. 36, खतौनी नं. 40, खसरा नं. 198, स्थित यमुना नगर, जगदारी, यमुना नगर, हरियाणा **क्षेत्रफल 126 वर्ग गज** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 सितम्बर 2023 |
| **अमित कुमार,** श्रीमती शीतल, शिवकुमार, श्रीमती विमला<br>खाता सं. LNYMN03621-220212605 | 11 जुलाई 2023<br>₹ 1024421/- बकाया<br>दिनांक 6 जुलाई 2023 | सम्पत्ति स्थित मकान प्लॉट नं. 37 का उत्तरी हिस्सा, सम्पत्ति आईडी नं. 189C42U48, खेवत/खतौनी नं. 342/389, खसरा नं. 140 (9-12), मौजा ग्रही मुंडो (राम नगर), जगाधरी, यमुना नगर , हरियाणा **क्षेत्रफल 96 वर्ग गज** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 सितम्बर 2023 |
| **अरूण कुमार,** नरेश कुमार, श्रीमती ऊषा रानी<br>जमानतदार : रिषी पाल<br>खाता सं. LNAMB06819-200123964 | 11 जुलाई 2023<br>₹ 864292/- बकाया<br>दिनांक 6 जुलाई 2023 | सम्पत्ति स्थित कलाल माजरा, सब-तहसील - शहजादपुर, तहसील - नारायणगढ़, अम्बाला, हरियाणा **क्षेत्रफल 1276 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 सितम्बर 2023 |
| **ममता,** चिराग हिमांशु शर्मा<br>खाता सं. LNPJR02121-220212154 | 11 जुलाई 2023<br>₹ 2145828/- बकाया<br>दिनांक 6 जुलाई 2023 | सम्पत्ति स्थित खाता नं. 5/5, खसरा नं. 53 (8-10), शेयर 2/170, गांव धरमपुर हडबस्त नं. 152, तहसील कालका, पंचकुला, हरियाणा **क्षेत्रफल 95.57 वर्ग गज तकनीकी के अनुसार** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 सितम्बर 2023 |

स्थान : जयपुर
दिनांक 20-09-2023
प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# हरियाणा हाईकोर्ट ने पर्सेंटाइल फार्मूले को सही ठहराया

## सात हजार कांस्टेबलों की नियुक्ति का रास्ता साफ

**कोर्ट ने कहा है कि पर्सेन्टाइल में कुछ भी नहीं जोड़ा गया है**




**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में सात हजार पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। इस मामले में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आयोग के पर्सेन्टाइल फार्मूले को एकदम सही बताया है। साथ ही फार्मूले को त्रुटि रहित कहा है।

हाईकोर्ट ने कहा है कि पर्सेन्टाइल में कुछ भी नहीं जोड़ा गया है। सम-पर्सेंटाइल फॉर्मूला एक ही समय में समान अंकों की पूरी तरह से गणना करता है। हाईकोर्ट ने इससे जुड़ी याचिकाएं खारिज कर भर्ती का रास्ता साफ कर दिया है। हालांकि इस मामले में अभी हाईकोर्ट का विस्तृत फैसला आना बाकी है। इससे पहले इसी साल 14 मार्च को हाईकोर्ट ने कॉन्स्टेबलों को नियुक्ति-पत्र जारी करने पर रोक लगा दी थी।

हाईकोर्ट ने आयोग के तथ्य से भी सहमति जताई है, जिसमें आयोग द्वारा बताए गए चयन के मानदंड में ज्ञान परीक्षण, लिखित परीक्षा को 80 प्रतिशत आंका गया था। जबकि प्रत्येक को 10 प्रतिशत अंक सामाजिक के लिए निर्धारित किया गया था। आर्थिक स्थिति और अतिरिक्त योग्यता के लिए. इसी आधार पर उम्मीदवारों को शारीरिक स्क्रीनिंग टेस्ट के साथ-साथ शारीरिक माप परीक्षण में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था और उसके बाद जो भी योग्य थे उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया गया था।

राकेश सिहाग और अन्य द्वारा दायर याचिका में पुरुष और महिला दोनों कॉन्स्टेबलों के पदों पर नियुक्ति के संबंध में दिसंबर 2020 के विज्ञापन को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में लिखित परीक्षा की जांच की प्रक्रिया को चुनौती दी थी, जो उनके अनुसार मूल्यांकन की सामान्यीकरण पद्धति (प्रतिशत सूत्र) को अपनाकर बदल दी गई थी, जिसका विज्ञापन में उल्लेख नहीं किया गया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से पेश हरियाणा की वरिष्ठ उप महाधिवक्ता श्रुति जैन ने दलील दी थी कि चयन मानदंड और मूल्यांकन की पद्धति में अंतर है और वर्तमान मामले में, चयन प्रक्रिया के मानदंडों को कोई चुनौती नहीं है। आयोग ने स्पष्ट किया कि पुरुष और महिला कॉन्स्टेबल के पद के लिए चयन वैधानिक सेवा नियमों - पंजाब पुलिस नियम, 1934 के नियम 12.6 - में निर्धारित मानदंडों के अनुसार सख्ती से किया गया है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस मौदगिल की एकल पीठ कर रही थी।

### पेंशन शंखनाद महारैली में होगी रिकॉर्ड संख्या : प्रमोद ईष्टकान

**सोनीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कार्यकारिणी सोनीपत द्वारा विभिन्न विभागों का दौरा किया तथा एक अक्तुबर को दिल्ली में होने वाली पेंशन शंखनाद महारैली के लिए कर्मचारियों को आमंत्रित किया।

जिला खजाना कार्यालय, जन-स्वास्थ्य विभाग में जनसंपर्क किया गया। जिसमें प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान व प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान उपस्थित रहे। प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान व प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने कहा कि पेंशन शंखनाद महारैली कर्मचारी इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी। देश के कोने-कोने से कर्मचारी दिल्ली पहुंचेंगे। इसमें हरियाणा की संख्या सबसे अधिक रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी अन्य राज्यों की भांति पेंशन बहाल करें, ताकि कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हो सके, क्योंकि नई पेंशन योजना में सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों की पेंशन बुढ़ापा पेंशन से भी कम बनती है और कर्मचारी की जीवनभर की पूंजी भी शेयर बाजार के हवाले है। प्रदेश के कर्मचारी पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर के साथ प्रदेश में एक बार फिर बड़ी रैली करेगें। इसकी घोषणा भी दिल्ली के रामलीला मैदान से प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल करेंगे। साथ ही वाट फोर ओपीएस की मुहिम पुरे हरियाणा में तेज की जाएंगी?। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह देश में पुरानी पेंशन बहाल करें ताकि कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# गांव गढ़ी केसरी में बादशाही रोड़ पर हो रहे अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

## 2 एकड़ जमीन में 3 डीपीसी

**1 बाउंड्रीवाल व लगभग 220 मीटर कच्चा रोड नेटवर्क के निर्माण को किया ध्वस्त**

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**जिला** नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि बुधवार को नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग द्वारा गांव गढ़ी केसरी की राजस्व सम्पदा में बादशाही रोड़ पर हो रहे अवैध निर्माण में दो एकड़ जमीन में तीन डीपीसी, एक बाउण्ड्री वॉल व लगभग 220 मीटर कच्चा रोड़ नेटवर्क के निर्माण को कानून प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत ध्वस्त किया गया।

उन्होंने बताया कि गांव गढ़ी केसरी की राजस्व सम्पदा में अवैध कालोनी, निर्माण प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा विकसित की जा रही थी। अवैध कालोनी काट कर उसमें प्लाट बेचने वाले प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना


अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी।

नुकसानदायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर में पनप रहीं अवैध कालोनियों व निर्माणों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं विभाग की ईन्फोरसपमैन्ट टीम व पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई।

उन्होंने आम जनता से अपील की कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदे व अपनी मेहनत की कमाई को बरबाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है।

तोडफोड की इस कार्यवाही के दौरान विभाग की ईन्फोरसपमेन्ट टीम ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही अवैध निर्माण के तोडफोड में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने के मंसूबे पूरे न हो सके और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि सभी अवैध कॉलोनियों में जनसाधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी अवैध कालोनी, निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कालोनी, निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। इस बारे में विस्तृत जानकारी हेतु जिला नगर योजनाकार कार्यालय सेक्टर-15, सोनीपत में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# एमए राजनीति शास्त्र के 7 छात्रों ने कुवि की टॉप टेन की मैरिट सूची में बनाया स्थान

**कोमित ने निर्धारित 500 अंकों में से 401 अंक कुल 80.20 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया**

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल


छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

**राधा** कृष्ण सनातन धर्म महाविद्यालय राजनीति शास्त्र विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के 7 विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणामों में टॉप टेन की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अब तक का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

कोमित ने निर्धारित 500 अंकों में से 401 अंक कुल 80.20 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। काजल एवं मीनू ने 362/500 अंक प्राप्त कर चतुर्थ, परमजीत ने 361/500 अंकों के साथ पांचवां, तनूजा ने 356/500 अंकों के साथ सातवां, अंकिता ने 354/500 अंकों के साथ आठवां एवं पूजा ने 352/500 अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया। प्रधान प्रबंधन समिति साकेत मंगल एडवोकेट एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई दी एवं निर्धारित सम्मान राशि देने की घोषणा की। उन्होंने राजनीति शास्त्र विभाग के सभी प्राध्यापकों को भी बधाई दी। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने उक्त धनराशि इन विद्यार्थियों को प्रदान की। कोमित को 3100 रुपये एवं अन्य प्रत्येक छात्रा को 2100 रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। विदित रहे कि कोमित एवं परमजीत ने प्रथम सेमेस्टर में भी मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो श्रीओम, डॉ अशोक अत्रि, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ विरेंद्र सिंह, डॉ विनोद कुमार मान, डॉ अनुकृति भी उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय खारवन की प्रिंसीपल मधु दुग्गल ने बताया कि विभिन्न खेलों मे उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाडियो को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के स्पोर्ट टीचर डीपीई मदन लाल ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2023-23 मे कराए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं मे स्टेट मे जाने के लिए हुए ट्रायल मे हमारे विद्यालय के खिलाडियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि ब्लॉल लेवल पर लड़कों व लड़कियों की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया और जिला स्तर पर लड़कियों की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। उनके विद्यालय के इस वर्ष कुल 13 खिलाड़ी स्टेट के लिए चुने गए हैं। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक सुमन, बलविन्द्र कौर, अमित, अनु, राम अवध, जसपाल सिंह, जागिन्द्र सिंह, सुखविन्द्र सिंह व शैलजा आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन का का धरना स्थगित: कुंडू

## महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद लिया स्थगन का फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**हरियाणा** रोडवेज वर्कर्स यूनियन डिपो कार्यकारणी की मीटिंग बस अड्डा पर महाप्रबंधक के कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान अमित कुमार कुंडू ने की और संचालन डिपो सचिव कृष्ण कुमार गुल्याना ने किया। मीटिंग में यूनियन के पदाधिकारियों और महाप्रबंधक के साथ कर्मचारियों की मांगों के मांग पत्र पर एक एक करके विस्तार से चर्चा की गई।

महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में सभी मांगों को लागू किया जाएगा। मीटिंग में कैथल डिपो के कर्मचारियों की स्थानिया मांगों पर चर्चा की क्योंकि महाप्रबंधक को


बैठक के बाद जानकारी देते हुए रोडवेज कर्मी।

कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र गत 12 जुलाई को दिया गया था लेकिन बातचीत का समय नहीं दिया गया। उसके बाद महाप्रबंधक को रिमाइंडर दिया तो महाप्रबंधक ने मीटिंग बुलाकर सभी मांगों पर आश्वासन दिया। इस पर यूनियन ने मीटिंग करके महाप्रबंधक के खिलाफ एक दिन का सांकेतिक धरना स्थगित करने का फैसला किया।

डिपो प्रधान अमित कुमार व डिपो सचिव कृष्ण गुल्याणा, जगतार सिंह, सुरेश कुमार मराठा, सुरेश बनवाला ने बताया कि महाप्रबंधक द्वारा यूनियन को बुलाकर कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। कर्मचारी नेता जसबीर सिंह ने बताया कि सरकार की हिदायत के अनुसार दो वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके पत्र कर्मचारियों को कंफर्म किया जाएगा। सभी पत्र कर्मचारियों को एलटीसी का भुगतान किया जाएगा। बस चालक द्वारा बस दुर्घटना होने पर चालक की जमानत विभाग द्वारा करवाई जाएगी। सभी कर्मचारियों को मुखालय केआदेश अनुसार ओवर टाईम शुरू किया जाएगा। केएमपी व रेसिट की रिकवरी बंद की जाएगी। सभी कैटेगरी की वरिष्ठ सूची बनाई जाएगी। कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को वेतन हर महीने की 7 तारीख से पहले दिया जाएगा।


गणेशोत्सव से पहले शहर में शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु।

### हरियाणा के सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगी नकदी रहित स्वास्थ्य सेवाएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। कर्मचारियों को पीपीपी मोड में चलने वाले जिला अस्पतालों में अब चार बड़ी स्वास्थ्य सेवाए बिना नकदी के ही मिल पाएंगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। विभाग द्वारा सभी सिविल सर्जनों को जारी आदेश में लिखा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सेवा प्रदाताओं को जिला अस्पतालों में पीपीपी मोड में उपलब्ध सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस और कैथ लैब की सेवाए हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए नगदी रहित सेवाएं प्रदान की जाएं।

**गणेशोत्सव पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित**

# विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी सबके दु:ख दर्द करते है दूर : निखिल मदान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**पूरे** देश में गणेशोत्सव शुरू हो चुका है। मंगलवार को गणेशोत्सव को लेकर शहर में अनेकों जगहों पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेशोत्सव पर मिशन रोड पर नवनिर्माण जय बालाजी मंदिर, मिशन चौक पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर व मिशन रोड पर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर के नजदीक गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई। नवनिर्माण जय बालाजी मंदिर में पंडित रामज्वारी अत्री के सानिन्नध्य में गणपति बप्पा की स्थापित की गई। इससे पहले पंडित रामज्वारी अत्री ने पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना करवाकर गणपति बप्पा की झांकी निकाली गई, जो मिशन चौक से शुरू होकर रोहतक रोड, सीआर कालेज रोड, मिशन रोड व पास की कालोनी की गलियों से होते हुए मंदिर में पहुंची, जहां पर पंडित रामज्वारी अत्री ने मंत्रोच्चारण के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा को स्थापित किया।

मंगलवार को नगर निगम मेयर निखिल मदान लाइन पार क्षेत्र के आर्य नगर में स्थानीय निवासियों द्वारा आयोजित गणपति स्थापना कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और सभी भक्तजनों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। निखिल मदान ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव से जुड़ा है और भारत में गणपति स्थापना के साथ ये पर्व शुरू होता है और फिर गणपति विसर्जन के साथ सम्पन्न होता है। निखिल मदान ने

# रोड सेफ्टी सेल ने स्कूजी बच्चों को यातायात नियमों बारे में किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**एसपी** उपासना के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा विषय के संबंध में रोड सेफ्टी सेल इंचार्ज एसआई कुलदीप सिंह की टीम ने पट्टी अफगान कैथल स्थित गीता हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक रूल्ज की पालना, नशा न करने तथा साइबर अपराधों बारे जागरूक किया।

पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने बच्चों को जानकारी दी कि ओवर स्पीड में वाहन चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना, कम उम्र में वाहन चलाना कई बार सड़क दुर्घटना का कारण बन जाते हैं जिसके बारे में हमें सजग रहना चाहिए।

सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों की समुचित पालना करनी


बच्चों को पुस्तकें बांटते हुए टीम के अधिकारी।

चाहिए। कार व हल्के वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह देते हुए अपनी लेन में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

कोई भी लड़का हो या लड़की 18 वर्ष का होने से पहले कोई भी व्हीकल न चलाए तथा 18 वर्ष का होने के उपरांत भी ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर ही ड्राइविंग करे। प्रवक्ता ने बताया कि रोड सेफ्टी सेल के एसआई कुलदीप सिंह द्वारा ट्रैफिक रूल्स की किताबें निशुल्क वितरित की गई।

ट्रैफिक चिन्हों व नियमों की पालना करके खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरो को भी सुरक्षित रखें। इस दौरान स्कूल की मुख्य अध्यापिका निर्मला सन्धू, कुलदीप पुनिया, सतीश नैन, प्रदीप कुमार व समस्त स्कूल स्टाफ, जिला रोड सेफ्टी सैल के एचसी अनोज कुमार व गृहरक्षी राकेश उपस्थित रहे।

# आशा वर्कर्स का 43वें दिन भी लगातार धरना जारी

**आशा वर्कर्स का 43वें दिन भी लगातार धरना जारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**लघु** सचिवालय परिसर में आशा वर्कर्स की हड़ताल का लगातार 43 वें दिन भी जारी रही। आज धरने पर सीएचसी फिरोजपुर बांगर व सीएचसी हलालपुर व आर एचसी क्करोई रोड व कालूपुर पीएचसी अर्बन कि आशाएं पहुंची।

आज के धरने की अध्यक्षता उपप्रधान अनीता चिटाना ने की व संचालन सह सचिव सुदेश ने किया। सरकार की पोल खोल अभियान के तहत गन्नौर के गांवो में आशा वर्कर्स की हड़ताल के समर्थन में व 8 तारीख को करनाल में होने वाली मजदूर ललकार रैली के पर्चे बांटे और जनता के नाम अपील की कि वह सरकार के द्वारा आशा वर्कर्स के साथ किए जा रहे व्यवहार के बारे में जनता को जागृत करें। जनता को भी अपनी इस लड़ाई में शामिल करें। आने वाले टाइम में सरकार के इस व्यवहार का वोट की चोट से जवाब दिया जाएगा। जिसका नतीजा आने वाली 2024 के इलेक्शन में देखने को मिलेगा। इसके अलावा धरने को पूनम, सुनीता, सुदेश, अनीता आदि ने संबोधित किया।


आशा वर्कर्स के धरने को संबोधित करतीं आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की महासचिव सुनीता।

# बिना पर्चे और बिना खर्चे के हो गए गली-गली में चर्चे

## अफसरशाही पर लगे लगाम, जनता करेगी तुझे सलाम

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**पिछले** नौ साल में भाजपा सरकार व पूर्व सरकारों द्वारा करवाये गए कार्यो का जनता ने तुलनात्मक रिपोर्ट कार्ड तैयार करना शुरू कर दिया है। अब चर्चा का विषय किस की सरकार अच्छी है इस बात पर बहस हो रही है। चौक-चौराहों और बैठकों में हुक्का पीते ग्रामीणों में कांग्रेस और भाजपा के कार्यकाल और उनके मुख्यमंत्रियों के व्यवहार, उनके विकास और उनके भेदभावों के बारें में खुलकर चर्चा हो रही है।

इन चर्चाओं में पूर्व की सभी सरकारों पर नौकरियों में भेदभाव के आरोप लगते है। लोगों के जिक्रों में बात शुरू होते ही कहना शुरू कर देते है कि जिनकी सिफारिस थी उसके दो लड़के ला दिये। उसने पैसे देकर अपना पुलिस में भर्ती करवा दिया। इस बात का संतोष मनोहर लाल के प्रति ग्रामीणों में जरूर देखने को मिलता है कि मनोहर सरकार में नौकरियों के मामले खर्ची और पर्ची नही चली। भले ही उनके कुछ कार्यकर्ता मनोहर लाल की इस बात से कुंठा पाले हो कि जब अपनी सरकार में हम अपने ही बच्चों की सिफारिस ना कर सकते तो ऐसी सरकार का क्या फायदा। वैसे आने वाले चुनाव में मनोहर सरकार का भी बिना पर्ची और खर्ची के स्लोगन को लेकर मैदान में उतरने का मन बना रही है। प्रदेश सरकार भी इस बात के प्रचार को लेकर समय समय पर जनता को आंकड़े दे रही है।

पिछले दिनों एक जन संवाद कार्यक्रम में सूबे के मुखिया मनोहर लाल खट्टर बता रहे थे कि उन्होंनें मौजूदा वित्त वर्ष में सरकार की तरफ से 200 से अधिक रोजगार मेले आयोजित किए गए है। जनवरी 2019



से जुलाई 2023 तक 1450 रोजगार मेले आयोजित किए गए। जिनमें 31217 युवाओं को रोजगार मिला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि हमारी सरकार ने बिना खर्ची पर्ची के 1 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। 1999 से 2005 तक प्रति वर्ष 2000 नौकरी दी गई। 2005 से 2014 तक प्रति वर्ष 8500 के करीब नौकरी दी गई। 2014 से 2023 तक प्रति वर्ष 17000 के हिसाब से अभी तक 1.15 लाख को रोज़गार दिए गए। कौशल रोजगार निगम द्वारा दिए गए रोज़गार मिलाने पर यह आँकड़ा 1,70,000 तक पहुंच गया।

प्रदेश सरकार द्वारा नौकरियों के मामले में भले ही ग्रामीण पृष्ठभूमि में उनका फीडबैक अच्छा है लेकिन अफसरशाही के मामले में उनका गणित बिगड़ रहा है। लोगों का कहना है कि मनोहर लाल को कुछ फैसलें योगी आदित्यनाथ की तर्ज पर लेने चाहिए ताकि प्रदेश में अमन चैन को भंग करने वालों पर अकुंश लग सके। फैमिली आईडी, प्रोप्रटी आईडी और कुछ पोर्टलों में दिक्कतों के कारण हुई आमजन की समस्याओं को हल करने में स्थानीय प्रशासन की उदासीनता को लेकर सरकार के प्रति रोष है। प्रदेश सरकार की कुछ योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए भी प्रशासन तत्परता से काम नही करता दिखाई देता। मकानों की मरम्मत की बात हो या तहसीलों में जमीनों के विवादों का मामला। रिश्वत बंद होने के कारण अधिकारी भी काम रूचि नही दिखा रहे है। ऐसे में सरकार ने भले ही अपने ओएसड़ी व अन्य टीम को पूरी पावर देकर मैदान में भेजा है लेकिन स्थिती अभी सुधार में नही है। मनोहर लाल अधिकारियों के प्रति बहुत ही नम्र रूख अपना रहे है।

गौरतलब है कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री के एक खास विधायक से परेशान होकर दीपक तायल आईएएस एसडीएम झज्जर ने अपना त्याग पत्र दे दिया था जिसके चलते इस बात की निंदा बड़े स्तर पर हुई थी। अफसर शाही से ठीक से संतुलन बनाने के प्रयास में जुटी प्रदेश सरकार के असली रिपोर्ट का परिणाम जनता आगामी चुनाव में घोषित करेगी कि वो पास है या फैल।

# आईएमएफ से वित्तीय मदद के लिए पाकिस्तान ने यूक्रेन को हथियार बेचे

## आंतरिक दस्तावेजों के आधार पर एक रिपोर्ट में यह दावा किया

एजेंसी। इस्लामाबाद

**नकदी** की कमी की समस्या से जूझ रहे पाकिस्तान ने यूक्रेन के इस्तेमाल के लिए अमेरिका को गोपनीय तरीके से हथियार बेचे, जिससे उसे इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से अहम वित्तीय मदद प्राप्त करने में मदद की थी। एक रिपोर्ट में पाकिस्तान और अमेरिका सरकार के आंतरिक दस्तावेजों के आधार पर यह दावा किया गया है।

ऑनलाइन जांच वेबसाइट ने बताया कि ये हथियार यूक्रेन की सेना को आपूर्ति करने के मकसद से बेचे गए थे, जो एक ऐसे संघर्ष में पाकिस्तानी भागीदारी को दर्शाता है जिसमें उसे कोई पक्ष लेने के लिए अमेरिकी दबाव का सामना करना पड़ा था। बहरहाल, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने सोमवार को अमेरिका के गैर लाभकारी समाचार संगठन की इस रिपोर्ट को निराधार एवं मनगढ़ंत बताकर खारिज कर दिया और कहा कि नकदी की कमी से जूझ रहे देश ने अमेरिका को हथियार उपलब्ध कराए, ताकि उसे जून के अंत में आईएमएफ के साथ तीन अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा करने में उसका सहयोग मिल सके और वह भुगतान में चूक से बच सके। पिछले साल की शुरुआत में रूस और यूक्रेन के बीच संकट शुरू होने के बाद से पाकिस्तान, अमेरिका और रूस के साथ संबंधों में संतुलन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। एक प्रमुख मीडिया हाउस ने बलूच के हवाले से कहा, कठिन, लेकिन आवश्यक आर्थिक सुधारों को लागू करने के लिए पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच आईएमएफ स्टैंडबाय एग्रीमेंट फॉर पाकिस्तान को लेकर सफल बातचीत हुई थी। इन वार्ताओं को कोई अन्य रंग देना कपटपूर्ण कदम है। बलूच ने कहा कि पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच विवाद में सख्त तटस्थता की नीति बनाए रखी है और उस संदर्भ में उन्हें कोई हथियार या गोला-बारूद उपलब्ध नहीं कराया गया। जुलाई में पाकिस्तान की यात्रा के दौरान यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने भी ऐसी ही खबरों को खारिज किया था कि इस्लामाबाद यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कहा था कि युद्ध शुरू होने के बाद से पाकिस्तान ने सैन्य आपूर्ति के लिए यूक्रेन के साथ किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। पहले भी एक रिपोर्ट में भी दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए, वारसॉ में एक रक्षा व्यापार कंपनी स्थापित की है।



### जुलाई में आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर हस्तांतरित किए

**यूक्रेन** के एक कमांडर ने अप्रैल में एक साक्षात्कार में पाकिस्तान समेत दूसरे देशों से रॉकेट मिलने की बात कही थी, लेकिन पाकिस्तानी अधिकारियों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया था। आईएमएफ ने नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को जुलाई में 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर हस्तांतरित किए। यह राशि देश की खराब अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के सरकार के प्रयासों में सहायता करने के लिए नौ महीने में तीन अरब अमेरिकी डॉलर की मदद मुहैया कराने के कार्यक्रम का हिस्सा है।

# कुर्मी आंदोलन के चलते झारखंड और ओडिशा में 11 ट्रेन रद्द

एजेंसी। भुवनेश्वर

**कुर्मी** संगठनों द्वारा देश के तीन पूर्वी राज्यों में बुधवार से अनिश्चितकाल के लिए रेल नाकाबंदी का आह्वान किए जाने के मद्देनजर झारखंड और ओडिशा में दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) और पूर्वी तट रेलवे (ईसीओआर) के अंतर्गत कम से कम 11 ट्रेन को रद्द कर दिया गया और 12 अन्य का मार्ग बदल दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

कई कुर्मी संगठनों ने समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने और कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए 20 सितंबर से झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के नौ रेलवे स्टेशन पर रेल नाकाबंदी का आह्वान किया है। एसईआर ने नौ एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द किया और रांची रेल मंडल में आठ अन्य का मार्ग परिवर्तित किया।

अधिकारी ने बताया कि जो ट्रेन मंगलवार को अपने संबंधित स्टेशन से प्रस्थान करने वाली थीं और अगले दिन रांची रेल मंडल में प्रवेश करने वाली थीं, उन्हें एहतियातन या तो रद्द कर दिया गया है या फिर उनका मार्ग बदल दिया गया है। दूसरी ओर ईसीओआर ने दो ट्रेन को रद्द किया है और चार अन्य का मार्ग परिवर्तित किया है।

# महिला आरक्षण विधेयक के लिए कांग्रेस की सरकारों ने कई प्रयास किए: चौधरी

## अमित शाह ने अधीर के बताए तथ्यों को गलत बताया

## कांग्रेस से इस मसले पर साक्ष्य पेश करने के लिए कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**लोकसभा** में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को सदन में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी विधेयक को पारित कराने के लिए उनकी पार्टी की सरकारों ने कई बार प्रयास किए तथा 2010 में राज्यसभा से पारित विधेयक आज भी जीवित है।

इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि चौधरी के बताए ये दोनों तथ्य गलत हैं कि राजीव गांधी के समय लोकसभा ने महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था और 2010 का विधेयक आज भी जीवित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी बात वापस लें या फिर साक्ष्य सदन के पटल पर रखें। इसके बाद सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष में नोकझोंक देखने को मिली।

नए संसद भवन में लोकसभा की कार्यवाही के पहले दिन चौधरी ने यह भी कहा कि भारत और इंडिया दोनों एक हैं और इन दोनों में किसी तरह की भिन्नता पैदा करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, संसद के नए भवन की कल्पना कोई नई बात नहीं है। मीरा कुमार ने सबसे यह पहले मुद्दा उठाया था। सुमित्रा महाजन ने भी नए संसद भवन की जरूरत की बात की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह संसद सिर्फ सांसदों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है।

उन्होंने सत्तापक्ष से कहा, आप जो भी करिए, यह मानकर चलिए कि संविधान सर्वोपरि है। चौधरी ने कहा, अब तक हिंदुस्तान की बात होती है, क्या अब हिंदीस्तान के बारे में बात होगी? ...भाषा के आधार पर कोई दरार नहीं होनी चाहिए।



### बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित है विधेयक: जदयू

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा लाया गया महिला आरक्षण विधेयक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा बहुत पहले महिलाओं को दिए गए आरक्षण से प्रेरित है। रंजन ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बिहार आज जो सोचता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। रंजन ने कहा, 2006 में बिहार महिलाओं को स्थानीय निकायों और पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला पहला राज्य बना। नीतीश कुमार ने नवंबर, 2005 में मुख्यमंत्री पद संभालने के कुछ ही महीनों में यह साहसिक कदम उठाया था। उन्होंने कहा, बिहार एकमात्र राज्य है जहां महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। शिक्षा विभाग में 50 प्रतिशत आरक्षण है। परिणामस्वरूप, अब हमारे पास दो लाख महिला शिक्षक हैं।

### बोले, सोनियां गांधी ने प्रधानमंत्री को लिखा था पत्र

**चौधरी** ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय जो विधेयक आया था वो आज तक जीवित है। हमारी कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा गया कि यह विधेयक पारित किया जाए। उनका कहना था कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की मांग की थी। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में कभी पारित नहीं हुआ था तथा पहले का विधेयक 2014 में लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने के साथ ही निष्प्रभावी हो गया था।

# ईरानी पूंजी पर प्रतिबंध हटाए जाने के एवज में पांच अमेरिकी रिहा

**दोहा (कतर)।** ईरान की हिरासत में वर्षों से कैद पांच अमेरिकी, राजनीतिक रूप से जोखिम भरे एक समझौते के तहत सोमवार को रिहा कर दिए गए। इस समझौते के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने दक्षिण कोरिया में फ्रीज (लेन-देन पर रोक) की गई करीब छह अरब अमेरिकी डॉलर की ईरानी पूंजी को जारी करने पर सहमति जताई है।

अमेरिकी कैदियों की रिहाई संभव बनाने के लिए उनके परिवारों ने बाइडन के प्रति बहुत आभार जताया है, लेकिन राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के दावेदारों और अन्य विरोधी नेताओं ने इस समझौते के साथ ईरान के साथ की गई मौद्रिक व्यवस्था की आलोचना की है। तेहरान से एक विमान के पांच अमेरिकियों को लेकर कतर के दोहा पहुंचने के बाद बाइडन ने एक बयान में कहा, आज, पांच निर्दोष अमेरिकी अंततः अपने घर लौट रहे हैं, जो ईरान में कैद थे। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा कि पूंजी पर रोक हटाए जाने के बदले में कैदियों की रिहाई संबंधी समझौता हमारे और अमेरिका के बीच मानवीय कार्रवाई की दिशा में एक कदम है। यह विश्वास पैदा करने में निश्चित ही मददगार साबित हो सकता है।

# केरल के कल्याण मंत्री बोले, जाति-व्यवस्था कुछ लोगों के मन-मस्तिष्क पर एक धब्बा जैसा

## इसे तुरंत हटाना आसान नहीं हैं

एजेंसी। त्रिशूर (केरल)

**केरल** के देवस्वोम कल्याण मंत्री के. राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि जाति व्यवस्था कुछ लोगों के मन-मस्तिष्क पर एक धब्बा जैसा है और इसे तुरंत हटाना आसान नहीं है। राधाकृष्णन की यह टिप्पणी उनके उस खुलासे के बाद आई है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राज्य के एक मंदिर में उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा।

संवाददाताओं से कहा कि उत्तरी राज्यों की तुलना में केरल ने जाति-आधारित भेदभाव को खत्म करने की दिशा में एक लंबा सफर तय किया है और यहां का समाज किसी भी कीमत पर ऐसी कुरीतियों को स्वीकार नहीं करेगा। हाल ही में, एक मंदिर से जुड़े कार्यक्रम के दौरान भेदभाव का सामना करने के राधाकृष्णन के खुलासे के बाद राज्य में आक्रोश फैल गया। उन्होंने कहा, जाति व्यवस्था के तहत बनी मानसिकता को बदलना आसान नहीं है। यह लोगों के मन-मस्तिष्क पर एक धब्बा है। कपड़ों पर लगे धब्बे की तरह इसे हटा पाना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि केरल का समाज इस तरह की मानसिकता को काफी हद तक बदल सकता है, लेकिन यह अभी भी कुछ व्यक्तियों के दिमाग में गहराई से बैठी हुई है।



### केरल ने जाति-आधारित भेदभाव को खत्म करने की दिशा में एक लंबा सफर तय किया

देवस्वोम मंत्री ने स्पष्ट किया कि उनका इरादा इस घटना को विवाद में बदलने का नहीं था और उन्होंने सिर्फ लोगों को सामाजिक बुराई के बारे में जागरूक करने की कोशिश की थी। उन्होंने दोहराया कि भेदभाव केवल लोगों के प्रति दिखाया गया है, पैसों के प्रति नहीं। राधाकृष्णन ने यह भी संकेत दिया कि वह अपने साथ हुए भेदभाव को लेकर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने जा रहे हैं। अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा था कि एक मंदिर के दो पुजारियों ने मंदिर में उद्घाटन के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर मुख्य दीपक को प्रज्ज्वलित करने के लिए लाए गए छोटे दीपक को उन्हें देने से इनकार कर दिया था। टीवी चैनलों ने कन्नूर जिले के पायन्नूर मंदिर में हाल ही में हुए नादपंडाल के उद्घाटन की तस्वीरें जारी की हैं। इस कार्यक्रम में मंत्री ने शिरकत की थी। मंदिर के प्राधिकारियों ने अभी तक इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। राधाकृष्णन, सत्तारूढ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की केंद्रीय समिति के सदस्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग और देवस्वोम कल्याण मंत्री हैं।

## संरा के उच्चस्तरीय सत्र में आतंकवाद के खिलाफ जंग

# यूएनएससी में सुधार को लेकर होगा भारत का जोर

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78 वें वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र के दौरान जी20 समूह के अध्यक्ष के रूप में ग्लोबल साउथ से जुड़े अहम मुद्दों पर भारत का जोर, आतंकवाद के खिलाफ जंग, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार और वैश्विक शांति का मुद्दा नई दिल्ली की प्राथमिकताओं में शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यह जानकारी दी।

कंबोज ने सोमवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा, यूएनजीए के इस सत्र में हमारी भागीदारी वैश्विक सहयोग, शांति और सतत विकास के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। उन्होंने कहा, उस सिद्धांत से प्रेरित होकर, जो दुनिया को एक एकीकृत वैश्विक परिवार के रूप में देखता है और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं के अनुरूप, हम सहयोगात्मक प्रयासों के लिए तत्पर हैं, जिससे न केवल हमारे



संबंधित महाद्वीपों, बल्कि पूरे विश्व को फायदा होगा। यूएनजीए सत्र में आम बहस की शुरुआत की पूर्व संध्या पर कंबोज ने कहा कि महासभा के 78वें सत्र के दौरान भारत कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस बहस के दौरान कई देशों और सरकारों के प्रमुख एवं मंत्री यूएनजीए के प्रतिष्ठित मंच से विश्व को संबोधित करेंगे। सत्र के लिए भारत की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कंबोज ने देश की जी20 अध्यक्षता और नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को आयोजित इस प्रतिष्ठित समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन का जिक्र किया।

# जम्मू कश्मीर में स्थिति सरकार के दावे के विपरीत: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में स्थिति सरकार के दावे के विपरीत है जिसे वह (सरकार) झूठ के सहारे छिपाने की कोशिश कर रही है। अब्दुल्ला ने कहा, (अनंतनाग) मुठभेड़ में चार लोग मारे गए हैं। आज सातवां दिन है। शायद, कोई आतंकवादी नहीं मारा गया। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कितना शांतिपूर्ण और स्थिर है।

कहा, हां, श्रीनगर और उसके आसपास शांति व स्थिरता है क्योंकि उसे (प्रशासन को) गोल्फ खेलते हुए, मिस वर्ल्ड के साथ घूमते हुए तथा जी20 के प्रतिनिधियों को घुमाते हुए देखा जा सकता है, लेकिन कोकेरनाग , उरी और राजौरी आपको बताएगा कि श्रीनगर के बाहर स्थिति कैसी है। वह घाटी में शांति होने के उपराज्यपाल की अगुवाई वाले प्रशासन के दावे पर निशाना साध रहे थे। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद ने फिर सिर उठाया है। उन्होंने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री था, मुझे याद नहीं है कि राजौरी में इस तरह की स्थिति कब थी। पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद ने फिर सिर उठाया है।



### पुराने संसद में सांसदों ने खिंचवाई सामूहिक तस्वीर

**नई दिल्ली।** रंग-बिरंगे परिधान पहने राज्यसभा और लोकसभा के सदस्यों ने संसदीय कार्यवाही के नए संसद भवन में स्थानांतरित होने से कुछ घंटे पहले पुराने संसद भवन में मंगलवार को सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। इस दौरान उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ पुराने संसद भवन के भीतरी प्रांगण में पहली पंक्ति में बैठे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी (सपा) के लोकसभा सदस्य 93 वर्षीय शफीक-उर-रहमान बर्क, अनुभवी नेता शरद पवार (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी), फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा भी पहली पंक्ति में बैठे नेताओं में शामिल थे। महिला सदस्य रंग-बिरंगी साड़ियां पहनकर पुराने संसद भवन पहुंचीं, जबकि अधिकतर पुरुष सांसद कुर्ता-पायजामा और अलग-अलग रंगों के वेस्ट-कोट पहने नजर आए।

# अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 16 छात्रावास बनेंगे

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 16 छात्रावासों के निर्माण का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 16 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

यहां जारी एक सरकारी बयान के अनुसार ब्यावर, गंगापुर सिटी, प्रतापगढ़ और झालावाड़ के भवानीमंडी में अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा जबकि दौसा के बहरावण्डा, अलवर के मालाखेड़ा, गंगानगर के सूरतगढ़, ब्यावर के रायपुर, उदयपुर के कानौड़, कुचामन सिटी में सावित्रीबाई फुले अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास बनाए जाएंगे। बयान के अनुसार पचपदरा के कल्याणपुर और श्रीगंगानगर में अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बनाया जाएगा।

# हम जी20 की अध्यक्षता को भारत और मोदी के आभारी हैं : अमेरिका

एजेंसी। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**अमेरिका** जी20 की सफल अध्यक्षता के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभारी है तथा राष्ट्रपति जो बाइडन दिल्ली में समूह के शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद बहुत सकारात्मक और आशावान महसूस कर रहे हैं। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही।

रणनीतिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के समन्वयक जॉन किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन में सवाल के जवाब में कहा, बाइडन जब जी20 सम्मेलन से लौटे, तो वह बेहद सकारात्मक और आशावान महसूस कर रहे थे। मेरा मतलब है कि जी20 में बहुत अच्छा काम किया गया है। हम सभी न सिर्फ समूह की अध्यक्षता के लिए, बल्कि जिस तरह से एजेंडा को क्रियान्वित किया गया, उसके लिए भी प्रधानमंत्री मोदी और भारत के आभारी हैं। भारत की अध्यक्षता में गत 9-10 सितंबर को दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए किर्बी ने कहा, यह बहुत ही उपयोगी दो दिन थे। किर्बी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें उच्च स्तरीय सत्र के लिए अमेरिका की प्राथमिकताओं के साथ-साथ विदेश नीति से संबंधित अन्य मुद्दों पर न्यूयॉर्क फॉरेन प्रेस सेंटर में संवाददाताओं को संबोधित किया।

# आईपीएस अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को सीबीआई का डीआईजी नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। वर्तमान में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के उप महानिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। आदेश के मुताबिक, कार्मिक मंत्रालय ने 17 जनवरी 2026 तक आईटीबीपी के डीआईजी पद पर तैनात द्विवेदी को मौजूदा पद से हटाकर सीबीआई के उप महानिरीक्षक के पद पर स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी है।

## निज्जर की हत्या को विदेश मंत्रालय ने दिया करारा जवाब, कहा

# कनाडा के कई राजनीतिक चेहरे खालिस्तानियों के लिए सहानुभूति जताते हैं

एजेंसी। नई दिल्ली


**खालिस्तानी** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा की तरफ से भारत पर लगाए गए आरोपों का मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने करारा जवाब दिया है। जारी बयान में मंत्रालय ने कनाडा के आरोपों को बेतुका और प्रेरित करार दिया है। भारत ने कहा है कि इस तरह के आरोप सिर्फ उन खालिस्तानी आतंकी और कट्टरपंथियों से ध्यान हटाने के लिए जिन्हें लंबे समय से कनाडा में शरण दी जा रही है और जो भारत की क्षेत्रीय एकता और अखंडता के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कनाडा के विदेश मंत्री जस्टिन ट्रूडो के उस बयान को सीधे तौर पर नकारा गया है, जिसमें ट्रूडो ने संसद में निज्जर की हत्या के तारों को भारत से जोड़ा। साथ ही विदेश मंत्री मेलानी जॉली के बयान की भी आलोचना की गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है, जहां कानून के नियम के प्रति प्रतिबद्धता है। इसमें आगे कहा गया कि खालिस्तानी आतंकियों और कट्टरपंथियों की गतिविधियों से जुड़े मामलों में कनाडा सरकार का कुछ न कर पाना लंबे समय से हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

भारत की तरफ से इस मामले में कनाडा के नेताओं को भी घेरा गया है। बयान में कहा गया कि कनाडा के कई राजनीतिक चेहरे ऐसे तत्वों (खालिस्तानियों) के लिए खुले तौर पर सहानुभूति जताते हैं, जो कि चिंता की बात है। कनाडा ने जिस तरह हत्या, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी गैरकानूनी गतिविधियों को जगह देना जारी रखा है, वह कोई नई बात नहीं है। हम भारत के ऐसी किसी भी गतिविधि से जुड़े होने की बात को स्पष्ट तौर पर नकारते हैं और कनाडा सरकार से अपील करते हैं कि वह अपनी जमीन से भारत के खिलाफ काम कर रहे भारत-विरोधी तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।

कनाडा और भारत के बीच मनमुटाव बढ़ता जा रहा है। दरअसल, कनाडा ने भारत के एक शीर्ष राजनयिक को निष्कासित कर दिया। पूरा मामला सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड की जांच से जुड़ा है। कनाडा सरकार का आरोप है कि भारतीय राजनयिक हत्याकांड की जांच में हस्तक्षेप कर रहे थे और वह भी तब जब कनाडाई एजेंसी मामले की जांच के लिए प्रतिबद्ध हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया है कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार की साजिश हो





### कौन है हरदीप सिंह निज्जर

**मीडिया** रिपोर्ट के मुताबिक, इसी साल जून में कनाडा के एक प्रमुख खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के नजदीक दो अज्ञात हमलावरों ने निज्जर पर हमला किया था। हमले में उसकी मौत हो गई थी। भारतीय एजेंसी एनआईए ने निज्जर को भगोड़ा घोषित किया था। बता दें, निज्जर गुरु नानक सिख गुरुद्वारे का अध्यक्ष था और कनाडा में चरमपंथी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का प्रमुख चेहरा था। निज्जर, खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख भी था।

### कनाडाई पीएम ने भारत सरकार पर लगाए आरोप

**विदेशी** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कनाडाई प्रधानमंत्री मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को आरोप लगाए कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ हो सकता है। ट्रूडो ने कहा कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों के पास यह मानने के कारण है कि भारत सरकार के एजेंटों ने ही निज्जर की हत्या की है। कनाडाई एजेंसियां निज्जर की हत्या में भारत की साजिश की संभावनाओं की जांच कर रही हैं। ट्रूडो ने जोर दिया कि कनाडा की धरती में कनाडाई नागरिक की हत्या में किसी भी प्रकार की संलिप्तता अस्वीकार्य है।

# व्यवधान को हथियार बनाने की रणनीति खत्म की जाए : धनखड़

एजेंसी। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि नए संसद भवन में कार्यवाही शुरू होने के साथ ही, अब उचित समय आ गया है जब संसदीय कामकाज में व्यवधान को हथियार बनाने की रणनीति समाप्त की जाए क्योंकि ये लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

भारतीय संसद की समृद्ध विरासत के उपलक्ष्य में पुराने संसद भवन के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि इसी कक्ष में, संविधान सभा के सदस्यों ने संविधान का मसौदा तैयार करने के चुनौतिपूर्ण कार्य की यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा, अतीत के उदाहरणों का हवाला देकर लोकतंत्र के मंदिरों में नियमों की अपमानजनक अवहेलना एवं अनुचित व्यवहार को उचित ठहराने पर सदा के लिए रोक लगाने का समय आ गया है।

धनखड़ ने कहा, हम नए संसद भवन की ओर बढ़ रहे हैं, हमें सहयोग और सहमतिपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए।

टकराव भरे रुख को अलविदा कहने और राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखने का संकल्प लेने का समय आ गया है। धनखड़ ने जोर दिया कि संसदीय कामकाज में व्यवधान को हथियार बनाने की रणनीति को समाप्त करने का यह सही समय है क्योंकि ये लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा, इसे हमारे लोगों से सहमति कभी नहीं मिल सकती।

# व्यापारी को मंडी में निर्वस्त्र घुमाया

## नोएडा में शर्मसार करने वाला वीडियो वायरल, 3000 हजार रुपये के लिए की दबंगई

**नोएडा।** नोएडा के फल मंडी में 3000 रुपए की उधारी व्यापारी को इतनी महंगी पढ़ जायेगी, उसने कभी सोचा नहीं था। दरअसल नोएडा के थाना फेस 2 क्षेत्र के फल मंडी में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है । वीडियो में एक शख्स पूरा नंगा करके बाजार में घुमाया जा रहा है और दूसरी तरफउसकी वीडियो भी बनाई जा रही थी। इस व्यक्ति पर लहसुन के 3000 हजार रुपए बकाया था। बकाया न चुकाने पर मंडी पर ही कुछ लोगों द्वारा इसके साथ मारपीट की गई और उसको नंगा कर पूरे बाजार में घुमाया। इस मामले में एक्शन लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने आढ़ती का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। फेस-2 में एफ आईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि कि वह फेस-2 मंडी में ठेले पर लहसुन बेचता है। उसने एक महीने पहले सुंदर से 5600 काम के लिए उधार दिए थे। मंगलवार को अमित सुंदर से मिला और 2500 वापस दे दिए वहीं बाकी पैसों को बाद में देने का निवेदन किया। इसी को लेकर सुंदर बहुत ज्यादा क्रोधित हो गए और उन्होंने मुनीम और दो मजदूर को बुला लिया और चारों ने उसे दुकान में बंद कर लिया और उसे नंगा करके डंडों से मारा पीटा और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। फेस .2 थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी सुंदर आढ़ती, मुनीम और दो लेबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं वायरल वीडियो को भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल आरोपी फरार है


प्रतीकात्मक फोटो

● मजिस्ट्रेट ने मामले में कार्रवाई करते हुए किया दुकान का लाइसेंस निरस्त

जल्दी ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि फेज.2 की फूल मंडी में सरस्वती ट्रेडिंग कंपनी है। कंपनी सुंदर की है। वो काफी लंबे समय से फेज.2 में अपनी दुकान चला रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। इस घटना के बाद से फुटकर व्यापारियों में रोष भी है। पीड़ित के बयान के आधार पर फेज.2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी सुंदर की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## 24वीं मंजिल से गिरकर 12वीं के छात्र की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में 12वीं के नाबालिग छात्र की एक हाउसिंग सोसाइटी की 24वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह गाजियाबाद के जयपुरिया स्कूल में पढ़ता था। सोसाइटी के सुपरवाइजर ने पुलिस को छात्र के गिरने की सूचना दी।

आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। घटना बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सौंदर्यम सोसाइटी में आज सुबह करीब साढ़े 6 बजे हुई। बताया जा रहा है कि रात को अक्सर रात को चोरी छिपे अपने दोस्तों से मिलने जाया करता था, जिसके लिए बालकनी का प्रयोग करता था, इसलिए अंदेशा है कि रात को लौटते समय उसका पैर फिसलने से हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, बिसरख थाना में मंगलवार सुबह करीब गौर सौंदर्यम हाउसिंग सोसायटी के सुपरवाइजर ने सूचना दी कि सोसाइटी में एक किशोर 24वीं मंजिल से गिर गया है।

# मेट्रो के आगे कूदी युवती, हाथ कटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में एक युवती ने मेट्रो ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का करने का प्रयास किया। घटना सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। इसमें युवती का एक हाथ कट गया। उसे सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे दिल्ली के एक हायर सेंटर में रेफर किया गया है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली सेक्टर.39 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया सुबह करीब साढ़े नौ बजे जानकारी मिली एक युवती सिटी सेंटर से दिल्ली जाने वाली लाइन पर मेट्रो के आगे कूद गई है। युवती की पहचान अनीता 19 हुई है। बरौला के रहने वाली है। जिस समय वह कूदी उसके पास एक बैग था। इसमें कुछ सामान मिला है। हालांकि उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवती के पिता परमानंद प्राइवेट जॉब करते है।



नोएडा में मेट्रो के सामने कूदने के बाद युवती को इलाज के लिए जाते हुए।

परिजनों को जानकारी दे दी गई थी। युवती सिटी सेंटर से दिल्ली जाने वाली लाइन पर कूदी। जानकारी मिलते ही सीआईएसएफके जवानों ने युवती को ट्रैक से हटाया। लोकल पुलिस को सूचना दी और युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान ट्रेन से टकराने की वजह से युवती का एक हाथ कट गया। इस दौरान मेट्रो स्टेशन पर हड़कंप मच गया। करीब 10 से 15 मिनट तक मेट्रो सेवा बाधित रही। एसीपी ने बताया कि युवती ने सुसाइड करने का प्रयास किया या फिर किसी ने उसे धकेला। सीसीटीवी फुटेज जांच के बाद ये स्पष्ट होगा। ये भी देखा जा रहा है कि वो किसी के साथ स्टेशन आई थी या फिर अकेले। इसकी जांच की जा रही है। उसके मोबाइल फोन की सीडीआर भी देखी जाएगी। प्राथमिक पूछताछ में अभी कोई स्पष्ट कारण निकलकर नहीं आ रहा है।

# गाजियाबाद-नोएडा में 24 घंटे में डेंगू के 31 केस मिले

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** और नोएडा में डेंगू केस बढ़ते जा रहे हैं। दोनों जिलों में बीते 24 घंटे में डेंगू के 31 केस सामने आए हैं। वहीं कुल मामलों की संख्या एक हजार के आसपास पहुंच गई है। कई प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू वार्ड फुल हैं। ओपीडी में जो बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं, उनका डेंगू टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद के अनुसार, 24 घंटे में डेंगू के 12 नए केस मिले। इस प्रकार कुल मामले बढ़कर 499 पहुंच गए हैं। वहीं दो दिन पहले चिकनगुनिया का पहला केस सामने आया था। 19 मरीज मलेरिया के भी पीड़ित हैं। संयुक्त जिला अस्पताल संजयनगर की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। इसमें ज्यादातर मरीज बुखार पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने बताया कि बुखार पीड़ित मरीजों की डेंगू जांच अनिवार्य रूप से कराई जा रही है।

● प्राइवेट अस्पतालों में वार्ड फुल, बुखार पीड़ितों का डेंगू टेस्ट अनिवार्य

## एलिवेटेड पर 8 किलोमीटर उलटी दिशा में दौड़ा कैंटर

**गाजियाबाद।** देश के पहले सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड पर गाजियाबाद में एक कैंटर करीब आठ किलोमीटर तक रॉन्ग साइड दौड़ता रहा। शुक्र रहा कि कोई उस कैंटर की चपेट में नहीं आया।

एक कार चालक ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जिसके बाद गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस हरकत में आई और कैंटर का 7 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काट दिया। ये कैंटर इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित कनावनी से एलिवेटेड रोड पर रॉन्ग साइड चढ़ा और तेज रफ्तार दौड़ता रहा। टी.पॉइंट आया, तब ये कैंटर अपनी लेन में आ सका।

# पराली जलाने को लेकर प्रशासन अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में धान और गन्ने की कटाई अगले महीने शुरू होने वाली है। ऐसे में पराली जलाने के मामले फिर से बढ़ने की संभावना है। बीते सालों में पराली जलाने के कारण प्रदूषण बढ़ने की जानकारी सामने आती रही है। पराली जलाने की घटनाएं रोकने के लिए दिल्ली से सटे जिला गाजियाबाद में प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं।

गाजियाबाद में तहसीलवार फ्लाइंग स्क्वायड टीमें बना दी गई हैं। इसमें पुलिस सहित पांच विभाग के अधिकारियों को लगाया गया है। ये अपने.अपने इलाके में घूमा करेंगे और पराली जलाने वालों पर नजर रखेंगे।

● गाजियाबाद में फ्लाइंग स्क्वायड को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

जिले में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। गाजियाबाद में रजापुर, लोनी, मुरादनगर और भोजपुर ब्लॉक क्षेत्र में ये फ्लाइंग स्क्वायड बनाए हैं। इनका प्रभारी एसडीएम को बनाया गया है। जबकि टीम में ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, कृषि विभाग के एक अधिकारी, गन्ना अधिकारी और सहायक पुलिस आयुक्त को शामिल किया गया है। राकेश कुमार सिंह ने निर्देश दिया है कि ये फ्लाइंग स्क्वायड टीम फसल अवशेष जलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। इसके बाद संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। क्ड ने कहा कि गाजियाबाद में गन्ने की पत्तियां जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। इसलिए गन्ना विभाग और चीनी मिलें कृषक गोष्ठियां आयोजित करके किसानों को जागरुक करें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को इसके लाभा के बारे में बताने को कहा। पिछले साल 15 सितंबर से चार नवंबर के बीच गाजियाबाद में तीन, नोएडा में 10, हापुड़ में दो और बुलंदशहर में आठ स्थानों पर पराली जलाने के मामले सामने आए थे। इसमें कृषि विभाग ने संबंधित किसानों पर जुर्माना लगाया था और कार्रवाई की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### शारदा शताब्दी सम्मान समारोह में आएंगे पूर्व राष्ट्रपति

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में होने वाले शारदा शताब्दी सम्मान समारोह को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम 22 और 23 सितंबर को शारदा यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। पहले दिन 22 सितंबर को उद्घाटन समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, सांसद डॉ महेश शर्मा, बह्म सागर समिति के अध्यक्ष कैप्टन एसके द्विवेदी, शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके गुप्ता और प्रो चांसलर वाईके गुप्ता मौजूद रहेंगे। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शारदा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

### नोएडा में छात्रा से रेप का आरोपी अरेस्ट

**नोएडा।** पुलिस ने नाबालिग छात्रा के साथ रेप करने वाले आरोपी को नोएडा-दिल्ली के अशोक नगर बार्डर से गिरफ्तार किया है। पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जल भेजा है। पुलिस ने बताया कि युवती ईस्ट दिल्ली में रहती है। वही के एक स्कूल में पढ़ती है। इस दौरान आरोपी युवक तरुण उर्फशाहरुख ने छात्रा के साथ दोस्ती कर ली। एक दिन बहला फुसला कर उसे कमरे पर ले गया। वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद छात्रा कई दिनों तक बात को छिपाती रही। पीड़ित छात्रा ने परिजनों को सारी बात बताई। इसके बाद न्यू अशोक नगर थाना ईस्ट दिल्ली में पीड़िता के परिजनों ने शिकायत दी।

### संभव में नगर आयुक्त मलिक ने सुनीं शिकायतें

**गाजियाबाद।** निगम में आज संभव दिवस का आयोजन किया गया। संभव दिवस के दौरान आज नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने शिकायतें सुनी। समाचार लिखे जाने तक नगर निगम में संभव दिवस के दौरान 16 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी थी। इन में सबसे अधिक हेल्थ विभाग की शिकायतें थी। जिनकी संख्या पांच है। इनके अलावा जलकलए निर्माणए उद्यान आदि विभागों की शिकायतें दर्ज कराई गई। शिकायतों के तत्काल निस्तारण के लिए नगर आयुक्त के निर्देश पर संबंधित विभागाध्यक्षों को भी संभव दिवस में उपस्थित रहने के लिए कहा गया था। संभव दिवस में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ0 संजीव सिन्हा, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, स्वास्थ्य से डॉ0 मिथिलेश कुमार, निर्माण से चीफइंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान से डॉ0 अनुज सिंह के अलावा बाकी के कई अन्य अधिकारी भी बैठक मे मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने संभव में आई शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# गाजियाबाद-नोएडा में गणेश चतुर्थी की धूम

पीएनएस। गाजियाबाद/नोएडा

**गाजियाबाद** और नोएडा में मंगलवार को जगह-जगह धूमधाम से गणेश चतुर्थी मनाई जा रही है। शहर के तमाम गली.मुहल्लों, घरों और सोसाइटीज में भगवान गणेश की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। किसी ने दो दिन, पांच दिन, सात दिन और किसी ने 9 दिन के लिए गणपति विराजमान किए हैं। अगले एक हफ्ते गणपति की धूम रहेगी।

भजन.कीर्तन के लिए पंडाल लगाए गए हैं। शहर के प्राचीन दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में आज सुबह गुरुकुल के छात्रों व आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश की छह फुट ऊंची मूर्ति विराजमान की। इसके साथ ही भगवान गणेश को लड्डू का भोग लगाया गया। शाम को यहां पर भजन संध्या होगी। दिव्यांश सोसाइटी.1 में भी रेजिडेंट्स ने गणेश मूर्ति स्थापित की है। पंचशील सोसाइटी में भी भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के दौरान पूजा.अर्चना हुई। गाजियाबाद के इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, राजेंद्रनगर आदि इलाकों में भी गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई जा रही है। गणेश मूर्ति विसर्जन गाजियाबाद में हिंडन नदी और मुरादनगर गंगनहर पर होगा। इसके लिए पुलिस.प्रशासन ने अस्थायी घाट बना दिए हैं। वहां साफसफाई, पथ.प्रकाश, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था नगर निकायों की तरफसे कराई गई है।


क्रासिंग रिपब्लिक के संपूर्ण पैरामाउंट सिंफनी सोसायटी में सजी भगवान गणेश जी की प्रतिमा।

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित संपूर्ण पैरामाउंट सिंफनी सोसायटी परिवार ने धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाई। सोसायटी की तरफ से आयोजक मंडल में पायल त्रिपाठी और लक्ष्मी अग्रवाल समेत काफी तादाद में श्रद्धालु मौजूद थे।

## किसान की पीट-पीटकर की गई थी हत्या

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के थाना क्षेत्र में गांव खंजरपुर में चार दिन पहले हुए किसान नेपाल सिंह की संदिग्ध मौत के मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में किसान की पीट पीटकर हत्या करने की बात सामने आई है। अभी कुछ तक इस मामले कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस जल्द हत्याकांड के खुलासा करने की बात कह रही है।

पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गांव खंजरपुर निवासी नेपाल सिंह अपने परिवार के साथ रहते थे। खेती करके परिवार का लालन.पालन करते थे। शनिवार को नेपाल सिंह खेत में काम करने के लिए गए थे।

# स्कूल कॉलेजों को निगम ने जारी की यूजर चार्ज नोटिस

पायिनयर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**निगम** के टैक्स विभाग का एक और नया कारनामा सामने आया है। निगम ने स्कूलों पर हाउस टैक्स से अधिक यूजर चार्ज लगाकर उन्हें लाखों रुपये के बिल थमा दिए। इसको लेकर अब स्कूल वाले परेशान है। वहीं स्कूल वाले निगम के चक्कर भी लगा रहे है। मगर कोई सुनवाई नही हो रही है।

नगर निगम प्रशासन की ओर से इंजीनियरिंग कॉलेज को तीन से चार लाख तक यूजर चार्ज का बिल भेजा जा रहा है। इसी तरह से कई स्कूलों को भी निगम कई कई लाख रुपये यूजर चार्ज के बिल थमाया है। यूजर चार्ज के लाखों के बिलों को लेकर अब स्कूल और कॉलेज के प्रबंधन विभाग की टेंशन बढ़ गई है।

● निगम के टैक्स विभाग ने स्कूलों को थमाया लाखों का बिल

दूसरी ओर नगर निगम के यूजर चार्ज प्रभारी अधिकारी संजीव सिन्हा का कहना है कि बायलोज में प्रत्येक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे को एक युनिट मानकर यूजर चार्ज लगाया गया है। इस कारण कई कई लाख के यूजर चार्ज के बिल आ रहे है।

# हिंडन की नहीं हुई सफाई, जीएम विधान परिषद समिति में तलब

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हिंडन नदी की सफाई को लेकर विद्यान परिषद की आश्वासन समिति ने जलकल विभाग के अफसरों को तलब किया है।

इस मामले में लखनऊ जीएम आनंद त्रिपाठी को भेजा गया है। जहां उन्हें बताना होगा कि कृष्णा नदी और हिंडन नदी की सफाई को लेकर निगम ने आश्वस्त किया था कि इसकी साफसफाई के लिए कदम उठाए जाएंगे। दरअसल शहरी एरिया में करीब 11 नाले इस नदी में पड़ रहे है। इन को बंद करने के लिए एनजीटी में भी केस दायर किया गया था। बाद में हाईकोर्ट ने भी वर्ष 2012 में नगर निगम को निर्देश दिया था कि वह हिंडन नदी में पड़ रहे सभी नालों को बंद करे या फिर उन सभी नालों के पानी को ट्रीट करने के लिए प्लांट लगाए। तत्कालीन पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने भी इस मामले में हाईकोर्ट में नगर निगम के खिलाफअवमानना का केस दायर किया था। उनका आरोप था कि निगम ने हाईकोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं किया। अब इसी को लेकर नगर निगम की टेंशन बढ़ गई है। विधान परिषद की आश्वासन समिति में पहुंची शिकायतें में कहा गया कि निगम आश्वासन देने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# मोटो जीपी रेस : कुछ प्रतिभागियों अधिकारियों को वीजा का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत में होने वाली पहली मोटो जीपी में हिस्सा लेने वाले कुछ राइडर और टीम अधिकारियों को इस सप्ताहांत होने वाली रेस के लिए अब भी वीजा का इंतजार है जिसमें छह बार के चैंपियन मार्क मारक्वेज भी शामिल हैं।

रेपसोल होंडा टीम से जुड़े सूत्रों ने पीटीआई को पुष्टि की है कि उनके राइडर मारक्वेज और जोआन मीर के भारत आने में वीजा मुद्दों के कारण विलंब हो रहा है। स्पेन के इन दोनों राइडर को बुधवार को दिल्ली के समीप एक प्रचार कार्यक्रम में हिस्सा लेना था लेकिन अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है।

एक सूत्र ने बताया, वीजा मुद्दों के कारण राइडर अब तक भारत नहीं पहुंचे हैं। इसलिए कल के कार्यक्रम को रद्द करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। डोर्ना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजक और अधिकार धारक हैं।

फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के स्थानीय प्रमोटर हैं। मोटो जीपी टीमों के सामने आ रही वीजा समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के लिए हालांकि इन दोनों से ही संपर्क नहीं हो पाया है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और मोटो जीपी रेस में शामिल होंगे 80 हजार वाहन, 2.5 लाख लोग

● नोएडा, ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक का ट्रैफिक प्लान जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा-ग्रेटर** नोएडा एक्सप्रेस वे पर 21 से 25 सितंबर तक वाहनों का सबसे अधिक दबाव रहेगा। यहां पर प्रतिदिन 80 हजार अतिरिक्त वाहनों का आवाजाही की संभावना है।

ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तीन सुपर जोन, 12 जोन और 24 सेक्टरों में ट्रैफिक व्यवस्था को बांटकर 14 सौ ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। इस दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे से होकर निकलने वाली दूसरे राज्यों की बसों को भी एनएच-24 से होकर जाना होगा।

गौतमबुद्धनगर में 21 से 25 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और 22 से 24 सितंबर तक मोटो जीपी रेस आयोजित होगी। इस दौरान जिले में बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान और राजनीतिक, फिल्मी तथा धर्म से जुड़ी हस्तियां भी रहेंगी। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव का मानना है कि इन आयोजनों के चलते नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर करीब 80 हजार से अधिक गाड़ियों का बोझ बढ़ेगा। दोनों ही आयोजनों में ढ़ाई से तीन लाख लोग शामिल होने के लिए आएंगे। इसके




मद्देनजर यातायात व्यवस्था के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। डायवर्जन की तैयारी हो चुकी है।

### मोटो जीपी में आने वाले लोगों के लिए प्लान

**दिल्ली**, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ से आने वाले दर्शक एग्जिट 2ए, 2सी से उतरकर बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के विभिन्न गेटों से प्रवेश करेंगे। निर्धारित स्थल पर वाहन पार्क कर टिकट में अंकित सीटिंग स्टैंड में जा सकेंगे। आगरा, मथुरा, अलीगढ़ की ओर से आने वाले दर्शक चपरगढ़ कट से उतरकर सर्किट के साउथए ईस्ट जोन गेट से प्रवेश कर सीटिंग स्टैंड में जा सकेंगे। मोटो जीपी तक ले जाने के लिए शटल सेवा की व्यवस्था होगी।

### भारी और मध्यम व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश वर्जित

**दिल्ली** बार्डर से जिले में भारी और मध्यम वाहनों का प्रवेश 21 सितंबर को सुबह छह बजे से 25 सितंबर की रात 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। चिल्ला, डीएनडी, कालिंदी कुंज, न्यू अशोक नगर, कोंडली, झुण्डपुरा बॉर्डर, परी चौक, नालेज पार्क, नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर आवागमन पर रोक रहेगी। एंबुलेंस, दूध, फल, सब्जी आदि के वाहन आ.जा सकेंगे। आपात स्थिति में लोग यातायात हेल्पलाइन नंबर 9971009001, 9355057381 पर कॉल कर सकते है।

### गैर व्यवसायिक वाहन के लिए रूट डायवर्ट

- दिल्ली से नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर रोक रहेगी। ग्रेनो, मथुरा, आगरा, लखनऊ की ओर जाने के लिए गैर व्यवसायिक वाहन एनएच.9, 24, 91 से जा सकेंगे।
- नोएडा से दिल्ली-गाजियाबाद जाने वाले गैर व्यवसायिक वाहन एमपी.1, 2 व 3 और डीएससी मार्ग से न्यू अशोक नगर, झुंडपुरा, एनआईबी, छिजारसी से जा सकेंगे।
- दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़ से मथुरा, आगरा, लखनऊ वाहन एनएच 9, 24 व एनएच.91 से जा सकेंगे।
- आगरा, मथुरा, लखनऊ से नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे होकर जाने वाले वाहन अलीगढ़ टप्पल से बुलंदशहर व मथुरा से दिल्ली होकर जाएंगे।
-ग्रेनो वेस्ट से दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़ जाने वाले वाहन किसान चौक से तिगरी, पर्थला से छिजारसी होकर जाएंगे।
-एक्सप्रेसवे से दिल्ली, गाजियाबाद जाने वाले गैर व्यवसायिक वाहन ग्रेनो वेस्ट मार्गों से किसान चौक होकर जा सकेंगे।
-फेस.2 से दिल्ली जाने वाले गैर व्यवसायिक वाहन डीएससी रोड से न्यू अशोक नगर, झुंडपुरा, सोरखा और पर्थला ओर जा सकेंगे।
- यात्री बस, डीटीसी अंतरराज्यीय और अंतर जनपदीय दिल्ली आश्रम की ओर से डीएनडी चिल्ला होकर सेक्टर.16 और 37 जाने वाली डीटीसी बस मयूर विहार कोंडली, झुंडपुरा होकर जाएंगी।
- सिटी सेंटर और सेक्टर.37 से परीचौक जाने वाली यात्री बस सेक्टर.44 गोलचक्कर से एल्डिको चौक डीपो गोलचक्कर के पास रामलीला पार्क में जा सकेंगी।
- आगरा की ओर जाने वाली बस यमुना एक्सप्रेस वे से जेवर कस्बा की ओर उतरकर सबौता अंडरपास से खुर्जा बाइपास से होकर जाएंगी।
- परी चौक से यमुना एक्सप्रेस से होकर मथुरा, आगरा, लखनऊ जाने वाली बस दनकौर बाइपास से रबूपुरा से सर्विस रोड होकर आगरा की चढ़ने वाले लूप से जाएंगी।

# मोदीनगर में चौकीदार को बंधक बनाकर लूट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।


**मुरादनगर** थाना के रावली सुराना मार्ग पर गांव काकड़ा पुल के पास कॉलोनी की साइट पर रात को बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर तमंचे के बल पर चौकीदार से दस हजार रुपए की नकदी, मोबाइल व बिजली के ट्रांसफार्मर से तांबा व अन्य सामान लूटकर ले गए। जाते समय बदमाश चौकीदार के हाथ पैर बांधकर दीवार किनारे फेंककर फरार हो गए। मोदीनगर के गांव सीकरी कलां निवासी अरुण शर्मा रावली सुराना मार्ग पर गांव काकड़ा पुल से आगे एक कॉलोनी काट रहे है। उन्होंने कॉलोनी की देखभाल के लिए दो चौकीदार रखे हुए है। सोमवार रात को गांव मिल्क रावली निवासी जुगल उर्फ जोगिन्दर डयूटी पर थे। सुबह जब दूसरा चौकीदार बह्म सिंह पहुंचे तो आफिस में कोई नहीं था। इसके बाद जब बह्म सिंह ने जुगल की तलाश शुरु की तो वह दीवार के पास पड़े हुए थे और उनके हाथ पैर बंधे हुए थे। इतना ही नहीं बेहोश की हालात में जुगल को स्थानीय डॉक्टर के पास पहुंचाकर इसकी सूचना अरुण शर्मा को दी गई।



होश आने पर चौकीदार जुगल उर्फ जोगिन्दर ने बताया कि रात एक बजे के आसपास पांच बदमाश दीवार फादकर कॉलोनी के अंदर आ गए। दो बदमाशों ने सबसे पहले मुझे अपने कब्जे में लिया। उन्होने तमंचे के बल पर मेरी जेब में रखे दस हजार रुपए की नकदी व मोबाइल लूट लिया। लूट का विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं मेरे कपडे उतारकर उनसे मेरे हाथ पैर बांध दिए और कोने में फेंका दिया। इसके बाद बदमाशों ने कॉलोनी में लगा बिजली के ट्रांसफार्मर से सामान निकाला। उन्होने बताया कि बदमाश सुबह एक बजे से चार बजे तक कॉलोनी के अंदर रहे। चौकीदार ने बताया कि रविवार को मुझे वेतन मिला था और उसे ही बदमाश लूटकर ले गए। एसीपी नरेश कुमार बिजली का ट्रांसफर्मर चोरी होने की सूचना मिली है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी को मौके पर भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द घटना का खुलासा हो जाएगा। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कैसे बढ़ेगी दुनिया? आज भी स्कूली शिक्षा से वंचित हैं करीब 25 करोड़ बच्चे

## स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या कम होने की जगह बढ़ रही है और यह आंकड़ा पिछले दो वर्षों में 60 लाख की बढ़ोतरी के साथ 25 करोड़ पर पहुंच गया है



**दुनिया** के 25 करोड़ बच्चे आज भी स्कूली शिक्षा से वंचित हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाले जरूर हैं लेकिन इनकी पुष्टि खुद संयुक्त राष्ट्र ने की है। इस बारे में संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन-यूनेस्को ने अपनी नई रिपोर्ट एसडीजी मिडटर्म प्रोग्रेस रिव्यु में जानकारी दी है कि 2021 से अब तक स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या कम होने की जगह बढ़ रही है और यह आंकड़ा पिछले दो वर्षों में 60 लाख की बढोतरी के साथ 25 करोड़ पर पहुंच गया है।

यूनेस्को द्वारा जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक, अगर देश एसडीजी-चार की प्राप्ति में, अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्रगति की सही राह पर होते, तो 60 लाख अधिक बच्चे प्री-प्राइमरी शिक्षा हासिल कर रहे होते। इसके अलावा करीब 5.8 करोड़ अधिक बच्चे व किशोर भी, स्कूली शिक्षा हासिल कर रहे होते। इतना ही नहीं लक्ष्यों की राह पर चलते हुए प्राइमरी स्कूलों के लिए करीब 17 लाख और अधिक अध्यापक अब तक प्रशिक्षित हो चुके होते। 2023 में यूनेस्को द्वारा जारी ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट से पता चला है कि 2015 के बाद से प्राथमिक शिक्षा पूरी करने वाले बच्चों की संख्या में केवल तीन फीसदी का इजाफा हुआ है, जिसके बाद यह आंकड़ा 87 फीसदी पर पहुंच गया है। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा पूरी करने वाले युवाओं के आंकड़े में केवल पांच फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके बाद यह आंकड़ा बढ़कर 58 फीसदी पर ही पहुंचा है।

वहीं वैश्विक स्तर पर, युवा साक्षरता दर में बमुश्किल से एक फीसदी से भी कम का सुधार हुआ है। वहीं हैरानी की बात है कि शिक्षा में वयस्कों की भागीदारी, चाहे औपचारिक हो या अनौपचारिक, 10 फीसदी कम हो गई है। इसके ले कहीं कहीं न कहीं कोविड-19 महामारी जिम्मेवार है।

### पटरी से उतरती गाड़ी

यह जो परिणाम सामने आए हैं वो एक गंभीर तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। गौरतलब है कि सतत विकास के चौथे लक्ष्य के तहत 2030 तक सभी के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन इस प्रगति को देखते हुए लगता है कि इसको लेकर किए जा रहे प्रयास काफी नहीं हैं। यूनेस्को के महानिदेशक ने सभी राष्ट्रों से त्वरित कार्रवाई का आह्वान करते हुए कहा है कि, लाखों बच्चों का भविष्य आपके हाथों में है।

गौरतलब है कि यह तब है जब एक वर्ष पहले, 141 देशों ने, यूएन ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट में, एसडीजी-चार के लक्ष्यों की दिशा में हो रही प्रगति को तेज करने का संकल्प लिया था।

इन हर पांच में से चार देशों ने शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुधार लाने की बात कही थी। वहीं 10 में से सात देशों ने शिक्षा पर अधिक निवेश करने या उसे बेहतर बनाने पर प्रतिबद्धता जताई थी। वहीं हर चार में से एक देश ने स्कूलों के लिए भोजन और वित्तीय सहायता बढ़ाने की बात कही थी। ऐसे में यूनेस्को महानिदेशक का कहना है कि, ये संकल्प अब कार्रवाइयों के रूप में नजर आने चाहिए। अब हमारे पास खोने के लिए बिल्कुल भी समय नहीं बचा है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि स्कूलों से बाहर रहने वाले बच्चों के आंकड़े में हुई इस बढ़ोत्तरी के लिए मुख्य रूप से अफगानिस्तान में महिलाओं व बच्चियों को शिक्षा से वंचित रखे जाने का बहुत बड़ा हाथ है। मगर इस बढ़ोत्तरी के लिए कहीं न कहीं दुनिया भर में शिक्षा की उपलब्धता में आया व्यापक ठहराव भी जिम्मेवार है।

रिपोर्ट के अनुसार एसडीजी चार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 2030 तक हर दो सेकेंड में एक नए बच्चे को स्कूल में दाखिला दिलाना जरूरी है। वहीं सभी देशों को 2030 तक हर प्री-प्राइमरी स्कूलों में हर साल 14 लाख बच्चों का नामांकन करना होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले भी यूनेस्को शिक्षा की दिशा हो रही प्रगति में आते ठहराव को लेकर चेता चुका है। इस बारे में जारी रिपोर्ट कैन कन्ट्रीज अफोर्ड देयर नेशनल एसडीजी 4 बेंचमार्क्स? में यूनेस्को ने कहा था कि यदि हर साल आठ लाख करोड़ रुपए (9,700 करोड़ डॉलर) की अतिरिक्त धनराशि न उपलब्ध कराई गई तो बहुत से देश, 2030 तक राष्ट्रीय शैक्षिक लक्ष्यों की हासिल करने में नाकाम हो जाएंगे।

रिपोर्ट में सब सहारा अफ्रीका की स्थिति का जिक्र करते हुए जानकारी दी है कि इस क्षेत्र में हालात इतने बुरे हैं कि बच्चों को स्कूल जाने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है। नतीजन प्राइमरी स्कूल की उम्र के करीब 20 फीसदी बच्चे और अपर सेकेंडरी स्कूल जाने योग्य आयु के करीब 60 फीसदी बच्चे स्कूलों से बाहर हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक सब सहारा अफ्रीका में अब भी 9.8 करोड़ बच्चे स्कूली शिक्षा से दूर हैं। यह वो क्षेत्र भी है जहां शिक्षा से दूर इन बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं इस मामले में मध्य और दक्षिण एशिया दूसरे स्थान पर हैं, जहां स्कूली शिक्षा से दूर बच्चों का आंकड़ा करीब साढ़े आठ करोड़ है।

साभार : डीटीआई

### मंजिल से दूर होते लक्ष्य

**इस** बारे में यूनेस्को की महानिदेशिका ऑड्रे अजूले का कहना है कि इन परिणामों को देखकर लगता है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक सबके लिए बेहतर शिक्षा का जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसे हासिल करने पर जोखिम गहराता जा रहा है। ऐसे में उनके अनुसार शिक्षा को अन्तरराष्ट्रीय एजेंडा में सबसे ऊपर रखने के लिए वैश्विक सक्रियता की जरूरत है।उनके मुताबिक शिक्षा आपातकाल की स्थिति में है। सभी को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों में तेजी के बावजूद, यूनेस्को के हालिया आंकड़े दर्शाते हैं कि पहले से कहीं ज्यादा बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। ऐसे में इन बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए देशों को शीघ्र कार्रवाई करने की आवश्यकता है। कहते हैं बच्चे भविष्य का आधार हैं, जिन पर हमारा कल निर्भर है। यही वजह है कि दुनिया भर में बच्चों की शिक्षा पर इतना महत्व दिया जाता है। इसके बावजूद दुनिया भर में शिक्षा के विकास के लिए दी जा रही मदद का केवल एक फीसदी से भी कम हिस्सा प्री-प्राइमरी एजुकेशन के लिए दिया जा रहा है।यदि इस लिहाज से देखें तो हर बच्चे की प्री-प्राइमरी एजुकेशन पर हर वर्ष करीब 25 रुपए की मदद दी जा रही है। ऐसे में दुनिया भर में प्री-प्राइमरी एजुकेशन की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा आप खुद ही लगा सकते हैं। यही वजह है कि गरीब और कमजोर तबके से संबंध रखने वाले करीब 80 फीसदी बच्चे आज भी प्री-प्राइमरी एजुकेशन से वंचित हैं।गौरतलब है कि झारखण्ड में शिक्षा की बदहाल स्थिति को लेकर हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसके मुताबिक झारखंड के एक तिहाई प्राथमिक स्कूल केवल एक ही टीचर के भरोसे चल रहे हैं। गौरतलब है कि इन स्कूलों में 90 फीसदी बच्चे दलित और आदिवासी परिवारों से आते हैं।ऐसे में पहले ही अनगिनत कठिनाइयों का सामना कर रहे इन बच्चों का भविष्य कैसा होगा, इसकी कल्पना भी विचलित कर देती है। स्कूलों पर किए सर्वेक्षण से पता चला है कि सर्वे में शामिल किसी भी स्कूल में शौचालय और बिजली, पानी की सुविधा नहीं थी। यदि कहीं शौचालय हैं भी तो वो जर्जर हालत में हैं, जिनका होना न होना बराबर है।



## 2015 से भू-क्षरण की भेंट चढ़ चुकी है मध्य एशिया के बराबर उपजाऊ जमीन

**मध्य** एशिया के आकार की जितनी जमीन जो कभी स्वास्थ्य और उत्पादक थी, वो 2015 के बाद से अपनी गुणवत्ता खो चुकी है। इसकी वजह से दुनिया भर में भोजन-पानी की समस्या पैदा हो गई है, जो सीधे तौर पर 130 करोड़ लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है।

यह जानकारी भूमि संरक्षण के लिए प्रयास कर रहे संयुक्त राष्ट्र के सबसे बड़े संगठन यूएन कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेजर्टिफिकेशन (यूएनसीसीडी) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों में सामने आई है।

यूएनसीसीडी की मानें तो 2015 से 2019 के बीच हर साल कम से कम 10 करोड़ हेक्टेयर स्वास्थ्य और उत्पादक जमीन खराब हो रही थी। कुल मिलकर देखें तो अब तक 42 करोड़ हेक्टयर जमीन बर्बाद हो चुकी है, जो क्षेत्रफल में पांच मध्य एशियाई देशों कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान के कुल आकार से थोड़ा अधिक है।

यूएनसीसीडी ने अपने बयान में कहा है कि यदि भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट का यह रुझान जारी रहता है तो इससे निपटने के लिए 2030 तक 150 करोड़ हेक्टेयर भूमि को बहाल करने की आवश्यकता होगी। इसका वैकल्पिक उपाय यह है कि और अधिक भूमि को खराब होने से रोका जाए, साथ ही 100 करोड़ हेक्टेयर जमीन को बहाल करने का जो संकल्प लिया गया है उसपर तेजी से काम किया जाए। इसकी मदद से नुकसान को रोकने का जो लक्ष्य रखा गया है उससे ज्यादा हासिल किया जा सकता है।

2017 में, हुए कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-13) के 13वें सत्र में यूएनसीसीडी ने भूमि संरक्षण के लिए 2018-2030 के रणनीतिक ढांचे को अपनाया था। साथ ही इस दौरान यूएनसीसीडी ने देशों को मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे से जुड़ी अपनी राष्ट्रीय नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं और प्रक्रियाओं में इस फ्रेमवर्क का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया था।

गौरतलब है कि इस साल के अंत में पार्टियां यह आंकलन करेंगी कि फ्रेमवर्क के लक्ष्यों को कितनी अच्छी तरह क्रियान्वित किया गया है। इसके लिए सभी पक्ष 13 से 17 नवंबर, 2023 के बीच उज्बेकिस्तान के समरकंद में कन्वेंशन के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए बनाई समिति (सीआरआईसी 21) के 21वें सत्र में एकजुट होंगी।

यह बैठक भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट के साथ-साथ सूखे से जुड़े नवीनतम वैश्विक रुझानों को भी उजागर करेगी। साथ ही इसकी भी समीक्षा करेगी कि देश भूमि की बहाली के मुद्दे पर कैसे प्रगति कर रहे हैं। यह पहला मौका है जब यूएनसीसीडी की बैठक मध्य एशिया में होगी। भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट एक तरफ जहां जलवायु में आते बदलावों और मौसमी घटनाओं में योगदान दे रहीं है वहीं दूसरी और इससे प्रभावित भी हो रही है। यह बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया पहले से कहीं ज्यादा चरम मौसमी घटनाओं का सामना कर रही है। यूरोप और उत्तरी अमेरिका में पड़ती भीषण गर्मी और जंगल में लगी आग, हॉर्न ऑफ अफ्रीका में बार-बार फेल होता मानसून, एशिया में आती विनाशकारी बाढ़, बारिश और चक्रवात कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं जिनमें लगातार वृद्धि हो रही है।

इस फ्रेमवर्क में पांच महत्वपूर्ण लक्ष्य शामिल हैं, जो 2018 से 2030 के बीच यूएनसीसीडी से जुड़े सभी लोगों का मार्गदर्शन करने के लिए हैं।

प्रभावित पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार करना, मरुस्थलीकरण/ भूमि क्षरण से निपटना, स्थाई भूमि प्रबंधन को बढ़ावा देना। भूमि क्षरण को रोकने में मदद करना।

### प्रभावित लोगों के जीवन को बेहतर बनाना

कमजोर आबादी और पारिस्थितिकी तंत्र को अधिक लचीला बनाने में मदद करने के लिए सूखे के प्रभावों से निपटना और प्रबंधित करना। यूएनसीसीडी के प्रभावी कार्यान्वयन से वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को लाभ पहुंचाना।वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत साझेदारियां बनाना, जिससे कन्वेंशन के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए पर्याप्त फण्ड और संसाधन इकट्ठा करना। ऐसे में यूएनसीसीडी के कार्यकारी सचिव इब्राहिम थियाव का कहना है कि, हमें तत्काल और अधिक भूमि को बर्बाद होने से रोकना होगा।

-साभार-डीटीई

## सुप्रीम कोर्ट ने कृष्णशिला कोयला डंपिंग मामले में कार्रवाई के दिए आदेश, लगाया दो करोड़ का जुर्माना

**सुप्रीम** कोर्ट ने 15 सितंबर, 2023 को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (बीना प्रोजेक्ट) और पूर्व मध्य रेलवे को कोयले के कथित खरीदार के बारे में एक हलफनामे के माध्यम से विवरण देने का निर्देश दिया है। इस खरीदारी ने कृष्णशिला में आवासीय क्षेत्र के आसपास कोयला डंप किया था। मामला उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में शक्तिनगर का है।



इसके साथ ही कोर्ट ने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स को क्षेत्र की उपग्रहों और हवाई तस्वीरों को भी कोर्ट से साझा करने को कहा है। इसके अलावा, अदालत ने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स (बीना प्रोजेक्ट) और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में की जा रही प्रदूषण की निगरानी से संबंधित आंकड़ों को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

इसके अतिरिक्त, पूर्व मध्य रेलवे से उन उपायों का भी जायजा मांगा है जो उन्होंने रेलवे पटरियों के आसपास कोयले के ढेर को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए लागू किए हैं जिससे क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता अच्छी बनी रहे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स को संबंधित अधिकारियों के पास दो करोड़ रुपए जमा करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि यदि नॉर्दर्न कोलफील्ड्स इस राशि का भुगतान करता है और अदालत के निर्देशों और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के फैसले का पालन करता है, तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के पिछले फैसले में जो नॉर्दर्न कोलफील्ड्स को 10 करोड़ रुपए का भुगतान करने को कहा गया था, उसपर रोक लगा दी जाएगी।

गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), चार अप्रैल, 2023 को दिए आदेश में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स को कृष्णशिला रेलवे साइडिंग और आवासीय क्षेत्र के आसपास कोयला डंप करने के लिए पर्यावरण सम्बन्धी नियमों का दोषी पाया था, और उसके लिए उसे 10 करोड़ रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया था। जानकारी मिली है कि यह कोयला अवैध रूप से लाया गया और इस क्षेत्र में बिना किसी अनुमति के डंप किया गया था।

### चरखी दादरी में वायु गुणवत्ता नियमों की अनदेखी करने पर 40 स्टोन क्रशर किए गए बंद

हरियाणा के चरखी दादरी जिले में 343 स्टोन क्रशिंग इकाइयां हैं। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने उनमें से दोषी इकाइयों के खिलाफ जुर्माना लगाने से लेकर पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के लिए बंद करने तक की करवाई की है। इनमें से 40 स्टोन क्रशर 1981 के वायु अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए और जिन्हें बाद में एसपीसीबी द्वारा बंद कर दिया गया है। वहीं 56 स्टोन क्रशिंग इकाइयों पर छह करोड़ का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया गया है। एसपीसीबी इनमें से 44 इकाइयों से करीब चार करोड़ रुपये इकट्ठा करने में कामयाब रहा है। यह जानकारी संयुक्त समिति ने 18 सितंबर 2023 को एनजीटी में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में दी है।

रिपोर्ट में यह भी जानकारी दी है कि जिले में 239 इकाइयां एसपीसीबी से संचालन की वैध सहमति लेकर काम कर रही थीं। इस क्षेत्र में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा कुल पांच वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएक्यूएमएस) स्थापित किए जाएंगे। एक बार जब जिले के सभी क्रशिंग क्षेत्रों से वायु गुणवत्ता के बारे में पर्याप्त आंकड़े और जानकारी होगी तो प्रत्येक क्लस्टर का संचालन इन वायु गुणवत्ता सम्बन्धी आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। साथ ही स्टेशनों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 27 सितंबर, 2021 की जारी रिपोर्ट और एनजीटी के 15 नवंबर, 2021 के आदेश पर एक संयुक्त समिति द्वारा दी गई।

साभार : डीटीआई

## तेजी से गर्म होती नदियों से ऑक्सीजन हो रही है गायब, जलीय जीवों के जीवन पर बढ़ा संकट

**पेन** स्टेट के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, नदियां गर्म हो रही हैं और महासागरों की तुलना में तेजी से ऑक्सीजन खो रही हैं। अध्ययन से पता चलता है कि लगभग 800 नदियों में से 87 फीसदी का तापमान बढ़ गया है और 70 फीसदी में ऑक्सीजन गायब हो गई है। नेचर क्लाइमेट चेंज पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यह भी अनुमान लगाया गया है कि, अगले 70 वर्षों के भीतर, नदी प्रणालियों में ऑक्सीजन के कम स्तर के कारण नदियों में मछली की कुछ प्रजातियों की तेजी से मौत हो सकती है। ऑक्सीजन की यह कमी जलीय विविधता को खतरे में डाल सकती हैं।

अध्ययनकर्ता ने कहा कि जलवायु में तेजी से होते बदलाव के कारण महासागरों में गर्मी और ऑक्सीजन की कमी हो गई है, लेकिन बहती, उथली नदियों में ऐसा होने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, यह नदियों में तापमान परिवर्तन और डीऑक्सीजनेशन दर पर व्यापक नजर डालने वाला पहला अध्ययन है। अध्ययनकर्ताओं ने जो देखा उसका दुनिया भर में पानी की गुणवत्ता और जलीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य पर भारी असर पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय शोध टीम ने अमेरिका और मध्य यूरोप की लगभग 800 नदियों से ऐतिहासिक रूप से कम जल गुणवत्ता के आंकड़ों का पुनर्निर्माण करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया।उन्होंने पाया कि महासागरों की तुलना में नदियां तेजी से गर्म हो रही हैं और ऑक्सीजन खो रही हैं, जिसका जलीय जीवन और मनुष्यों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय प्रशासन का अनुमान है कि अधिकांश अमेरिकी नदी या नाले के एक मील के भीतर रहते हैं।



अध्ययन के मुताबिक, अगले 70 वर्षों के भीतर कम ऑक्सीजन स्तर के कारण मछलियों की कुछ प्रजातियां पूरी तरह से मर सकती हैं और जलीय विविधता को भारी खतरा होगा

अध्ययन के हवाले से, पेन स्टेट में सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर और प्रमुख अध्ययनकर्ता वेई जी ने कहा कि, नदी के पानी का तापमान और घुलनशील ऑक्सीजन का स्तर पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के आवश्यक हिस्से हैं।

फिर भी उन्हें कमतर आंका जाता है क्योंकि विभिन्न नदियों को लेकर लगातार आंकड़ों की कमी और इसमें शामिल कई तरह की बदलने वाली चीजो के कारण उनकी मात्रा निर्धारित करना कठिन है जो प्रत्येक वाटरशेड में ऑक्सीजन के स्तर को बदल सकते हैं। उन्होंने बताया कि शोध टीम ने विभिन्न नदियों में व्यवस्थित तुलना को सक्षम बनाने के लिए आंकड़ों के पुनर्निर्माण के लिए नया दृष्टिकोण विकसित किया।

अध्ययनकर्ता ने कहा, यदि आप इसके बारे में सोचते हैं, तो पानी में जीवन तापमान और घुलनशील ऑक्सीजन पर निर्भर करता है, जो सभी जलीय जीवों के लिए जीवन रेखा है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि मैक्सिको की खाड़ी जैसे तटीय क्षेत्रों में अक्सर गर्मियों में मृत क्षेत्र होते हैं। इस अध्ययन से हमें पता चलता है कि यह नदियों में भी ऐसा हो सकता है, क्योंकि कुछ नदियां अब पहले की तरह जीवन को बनाए रखने में सफल नहीं होंगी।

उन्होंने बताया कि, नदियों में ऑक्सीजन की कमी या डीऑक्सीजनेशन से भी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है और जहरीली धातुएं निकलती हैं। विश्लेषण करने के लिए, शोधकर्ताओं ने अमेरिका की 580 नदियों और मध्य यूरोप की 216 नदियों के लिए वार्षिक वर्षा दर, मिट्टी के प्रकार से लेकर सूर्य के प्रकाश तक के आंकड़ों की एक विस्तृत श्रृंखला पर एक कंप्यूटर मॉडल को प्रशिक्षित किया। मॉडल में पाया गया कि पिछले चार दशकों में 87 फीसदी नदियां गर्म हो रही हैं और 70 फीसदी ऑक्सीजन खो रही हैं।अध्ययन से पता चला कि शहरी नदियों में सबसे तेजी से तापमान बढ़ रहा है, जबकि कृषि नदियों में सबसे धीमी गति से तापमान बढ़ रहा है, लेकिन तेजी से डीऑक्सीजनेशन हो रहा है।

उन्होंने भविष्य की दरों का पूर्वानुमान लगाने के लिए भी मॉडल का उपयोग किया और पाया कि जिन सभी नदियों का उन्होंने अध्ययन किया, उनमें भविष्य में ऑक्सीजन की कमी की दर ऐतिहासिक दरों की तुलना में 1.6 से 2.5 गुना अधिक थी। नदियों में ऑक्सीजन की कमी अप्रत्याशित है क्योंकि हम आमतौर पर मानते हैं कि नदियां झीलों और महासागरों जैसे बड़े जल निकायों में उतनी ऑक्सीजन नहीं खोती हैं, लेकिन हमने पाया कि नदियां तेजी से ऑक्सीजन खो रही हैं। यह वास्तव में चिंताजनक था, क्योंकि यदि ऑक्सीजन का स्तर काफी कम हो जाता है, तो यह जलीय जीवन के लिए खतरनाक हो जाता है।

साभार : डीटीआई

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज में रोहित, हार्दिक और विराट कोहली को आराम

### शुरुआती दो वनडे में राहुल कप्तानी करेंगे, अश्विन और सुंदर को मौका

एजेंसी। नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए सोमवार शाम टीम इंडिया का ऐलान किया गया। कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉफ्रेंस कर टीम घोषित की। शुरुआती दो वनडे में केएल राहुल कप्तानी करेंगे। वर्ल्ड कप टीम के पांच खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को आराम दिया गया है।

अक्षर इंजरी के कारण शुरुआती दो वनडे नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर दोनों को टीम में जगह दी गई है। तीसरे वनडे में सभी सीनियर खिलाड़ी वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच वर्ल्ड कप से पहले तीन वनडे की सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला 22 सितंबर को मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होगा। शुरुआती 2 वनडे के लिए टीम इंडिया में ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा,



रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को शामिल किया गया है। पांचों ही खिलाड़ी वर्ल्ड कप स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। अक्षर पटेल इंजर्ड हैं, इसलिए उनकी जगह अश्विन और सुंदर दोनों को मौका मिला है। तीसरे वनडे में रोहित, कोहली, हार्दिक, कुलदीप और अक्षर वापसी कर लेंगे। इस मैच के लिए अश्विन और सुंदर को भी जगह मिली है। चीफ सिलेक्टर अगरकर ने कहा, अक्षर अगर फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए तो उन्हें तीसरा वनडे नहीं खिलाया जाएगा। इसीलिए उनकी जगह सुंदर और अश्विन को भी रखा गया है। शुरुआती दो वनडे के लिए भारत ने 15 सदस्यीय स्क्वॉड घोषित किया है। जबकि तीसरे वनडे के लिए 17 प्लेयर्स के नाम घोषित हुए।

### राहुल सात मैचों में कप्तानी कर चुके

**केएल** राहुल को भारत के लिए सात वनडे मैचों में कप्तानी करने का अनुभव है। उन्होंने बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम की कप्तानी की है। इस दौरान चार में टीम को जीत और तीन में हार मिली।

### ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए टीम इंडिया

**शुरुआती** दो वनडे के लिए टीम केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा (उप कप्तान), शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर।

# वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया पर 3-0 की जीत से की शुरुआत

एजेंसी। हांगझोउ (चीन)



**भारतीय** पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के अपने शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए कंबोडिया को 3-0 से हरा दिया। भारत ने पूल सी के मैच में निचली रैंकिंग वाले कंबोडिया को 25-14, 25-13, 25-19 से आसानी से शिकस्त दी।

टीम को अब बुधवार को विश्व रैंकिंग 27वें स्थान पर काबिज दक्षिण कोरिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। हांगझोउ खेलों में पुरुष वॉलीबॉल में कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं। जापान, चीन और दक्षिण कोरिया को प्रतियोगिता की तीन सबसे मजबूत टीमें माना जाता है। वॉलीबॉल को सबसे पहले एशियाई खेलों में तोक्यो में 1958 में शामिल किया गया जिसमें भारत तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय पुरुष टीम ने इस खेल में अब तक तीन पदक जीते हैं। टीम 1962 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि 1986 में उसने कांस्य पदक जीता था।

### एशियाई खेलों के लिए पुरुष टीम रवाना

# भारतीय हॉकी टीम का मुख्य लक्ष्य है पदक हासिल करना

### टीम अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के साथ करेगी

एजेंसी। बेंगलुरु

**भारत** की पुरुष हॉकी टीम 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखने के उद्देश्य के साथ हांगझोउ के लिए रवाना हुई। भारत अपने अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगा।



भारत को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। हरमनप्रीत सिंह एक बार फिर से टीम की अगुवाई करेंगे जबकि हार्दिक सिंह उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे। हरमनप्रीत ने टीम की रवानगी से पहले कहा, टीम ने एशियाई खेलों के लिए कड़ी मेहनत की है तथा हमने हाल में चेन्नई में समाप्त हुई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। हमारा लक्ष्य प्रदर्शन के इस स्तर को बरकरार रखना है। उन्होंने कहा, हमें अपने पूल में कुछ कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा लेकिन हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और हमें उम्मीद है कि हम पोडियम तक पहुंचने में सफल रहेंगे। टीम में गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कृष्ण पाठक शामिल हैं।



वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह और संजय रक्षा पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे। मध्य पंक्ति में नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित और शमशेर सिंह जबकि अग्रिम पंक्ति में अभिषेक, गुरजंत सिंह, मंदीप सिंह, सुखजीत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय शामिल हैं।

### उपकप्तान बोले, चीन से पदक के साथ लौटना है

**उपकप्तान** हार्दिक ने कहा, हमने टूर्नामेंट से पहले कुछ कड़े अभ्यास सत्रों में हिस्सा लिया और सभी ने एक लक्ष्य के साथ तैयारियां की। हम मानसिक और शारीरिक तौर पर सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। हमारा लक्ष्य हाल के महीनों के अपने अच्छे प्रदर्शन को बरकरार रखना और चीन से पदक के साथ लौटना है। उज्बेकिस्तान के साथ शुरुआती मुकाबले के बाद भारत 26 सितंबर को सिंगापुर, 28 सितंबर को जापान और 30 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। वह ग्रुप चरण का अपना आखिरी मैच दो अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

## हम विश्व चैम्पियन है एशियाई खेलों में भी जीत के दावेदार: सेन

**नई दिल्ली।** युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कहा कि थॉमस कप चैम्पियन भारतीय टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक की दावेदार होगी।

सेन 2021 में विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता है। वह पिछले साल मई में भारत की थॉमस कप जीत में अहम भूमिका निभाने वालों में से एक थे। उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों में भारत स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार होगा। सेन ने कहा, निश्चित रूप से हम जीत के दावेदार हैं। टीम वास्तव में दमदार दिख रही है। उन्होंने कहा, यह वही टीम है जिसने थॉमस कप जीता था, इसलिए हम विश्व चैंपियन के रूप में जा रहे हैं। मुझे लगता है कि जो खिलाड़ी हमारे खिलाफ खेल रहे हैं वे जानते हैं कि भारत को हराना आसान नहीं है। हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं। सेन ने कहा कि एशियाई खेलों में चैंपियन बनने के लिए पूरी टीम को एकजुटता से प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारे अंदर आत्मविश्वास की कमी है। हमारे बीच यह एक दूसरे के प्रति सम्मान है और हम जानते हैं कि इसे कैसे निभाना है। प्रतियोगिता में सभी टीमें कठिन हैं और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।

# रियो आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारत को मिला दूसरा मेडल

### निश्चल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में सिल्वर जीता

एजेंसी। रियो

**रियो** में चल रहे आईसीसीएफ वर्ल्ड कप में निश्चल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में सिल्वर मेडल जीता। भारत का इस वर्ल्ड कप में दूसरा मेडल है। इससे पहले 10 मीटर राइफल में विमेंस में भारत को गोल्ड मिला था। निश्चल का यह सीनियर वर्ग में पहला वर्ल्ड कप है। निश्चल ने फाइनल में 458.0 स्कोर किया। पहले नंबर पर रही नॉर्वे की ऐस जीनत हेग डुएस्टेड ने 461.5 स्कोर के साथ गोल्ड जीता। जबकि डेनमार्क की स्टेफनी ग्रुंडसोई ने 447.6 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

नॉर्वे खिलाड़ी डुएस्टेड एयर राइफल यूरोपियन चैंपियन हैं। साथ ही वह 300 मीटर थ्री पोजीशन की भी वर्ल्ड चैम्पियन भी हैं। वे वर्ल्ड कप में 5 गोल्ड सहित 12 मेडल जीत चुकी हैं। टोक्यो ओलिंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थीं। क्वालिफिकेशन राउंड में निश्चल ने 592 अंक के साथ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुईं। जबकि अन्य भारतीय शूटर अंजुम और आयुषी फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। अंजुम 586 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में 10वें स्थान पर रहीं और आयुषी 580 अंकों के साथ 35वें स्थान पर।



### अब जानते हैं फाइनल राउंड में निश्चल का प्रदर्शन कैसा रहा

**फाइनल** राउंड में निश्चल और डुएस्टेड आमने-सामने रहीं। 45 शॉट के फाइनल में कभी डुएस्टेड तो कभी निश्चल पहले स्थान पर रहीं। पहले घुटने पर बैठ कर निशाना साधने में 15 शॉट के बाद निश्चल 0.1 से डुएस्टेड से पीछे रहीं। उसके बाद जमीन पर लेट कर निशाना साधने में 15 शॉट के बाद भी वह दूसरे स्थान पर रहीं। सीधा खड़ा होकर निशाना साधने में उतार-चढ़ाव रहा। दोनों का एक एक शॉट को अमान्य घोषित किया गया। नॉर्वे शूटर की 41वें शॉट को और निश्चल के 42वें शॉट को रद्द कर दिया गया। इस स्कोर को उनके फाइनल में नहीं जोड़ा गया। आखिरी शॉट में निश्चल ने 7.9 का स्कोर किया, जबकि डुएस्टेड ने 10.2 स्कोर के साथ गोल्ड जीतने में सफल रहीं।

# भारत में मोटो जीपी रेस के लिए अब भी वीजा का इंतजार

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

**भारत** में होने वाली पहली मोटो जीपी में हिस्सा लेने वाले कुछ राइडर और टीम अधिकारियों को इस सप्ताहांत होने वाली रेस के लिए अब भी वीजा का इंतजार है जिसमें छह बार के चैंपियन मार्क मारक्वेज भी शामिल हैं।

रेपसोल होंडा टीम से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की है कि उनके राइडर मारक्वेज और जोआन मीर के भारत आने में वीजा मुद्दों के कारण विलंब हो रहा है। स्पेन के इन दोनों राइडर को बुधवार को मानेसर में होंडा इंडिया फेक्टरी का दौरा करना था लेकिन अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है। एक सूत्र ने बताया, वीजा मुद्दों के कारण राइडर अब तक भारत नहीं पहुंचे हैं। इसलिए कल के कार्यक्रम को रद्द करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। डोर्ना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजक और अधिकार धारक हैं। फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के स्थानीय प्रमोटर हैं। मोटो जीपी टीमों के सामने आ रही वीजा समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के लिए हालांकि इन दोनों से ही संपर्क नहीं हो पाया है। रेस.कॉम के अनुसार वीजा में विलंब के कारण टीमों से जुड़े बेहद कम कर्मचारी भारत पहुंच पाए हैं। फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री के बंद होने के बाद भारत पहली बार मोटरस्पोर्ट में इस स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। वित्तीय, कर और नौकरशाही से जुड़े मुद्दों के कारण 2013 सत्र के बाद फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री को कैलेंडर से हटा दिया गया था।



### विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटने के लिए

# आयरलैंड के खिलाफ पहले वनडे में खेलेंगे जो रूट

एजेंसी। लीड्स

**भारत** में अगले महीने से शुरू होने वाले वनडे विश्वकप से पूर्व फॉर्म में लौटने की कवायद मे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलेंगे।

इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ जॉक क्राउली की अगुवाई में पहले जिस 13 सदस्यीय टीम का चयन किया था उसमें विश्व कप के लिए चुनी गई टीम का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं था, लेकिन रूट ने पहले वनडे में खेलने की इच्छा जताई जिसके बाद उन्हें हैरी ब्रुक की जगह टीम में शामिल किया गया। ब्रूक पहले विश्वकप की संभावित टीम में नहीं थे लेकिन रविवार को उन्हें जैसन राय की जगह मुख्य टीम में शामिल कर दिया गया। इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा कि रूट ने आयरलैंड के खिलाफ पहले वनडे में खेलने की इच्छा जताई थी।



राइट ने कहा, वह क्रीज पर कुछ और समय बिताना चाहते हैं और यह अच्छी बात है कि कोई खिलाड़ी अपनी तरफ से अधिक से अधिक योगदान देने की इच्छा रखता है। जब हम सोच रहे थे कि उन्हें थोड़ा विश्राम की जरूरत है तब वह एक और मैच में खेलने की इच्छा रखते हैं।

### त्वेसा ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर में छह शॉट की बढ़त बनाई

**गुरुग्राम।** त्वेसा मलिक ने मंगलवार को यहां पहले दौर में बोगी रहित सात अंडर 65 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में छह शॉट की बढ़त बना ली।

त्वेसा ने सात बर्डी लगाई जिसमें से चार उन्होंने अंतिम चार होल में की। पिछले हफ्ते की विजेता नेहा त्रिपाठी और अनन्या दतार 71 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रही हैं। जैस्मिन शेखर (72) चौथे स्थान पर चल रही हैं जबकि अग्रिमा मनराल और अनीषा अग्रवाल एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

### एशियन गेम्स 2023 विमेंस क्रिकेट

# मंगोलियाई टीम 15 रन पर ऑलआउट हुई, इंडोनेशिया ने 172 रन से हराया

एजेंसी। हांगझोउ

**एशियन** गेम्स के विमेंस क्रिकेट कॉम्पिटिशन के पहले मैच में आज इंडोनेशिया ने मंगोलिया को 172 रन से हरा दिया। मंगोलियाई टीम महज 15 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। विमेंस क्रिकेट टी-20 फॉर्मेट में ये 8वां सबसे छोटा स्कोर है। सबसे छोटा स्कोर छह रन का है, जो मालदीव ने बांग्लादेश के खिलाफ साल 2019 में बनाया था।

झीजांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग के क्रिकेट मैदान पर खेले गए इस मैच में मंगोलिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। इंडोनेशिया ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में मंगोलियाई टीम 10 ओवर में 15 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।



चीन के हांगझोउ शहर में इस साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक एशियन गेम्स होंगे। चार साल में एक बार होने वाले एशियन गेम्स में इस बार फिर क्रिकेट को शामिल किया गया है। विमेंस कैटेगरी के मैच आज से शुरू हो चुके हैं। सभी मुकाबले टी-20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे।

टीम इंडिया 21 सितंबर को सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेगी, जबकि मेंस इवेंट के क्वार्टरफाइनल अक्टूबर में शुरू होंगे।

## युवा गोल्फर अवनि प्रशांत को एशियाई खेलों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की गोल्फ खिलाड़ी अवनि प्रशांत की नजरें इन खेलों के स्वर्ण पदक पर है। इस 16 साल की खिलाड़ी का मानना है कि उनके पास बड़े खिलाड़ियों को पछाड़ने का कौशल है।

अवनि ने इस साल अप्रैल में भारतीय गोल्फ संघ के एशियाई खेल चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहने के बाद भारतीय महिला टीम में जगह बनाई। अवनि ने यहां ट्रॅनिटी गोल्फ चैंपियंस लीग के उद्घाटन सत्र के शुभारंभ के मौके पर कहा, मैं स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं लेकिन जितना संभव हो सके मैं इसे अपने दिमाग से दूर रखना चाहती हूं। उन्होंने कहा, अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ गोल्फ खेलने में सफल रही तो मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को मात दे सकती हूं।

# चेन्नईयिन एफसी ने सर्बिया के लजार सर्कोविच के साथ अनुबंध किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के आगामी सत्र से पहले अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करने के लिए सर्बिया के डिफेंडर लजार सर्कोविच के साथ अनुबंध किया है। लजार सर्कोविच आईएसएल के आगामी सत्र के लिए इस क्लब से जुड़ने वाले पांचवें विदेशी खिलाड़ी हैं। चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने उम्मीद जताई कि सर्कोविच के टीम से जुड़ने से उनकी रक्षा पंक्ति को मजबूती मिलेगी। उन्होंने क्लब की यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हम सर्कोविच को क्लब से जोड़कर बेहद खुश हैं। हम पिछले कुछ समय से उन्हें अनुबंधित करने का प्रयास कर रहे थे। क्लब ने उनमें काफी दिलचस्पी दिखाई थी क्योंकि वह शीर्ष स्तर पर खेलते रहे हैं। उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। उनका क्लब से जुड़ना काफी मायने रखता है। सर्कोविच इससे पहले हंगरी के क्लब बुडापेस्ट होनवेड एफसी की तरफ से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर में अधिकतर मैच सर्बिया के फर्स्ट डिवीजन में खेले हैं। उन्होंने इस लीग में विभिन्न क्लब की तरफ से 146 मैच खेले हैं।



# ससेक्स के कप्तान चेतेश्वर पुजारा एक मैच के लिए सस्पेंड

### खिलाड़ियों के बुरे व्यवहार के कारण क्लब पर 12 पॉइंट्स की पेनल्टी भी लगी

एजेंसी। नई दिल्ली

**ससेक्स** क्रिकेट क्लब पर मौजूदा काउंटी चैम्पियनशिप में 12 पॉइंट्स की पेनल्टी लगी है जिसके कारण उसके कप्तान चेतेश्वर पुजारा को एक मैच के लिए सस्पेंड कर दिया गया है।

टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज पुजारा इस समय इंग्लैंड में काउंटी चैम्पियनशिप में खेल रहे हैं और ससेक्स टीम की कप्तानी कर रहे हैं। ससेक्स ने इस साल अप्रैल में पुजारा को कप्तान बनाने का ऐलान किया था। ससेक्स पर ये 12 पॉइंट्स की पेनल्टी खिलाड़ियों के बुरे व्यवहार के कारण लगी है और पुजारा को टीम का कप्तान होने के नाते एक मैच का बैन झेलना पड़ रहा है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस बात की जानकारी दी।

इंश्योरेंस काउंटी चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों के व्यवहार के लिए ईसीबी ने सख्त नियम बनाए हैं। ससेक्स पर इस सीजन चार बार फिक्स्ड पेनल्टी लगी है। ईसीबी के नियमों के अनुसार जब ऐसा होता है तो कप्तान को बैन किया जाता है। ससेक्स ने इसे चुनौती दिए बिना सजा स्वीकार कर ली है। ईसीबी ने अपने बयान में लिखा है कि 13 सितंबर को लीसेस्टशर के खिलाफ दो ऐडिशनल फिक्स्ड पेनल्टी के कारण ससेक्स को ये सजा दी गई है। श्वष्टक्क ने यह भी बताया है कि इस मैच से पहले उसके खाते में दो फिक्स्ड पेनल्टी पहले से ही थीं।

पिछले मैच में लीसेस्टशर के खिलाफ तीन खिलाड़ी टॉम हेन्स, जैक कार्सन और एरी कारवेलस के बुरे व्यवहार के लिए टीम को ये सजा मिली है। इसके कारण टीम को 1 ही सीजन में 4 पेनल्टी मिली थी। टीम के 12 अंक भी काट दिए गए और कप्तान पुजारा को एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया। टॉम और जैक को आज से डर्बीशायर के खिलाफ खेले जाने वाले मैच में टीम में जगह नहीं मिलेगी। इसकी जानकारी टीम के हेड कोच पॉल फारब्रेस ने दी है।



# एशियाई खेले फुटबॉल: चीन ने भारत को 5-1 से हराया

**हांगझोउ।** भारतीय फुटबॉल टीम को मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के अपने पहले ग्रुप मैच में मेजबान चीन के खिलाफ।-5 की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

चीन के लिए ताओ कियांगलोंग (72वें और 75वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि गियाओ तियानई (17वें मिनट), डेई वेइजुन (51वें मिनट) और हाओ फेंग (90 प्लस दो मिनट) ने एक-एक गोल किया। थकी हुई और तैयारी के बिना उतरी भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल राहुल केपी (45 प्लस एक मिनट) ने किया जो संभवत: मैच का सर्वश्रेष्ठ गोल रहा। भारत की तीसरी दर्जे की टीम ने हालांकि शुरुआती 45 मिनट में खिताब के दावेदार चीन को कड़ी टक्कर दी। भारतीय गोलकीपर गुरमीत सिंह चहल ने इस दौरान काबिलेतारीफ प्रदर्शन करते हुए विरोधी कप्तान झू चेनजी की पेनल्टी किक को भी रोका।

दूसरे दौर में जगह बनाने के लिए भारत को अब अपने बाकी बचे दो मैचों में बांग्लादेश और म्यांमार को हराना होगा। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में म्यांमार ने बांग्लादेश को 4-2 से हराया। भारतीय टीम सोमवार देर शाम खेल गांव पहुंची थी।